संसेक्स 72,304.88 ▲ -790.34
डॉलर 82.896 ▼ +0.015

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 14.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 15.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 28.0 |
| पलामू | 31.0 | 14.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 29 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 133, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय संदेशखाली की टीस और टीएमसी की ... 10
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
बॉयकॉट के बाद विवेक ओबेरॉय को अक्षय ... 16 देश/विदेश

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 62,350
चांदी (किलो) 69,300

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक गुरुवार को रांची स्थित मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 29 फरवरी को अपराह्न चार बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, होगी। यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### समन की अवहेलना मामले में हेमंत के खिलाफ ईडी की याचिका पर फैसला 4 को



**रांची।** समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज मामले में सीजेएम के के मिश्रा की कोर्ट में बुधवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में अदालत चार मार्च को फैसला सुनायेगी। इस मामले में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8 वां समन एवं 31 जनवरी को दसवां समन में उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

### 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं

# हमारे युवा देश के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन : राष्ट्रपति

**तीन छात्रों को चांसलर मेडल, 58 को गोल्ड मेडल और 29 को पीएचडी की डिग्री मिली**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) के विद्यार्थियों से देश की समृद्धि और विकास में अहम योगदान देने की अपील की। यूनिवर्सिटी के चेरी मनातू (रांची) स्थित परिसर में बुधवार को आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवा इस देश के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। आबादी में 55 प्रतिशत से अधिक युवा वर्ग के ही हैं। वर्ष 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। मुर्मू ने कहा कि 2047 तक शिक्षित और समृद्ध भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अनुकूल परिस्थितियों को बनाना होगा। ऐसे में यहां के जिन युवाओं को पढ़ाई के बाद मेडल मिला है, वे अपने लिए अच्छा जीवन का निर्माण ही नहीं, देश और समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विश्व गुरु बनने के सपने को पूरा करने और आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ देने के लिए यह जरूरी है कि युवा जिस क्षेत्र में कार्यरत हों, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करें। राष्ट्रपति ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की पुण्य भूमि पर स्थित झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आकर मुझे विशेष हर्ष का अनुभव हो रहा है। मैं आज उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देती हूं। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मैं विशेष बधाई देती हूं। मैं सभी विद्यार्थियों के माता-पिता, अभिभावकों और प्राध्यापकों को भी बधाई देती हूं, जिन्होंने विद्यार्थियों की यात्रा के हर पड़ाव पर उनका साथ दिया है और मार्गदर्शन किया है। मुर्मू ने कहा कि सीयूजे कैंपस के पास से ही स्वर्णरेखा नदी बहती है। ऐसा कहा जाता है कि स्वर्णरेखा नदी का जल सेवन मात्र से ही मनुष्य को ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। ऐसी भूमि और नदी के सान्निध्य में शिक्षा प्राप्त करना आपके लिए सौभाग्य की बात है। आपके विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य है ज्ञानात् बुद्धि कौशलम। इसका अर्थ है, ज्ञान से ही बुद्धि और कौशल का विकास होता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी विद्यार्थी इस संस्थान से मिले ज्ञान का सार्थक उपयोग करेंगे। अब आप सब को जीवन की जटिल परिस्थितियों का सामना करना होगा और अपने ज्ञान से इसका हल प्राप्त करना होगा।



## राज्य सरकार 139 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण करके सीयूजे को देगी : मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में आप सभी के मध्य उपस्थित होना मेरे लिए विशेष गौरव का क्षण है। सर्वप्रथम मैं पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त कर उपाधि पा रहे कुल 800 स्नातकों, परास्नातकों और शोधार्थियों को बधाई देता हूं। साथ ही चांसलर मेडल, गोल्ड मेडल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों को विशेष बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री बुधवार को झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी, चेरी, मनातू स्थित ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत 01 मार्च, 2009 को अस्तित्व में आया झारखंड का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंडवासियों के लिए गौरव की बात है। मुझे यह ज्ञात है कि विश्वविद्यालय वर्तमान में दो परिसरों में परिचालित हो रहा है। अस्थायी परिसर ब्राम्बे, रांची और स्थायी परिसर चेरी-मनातू गांव में स्थित है। चम्पाई ने कहा कि स्थायी परिसर के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में 319 एकड़ गैरमजरुआ भूमि हस्तांतरित की गयी थी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने 139 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण करके केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड को देने का निर्णय लिया है। इसमें से 15 एकड़ के अधिग्रहण के लिए लगभग 100 करोड़ की राशि का आवंटन किया जा चुका है। मुझे बताया गया है कि कुछ भूमि के अधिग्रहण में कतिपय समस्याएं हो रही हैं, इन्हें राज्य सरकार के द्वारा शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण किया जा चुका है। इस परिसर के लिए जलापूर्ति की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य भी राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। स्थायी परिसर में शैक्षणिक भवन एवं अन्य आंतरिक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। झारखंड सरकार स्थायी परिसर के निमार्णाधीन विकास कार्य में अपनी भूमिका निभाने के लिए कृतसंकल्प एवं समर्पित है। राज्य सरकार विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा इसके लिए मैं आपको आश्वस्त करता हूं। चम्पाई ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपके शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आपके द्वारा अर्जित की गयी शिक्षा के उपरांत प्राप्त होने वाली यह उपाधि आपके कठोर परिश्रम और गहन समर्पण का परिणाम है। आप सबके लिए यह अवसर जितना महत्वपूर्ण है उतना ही आपके शिक्षकों, मार्गदर्शकों और अभिभावकों के लिए भी यह गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा चुकी है तथा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अपनाया गया है। बहु-विषयक एवं ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर



### राजद ने तेज की तैयारी, हाईकमान के रुख पर निर्भर कांग्रेस

## पलामू लोस सीट पर आईएनडीआईए गठबंधन में असमंजस

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** झारखंड की राजनीतिक राजधानी पलामू लोक सभा सीट को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन में असमंजस की स्थिति व्याप्त है। गठबंधन के प्रमुख घटक राजद ने जहां लोस चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। वहीं कांग्रेस का क्षेत्रीय नेतृत्व पूरी तरह हाईकमान के रूख पर निर्भर है। राजनीतिक रूप से समृद्ध पलामू कभी कांग्रेस का अभेद किला रहा। इस सीट पर सर्वाधिक चार बार जीत का रिकार्ड भी कांग्रेस की कमला कुमारी के ही नाम दर्ज है, किंतु 1989 में राजद के जोरावर राम कांग्रेस की कमला कुमारी को ही शिकस्त देकर लोकतंत्र के सर्वोच्च पंचायत में पहुंचे। उसके बाद से कांग्रेस पलामू सीट पर कभी वापसी नहीं कर पायी। यहां तक उतरोत्तर कांग्रेस का ग्राफ भी गिरता चला गया। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पलामू से अपना उम्मीदवार भी नहीं उतारा और अपने कोटे से यह सीट राजद को दे दी थी। तब राजद से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे पूर्व सांसद घूरन राम पिछले दिनों भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इस बार कांग्रेस, राजद व झामुमो तीनों आईएनडीआईए गठबंधन का हिस्सा है। झामुमो ने तो पलामू सीट से दावेदारी भी नहीं की है। ऐसे में गठबंधन के दो दावेदारों में आरजेडी का दावा मजबूत नजर आ रहा है। हालांकि स्थानीय स्तर पर कांग्रेस भी केंद्र सरकार के विरूद्ध लगातार मुखर रही है, किंतु अंतिम रूप से शीर्ष नेतृत्व को ही निर्णय लेना है।

**वर्जन...**



निश्चित रूप से राजद पलामू लोस सीट पर चुनाव लड़ेगी। शीर्ष नेतृत्व ने भी हरी झंडी दे दी है। जिले की पांच विधान सभाओं में हमारा कैडर मजबूत है। कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट गये हैं। तीन मार्च को बिहार की राजधानी पटना में आयोजित कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की जन विश्वास रैली के दौरान इस पर अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा।

**मोहन विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष राजद।**

### झारखंड के जामताड़ा में ट्रेन से कटकर 12 लोगों की मौत

**जामताड़ा।** राज्य के जामताड़ा जिले के जामताड़ा-करमाटांड़ के कलझारिया के पास बुधवार देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर यात्री ट्रेन से कूद गये। इसी बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई। इस हादसे में अबतक कुल 12 लोगों की मौत हुई है जबकि कुछ लोग घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर रेलवे प्रशासन, रेल पुलिस और स्थानीय प्रशासन पहुंच चुका है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने की तैयारी चल रही है। अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर ट्रेन को रोक दी गई। इस बीच आग लगने की सूचना से डरे-सहमे यात्री ट्रेन से कूद गये। इस दौरान सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई।

### शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 6.30 के बदले 6.65 रुपये देना पड़ेगा

## बिजली 7.6 फीसदी हुई महंगी
## रेगुलेटरी कमीशन ने नई दरें की घोषित

**ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट होगी**

**जेबीवीएनएल ने टैरिफ में 39.71 फीसदी इजाफा करने का प्रस्ताव दिया था**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की नई दरें घोषित कर दी हैं। इसके तहत 7.66 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी गयी है। नयी दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके तहत शहरी घरेलू बिजली दर 6. 65 प्रति यूनिट, ग्रामीण घरेलू 6. 30 रुपये प्रति यूनिट, घरेलू एचटी 6.25 रुपये प्रति यूनिट की गयी है। व्यावसायिक ग्रामीण 6.10 और व्यावसायिक शहरी के लिए 6.65 रुपये प्रति यूनिट दर रखी गयी है। फिक्सड चार्जेस में कुछ श्रेणी में वृद्धि की गयी है। घरेलू ग्रामीण के लिए 75 रुपये, घरेलू शहरी के लिए 100 रुपये, घरेलू एचटी के लिए 150 रुपये, व्यावसायिक ग्रामीण के लिए 120, व्यावसायिक शहरी के लिए 120 रुपये रखा गया है। वर्तमान शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है। इन उपभोक्ताओं से 100 रुपये फिक्स चार्ज लिया जाता है। घरेलू एचटी उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट 6.15 रुपये प्रति यूनिट और फिक्स चार्ज 150 रुपये लिया जाता है। कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ता के लिए 5.80 रुपये और 100 रुपये फिक्स चार्ज है।

इसके पहले नियामक आयोग ने एक जून, 2023 को नयी बिजली दरें घोषित की थीं। इस दौरान नियामक आयोग ने पांच पैसे से लेकर 15 पैसे तक की वृद्धि बिजली दरों में की थी। इसके पहले साल 2020 में बिजली दरें घोषित की गयी थीं। ऐसे में साल 2021 से 2023 तक राज्य में बिजली दरों का निर्धारण आयोग में महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने के कारण नहीं किया गया था।

झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से नियामक आयोग को सौंपे गये प्रस्ताव के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव में फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी की भी बात कही गयी थी। 400 यूनिट तक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव था। नयी दरें घोषित होने के साथ ही बिजली की कई ऐसी सुविधाएं है जिनमें कुछ बदलाव किया गया है। कुछ सुविधाओं के पूर्ववत रखा गया है। बिजली दरों में वृद्धि होने से अलग-अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं पर ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**रांची।** झारखंड सरकार ने 46 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। ग्रामीण विकास विभाग ने तबादले एवं पदस्थापन को लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार, वैसे प्रखंड में जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं है। वहां अंचलाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी की शक्ति प्रदान की गई है। साथ ही स्थानांतरण- पदस्थापन आदेश को नव प्रतिस्थापित स्थान पर प्रभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही उपायुक्त को विरमित करने का निर्देश दिया गया है। वैसे प्रखंड विकास पदाधिकारी जिनका किसी प्रखंड में पदस्थापन नहीं हुआ है, वह ग्रामीण विकास विभाग में योगदान करेंगे।

### विधायक आलोक की पहल पर पर्यटन विभाग ने लिया संज्ञान

## मलय डैम पर्यटक स्थल अधिसूचित

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** मेदिनीनगर-भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा सभा में सतबरवा के मुरमा-मलय डैम को पर्यटक क्षेत्र बनाने की मांग उठाई। पर्यटक, कला, सांस्कृतिक ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इस बाबत मलय डैम में सुलभ व्यवस्था के लिए पत्रांक 267 दिनांक 21 फरवरी 2024 के माध्यम से उपायुक्त पलामू को इससे संबंधित प्रस्ताव व प्राक्कलन प्राप्त करते हुए विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। विभाग ने विधायक के सवाल के जबाब में बताया है कि पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में मुरमा-मलय डैम को सी श्रेणी का पर्यटक स्थल अधिसूचित किया ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

## इंडिया
# जिसने जीवन में न धोखा खाया वह कभी सफल न हुआ



सुनील बादल

**किसी** ने कहा है जो इंसान अपनी जबान और ईमान दोनों बेच देते हैं,अक्सर वही लोग धोखा देते हैं और इल्जाम मजबूरी पर लगा देते हैं . . !! सबसे सफल राजनीतिक आदि गुरु चाणक्य ने एक बार कहा था कि जब कोई आपको धोखा दे तो आप शांत रहिए। जिन्हें हम जवाब नहीं देते हैं उन्हें समय अपने आप जवाब देता है, और अगर आप आपका भाग्य अच्छा हुआ तो समय द्वारा दिए गए कठोर जवाब के आप खुद साक्षी भी बनेंगे। आचार्य चाणक्य की नीतियां और विचार भले ही थोड़े कठोर लगे लेकिन ये कठोरता ही जीवन की सच्चाई है। हम लोग भागदौड़ भरी जिंदगी में इन विचारों को भले ही नजरअंदाज कर दें लेकिन ये वचन जीवन की हर कसौटी पर हमारी मदद करते हैं। धोखा देने वाले को तो उस समय ऐसा लगता है कि उसने सारा जग जीत लिया। वहीं जिसे आपने धोखा दिया है वो तकलीफों के ऐसे भंवर जाल में फंस जाता है कि उसका खुद को संभालना मुश्किल होता है। असल जिंदगी में मनुष्य को इस प्रवृत्ति वाले कई तरह के लोग मिल जाएंगे।खास बात है कि धोखा ज्यादातर वही लोग देते हैं जो हमारे दिल के बहुत करीब होते हैं। उनसे इस बात की उम्मीद नहीं होती है कि जिंदगी में ये आपका साथ छोड़ेंगे। हालांकि होता इसका उल्टा है। ऐसे लोग आस्तीन का सांप जैसे होते हैं। यानी साथ रहेंगे तो हमारे सच्चे दोस्त बनकर लेकिन मौका पाते ही ऐसा धोखा देंगे कि खुद को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा। कई बार धोखा खाए हुए व्यक्ति को खुद को संभालना इतना मुश्किल हो जाता है कि उसे एक लंबा समय लग जाता है। तब हमारी मनोदशा ऐसी होती है कि हम अपने आपे में नहीं होते ।समय के साथ सारे घाव भर जाते हैं। आचार्य का कहना है कि धोखा देने वाले व्यक्ति को उसकी करनी की फल जरूर मिलता है। ये फल उसे समय देता है। समय की मार उस व्यक्ति पर ऐसी पड़ती है कि वो कहीं का नहीं रहता। धोखा-इन दो अक्षरों में भी न जाने कितनी शक्ति है कि इनकी लपेट से बचना यदि निरा असंभव न हो, तो भी कठिन तो अवश्य है। जब भगवान रामचंद्र ने मारीच राक्षस को सुवर्णमृग समझ लिया था, तो हमारा आपका क्या सामर्थ्य है, जो धोखा न खाएं। इस रीति से यदि हम कहें कि ईश्वर भी धोखे से अलग नहीं है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि ऐसी दशा में यदि वह धोखा खाता नहीं, तो धोखे से काम अवश्य लेता है, जिसे दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि माया का प्रपंच फैलाता है।गंभीरता से विचार करके देखिए, तो धन-जन और पद पर किसी के पास हमेशा के लिए नहीं होता कई बार क्षण भर के बाद क्या होने वाला है हम नहीं जानते ? आखिर एक दिन मरना है, पर यदि हम ऐसा समझकर सबसे संबंध तोड़ दें, तो सारी पूंजी गंवाकर निरे मूर्ख कहलाएंगे।जब तक घड़ी के सब पुर्जे दुरुस्त हैं, और ठीक-ठीक लगे हुए हैं, तभी तक उसमें खट-खट, टन-टन की आवाज आ रही है, जहां उसके पुर्जों का लगाव बिगड़ा, वहीं न उसकी गति है, न शब्द है। ऐसे ही शरीर का क्रम जब तक ठीक-ठीक बना हुआ है, मुख से शब्द और मन से भाव तथा इंद्रियों से कर्म का प्राकट्य होता रहता है, जहां इसके क्रम में व्यतिक्रम हुआ, वहीं सब खेल बिगड़ गया, बस फिर कुछ नहीं, कैसा जीव! कैसी आत्मा! जब सब कुछ धोखा ही धोखा है, और धोखे से अलग रहना ईश्वर के भी सामर्थ्य से दूर है, तथा धोखे ही के कारण संसार का चरखा पिन्न-पिन्न चला जाता है, तो फिर इस शब्द का स्मरण या श्रवण करते ही आपकी नाक-भौंह क्यों सिकुड़ जाती हैं? इसके उत्तर में हम तो यही कहेंगे कि साधारणतः जो धोखा खाता है, वह अपना कुछ न कुछ गंवा बैठता है, और जो धोखा देता है, उसकी एक न एक दिन कलई खुले बिना नहीं रहती है, और हानि सहना व प्रतिष्ठा खोना, दोनों बातें बुरी हैं, जो बहुधा इसके संबंध में हो ही जाती हैं।साधारण श्रेणी के लोग धोखे को अच्छा नहीं समझते लेकिन उससे बच नहीं सकते, क्योंकि जैसे काजल की कोठरी में रहने वाला बेदाग नहीं रह सकता, वैसे ही चालाक लोगों की इस दुनिया मेन बचे रहना असंभव है। धोखे से ही हमें सीख मिलती है और इसीलिए कहा जाता है कि जिसने कभी धोखा न खाया वह कभी सीख न पाया । धोखे खाकर ही इंसान को अकल आती है मुझे अकलमंद बना दिया,अपनों का इतना तो फर्ज.बनता है . . !!



### दो एसएलआर रायफल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद

## टीएसपीसी मारक दस्ते के दो सदस्य गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली को बड़ा झटका देते हुए खूंखार नक्सली राजदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामचन्द्र उर्फ जेठा गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि पिछले कुछ महीनों से टीएसपीसी संगठन जिले के कोयलांचल क्षेत्र से लेकर चतरा के अन्य इलाकों में हिंसा कर रहा था और लेवी वसूलने के लिए कई आगजनी की घटनाओं को अंजाम दे चुका था। अफीम की खेती करने वाले अपराधियों को संरक्षण दे रहे थे। 7 फरवरी को जोरी एवं सदर थाना क्षेत्र के सीमा पर नारायणतरी के हेठ बेरियो के पास अफीम पोस्ता नष्ट कर लौट रही पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें दो जवान शहीद एवं एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो गया था, जिसके लिए पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था, जिसमें हाल ही में कई सफलताएं भी मिलीं। अभिषेक बलवंत समेत अन्य नक्सलियों को गिरफ्तार करने ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

## एक नजर

### शिक्षकों ने नवागत थाना प्रभारी का किया स्वागत



**मनातू।** प्रखंड शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी निर्मल उरांत को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया है। जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार चौधरी एवं प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने थाना प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र के संबंध में जानकारी दी। मौके पर रामशरण कुमार, प्रखंड सचिव, श्यामनंदन मेहता प्रखंड उपाध्यक्ष, प्रमोद रजक संयुक्त सचिव , महेश राम उपाध्यक्ष, परशुराम मेहता प्रमुख सलाहकार, अमरेश उरांव कार्यकारणी सदस्य, दीपक कुमार, समरनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

### किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण



**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत लोईंगा व सुठा पंचायत के 130 किसानों के बीच चार किलोग्राम प्रति यूनिट मूंग के बीज का वितरण किया गया। इस संबंध में बीटीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि पाटन के 22 पंचायतों के लिए 58 क्विंटल मूंग का बीज वितरण किया जाना है। इसके लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी शक्ति गुप्ता, ओमप्रकाश पाण्डेय, बीटीएम अभिमन्यु कुमार,सूरज कुमार मौजूद थे।

### 11वीं की परीक्षा जिले के 37 केंद्रों पर

**मेदिनीनगर।** पलामू के 37 परीक्षा केदो पर मंगलवार से झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 11वीं परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा 29 फरवरी तक चलेगी। मंगलवार को प्रथम पाली में 20914 परीक्षार्थियों में 20731 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 183 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 13654 परीक्षार्थियों में 13231 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। विभिन्न परीक्षा केंदो पर 423 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

---

### प्रगतिशील किसान ने देश के कृषि कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर ज्ञापन सौंपा

# क्षेत्र में राइस व चीनी मील खोलने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दंगवार पंचायत के नदिआईन गांव के प्रगतिशील किसान प्रियरंजन कुमार सिंह ने देश के कृषि कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पलामू जिला के हुसैनाबाद में सरकारी राईस मील, चीनी मील, इथेनॉल प्लांट व कृषि विश्वविद्यालय खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यहां के किसान वृहद पैमाने पर लाल चावल, काला चावल, हरा चावल, सुगर फ्री चावल, काला गेंहू,ब्लू गेंहू,काला आलू,सुगर फ्री आलू, काली हल्दी,पिपरमिंट आदि की खेती के साथ मछली पालन, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद आदि का प्रशिक्षण लेकर खेती कर रहे हैं,लेकिन उन्हें उचित मुनाफा नहीं मिल रहा है। बिहार के व्यापारी औने-पौने कीमतों पर ही धान की खरीदारी कर लेते हैं। सरकारी राईस मिल उपलब्ध होती तो भिन्न-भिन्न किस्म के धान के चावल को प्रोसेसिंग कर अंतराष्ट्रीय बाजार में उतारा जा सकता है। जिसकी कीमत 100-200 रुपये प्रति किलो होगी। वहीं जिले के हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा आदि क्षेत्रों में हजारों एकड़ में गन्ने की खेती होती है। चीनी मिल होने व सरकार द्वारा गन्ना किसानों को अनुदान देने आदि से एक उद्योग का बढ़ावा मिलेगा। नौजवानों को भी रोजगार उपलब्ध होगा। वहीं धान व चीनी मिल के अवशेष इथेनॉल प्लांट के संचालन में कच्चे माल के रूप में उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने उक्त मांगो पर किसानों के हित में सार्थक पहल की मांग की है।

---

### 167 स्कूलों में एमडीएम संचालन पर छाये संकट के बादल

# प्रखंड के विद्यालयों में एमडीएम खाद्यान्न का उठाव नहीं

■ **विद्यालयों के 27695 नामांकित बच्चे होंगे सरकारी योजना से वंचित**



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के सभी 167 विद्यालयों में एमडीएम के खाद्यान्न का उठाव नहीं होने से एमडीएम का संचालन ठप हो गया है। राजद के वरिष्ठ नेता रामजनम सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से एमडीएम चावल का उठाव कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गोदाम में एमडीएम का चावल उपलब्ध है। इसके बावजूद बीईईओ की लापरवाही से अबतक जनवरी,फरवरी माह का उठाव नहीं किया गया है। जबकि प्रत्येक माह 982 (नौ सौ ब्यासी) क्विंटल चावल आवंटित है, परंतु अभी तक दिसंबर 2023 के बाद चावल का उठाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे 27,695 नामांकित बच्चे एमडीएम से वंचित हो जाएंगे। जबकि प्रत्येक तीन- तीन माह का चावल का उठाव एक साथ किया जाता हैं। ऐसे में हुसैनाबाद प्रखंड के सभी नौनिहाल एमडीएम के लाभ से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि हैदरनगर प्रखंड व मोहम्मदगंज प्रखंड में एमडीएम चावल का उठाव कर लिया गया है। उन्होंने पलामू डीसी से इसकी जांच कर बीईईओ पर कार्रवाई करने की मांग की है।

---

### जिन्दगी चुनों, तम्बाकू नहीं' विषयक क्विज प्रतियोगिता

# तंबाकू सेवन से स्वास्थ्य के साथ धन की भी बर्बादी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में जिन्दगी चुनों,तम्बाकू नहीं विषयक लिखित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें वर्ग छह ,सात व आठ के बच्चों ने भाग लिया। इसमें नशामुक्ति से संबंधित 15 प्रश्न पूछे गये। वर्ग आठ के सुमंत व आकाश ने सर्वाधिक 12 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि वर्ग आठ के अभिषेक कुमार प्रजापति, अर्पित कुमार कश्यप व मोहित कुमार वर्ग सात के शिवांश कुमार व अक्षय कुमार सहित आठ बच्चों ने 11 अंकों के साथ द्वितीय और फैसल अहमद ने 10 अंक लाकर तृतीय स्थान सुनिश्चित किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। इस मौके पर शिक्षक जुबैर अंसारी ने बच्चों को संबोधित करते हुये बताया कि समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों में नशे की आदत बढ़ती जा रही है। इसका मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने के साथ धन की भी बर्बादी हो रही है। अंत में बच्चों को शपथ दिलाई गयी कि वे आजीवन तंबाकू का प्रयोग नहीं करेंगे। साथ ही दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करेंगे। मौके पर एचएम कन्हैया प्रसाद, शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी उपस्थित थीं।

---

### रोजगार का अवसर बढ़ाने की थी जरूरत

**मेदिनीनगर।** पलामू के युवाओं ने झारखंड सरकार के बजट को बेहतर बताया परंतु जोड़ा कि सरकार को रोजगार के अवसर बढ़ाने का प्रावधान करना चाहिए था। वर्तमान में बेरोजगारी बढ़ी समस्या बनी हुई है। बहाली को गति देने को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। जीएलए कॉलेज का पूर्व विद्यार्थी सह प्रतियोगिता परीक्ष की तैयारी में जुटे पंकज कुमार ने कहा कि बजट में स्कूलों को आदर्श बनाने व महाविद्यालयों की संख्या बढ़ाने का कदम स्वागत योग्य है परंतु महाविद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाया जाना अतिआवश्यक है।

---

# भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** स्थानीय भाजपा मंडल द्वारा पंचायत भवन में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय ने की। मुख्य अतिथि जिला मंत्री सह चैनपुर मंडल प्रभारी धीरेंद्र कुमार दुबे व सांसद जिला समन्वयक आनंद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष द्वारा विस्तार से शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं मंडल में निवास करने वाले सभी प्रमुख कार्यकर्ता से कार्यशाला के बारे में चर्चा किया गया। कहा गया कि अभियान में लाभार्थी वर्ग के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री जी के 10 साल के कार्यकाल के अंतर्गत जितने भी लाभुक वर्ग गांव में निवास करते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर स्थापित कर फीडबैक लेंगे एवं घर-घर जाकर मोदी जी के चित्र का स्टिकर चिपकाएंगे । कार्यक्रम में मनीष पांडेय , मनोज दास , विनोद बैठा , सुरेश चौधरी ,मनोज मेहता ,सुधीर प्रजापति ,बैजनाथ शर्मा ,सुजीत पासवान ,दीनानाथ माझी ,धीरज गुप्ता, लॉलेस प्रजापति ,लालबाबू ,महेंद्र सिंह, सरवन चौधरी उपस्थित थे।

---

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज नीलांबर-पीतांबर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने की। इसमें आसपास के छह सरकारी स्कूल के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा दर्शायी। विजेता 20 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, तीन को रजत पदक और तीन को कांस्य पदक प्रदान किया गया। 50 अन्य को सहभागिता प्रमाणपत्र दिया गया।

---

### दूसरी बार जिलाध्यक्ष चुने जाने पर कर्मियों ने जताया हर्ष

# विनोद बने बीआरपी-सीआरपी व एसएस संघ के जिलाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर नगर प्रखंड शिक्षा परियोजना के सीआरपी शिक्षक विनोद कुमार सिंह राज्य बीआरसी - सीआरपी व एसएस संघ के चुनाव में पलामू जिलाध्यक्ष के पद पर दूसरी बार चुने गये हैं। मालूम हो कि यह चुनाव राज्य शिक्षा परियोजना के द्वारा संचालित प्रखंड बीआरसी-सीआरपी व एसएस के कर्मी इसके सदस्य होते हैं। जिले के सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तय नियमावली को लागू करने सहित ईपीएफ कटौती व कल्याण कोष को लागू कराने का काम प्रमुखता से किया जायेगा। हुसैनाबाद मध्य जिला परिषद व जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह सहित सीआरपी/ बीआरसी कर्मी अखिलेश सिंह, अरुण प्रताप सिंह, शंकर प्रसाद सिंह, विनय कुमार सिंह, नीलम पाण्डे, योगेंद्र राम, शत्रुघ्न सिंह, अरुण कुमार सिंह, मोहन दुबे, विरेंद्र पाल, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, सन्नी कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

# पुलिस ने चार अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर गांव के समीप पहाड़ की तलहटी व सूखा तालाब में चार अलग-अलग अवैध शराब भट्ठी को हरिहरगंज पुलिस तथा पथरा पिकेट ने संयुक्त रूप से ध्वस्त किया। इस दौरान अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध भट्ठी से 15 प्लास्टिक के ड्रम में रखा करीब पांच क्विंटल जावा महुआ के साथ ही दो सौ लीटर अवैध शराब एवं शराब बनाने के कई उपकरणों को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में एएसआइ संजय कुमार सिंह, पथरा पिकेट के एएसआइ मंटू कुमार शामिल थे।

---

### तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण संपन्न

# सामूहिक परिचर्चा कर पंचायतों में करें कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सबकी योजना, सबका विकास अभियान कार्यक्रम के तहत चल रहे तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान व दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने प्रखंड के मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया व पंचायत सचिव को आवश्यक जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, साफ-सफाई आदि योजनाओं में से किसी एक योजना पर संबंधित पंचायत के मुखिया व सचिव के द्वारा एक थीम का चयन कर अपने पंचायत में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस विधि से कार्य करने पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सभी लोग सर्वप्रथम अपने-अपने पंचायतों मे जाकर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर संसाधन व समाजिक मानचित्र, क्षेत्र भ्रमण, ग्राम स्तरीय योजना व नियोजन प्रक्रिया पर चर्चा करें। इस दौरान महिला व बाल सभा के द्वारा समस्या भी सुने । इस मौके पर प्रखंड समन्वयक राजू रंजन, मुखिया ओमप्रकाश राजवंशी, आत्मेश कुमार सिंह,सुनीता देवी, संजय कुमार,विजय पासवान, धर्मेंद्र दास, सहजना खातून, रीना देवी उपस्थित रहीं।

---

# धूमधाम से मना न्यू ब्राइटलैंड का वार्षिकोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत अंतर्गत माली गांव स्थित न्यू ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया।अध्यक्षता व संचालन निदेशक श्रीनिवास सिंह ने किया। प्राचार्य सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार सिंह ने विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही।सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह शिक्षित होकर ही जीवन को सही दिशा दिया जा सकता है। मुखिया उमेश राम ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के लिए सही मार्ग का आधार है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति दिया।कार्यक्रम में मुखिया विकास सिंह,उदय सिंह,20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान,पंसस मालती देवी के अलावा रामनाथ व्यास सहित काफी संख्या में छात्र,छात्रा,अभिभावक उपस्थित थे।

---

### अनुमंडल परिसर में निर्मित शौचालय चालू नहीं होने से परेशानी

# रख-रखाव के अभाव में नपं के तीन शौचालय बंद




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र हुसैनाबाद के शहरी क्षेत्रों में आठ सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। जिसमें से अंबेडकर चौक के समीप,जेपी चौक,हरिहर चौक, नहर मोड़ और जपला स्टेशन के समीप शौचालय चालू स्थिति में है। जबकि शहर से दूर स्थित अन्य चार शौचालय रख-रखाव के अभाव में पूर्ण रूप से बंद हैं। अनुमंडल परिसर में निर्मित शौचालय तो चालू ही नहीं किया गया है। जबकि यह अनुमंडलीय अस्पताल के नजदीक है। ऐसे में विशेषकर महिलाओं को काफी शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि एक तरफ तो सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के लिये राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है। दूसरी तरफ निर्मित शौचालयों को चालू नहीं किया जाना अभियान की सार्थकता पर सवालिया निशान लगा रहा है। दूसरी तरफ नागरिकों का कहना है कि शौचालय का प्रयोग करने के लिये भी शुल्क अदा करना पड़ता है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए शुल्क लिया जाता है।

---

# एसबीआई छत्तरपुर शाखा से रुपये से भरा बैग लेकर महिला फरार

**छतरपुर।** पलामू जिले के छतरपुर स्थित एसबीआई शाखा के काउंटर पर पैसों से भरा बैग को एक महिला उठाकर फरार हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में महिला की दिख रही तस्वीर के आधार पर पहचान करने व उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सरइडीह निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, एसबीआई के सीएसपी संचालक है। वे मंगलवार को एसबीआई के छतरपुर ब्रांच में आकर ग्राहकों को भुगतान करने के लिए 2.20 लाख रुपया निकासी कर अपने बैग में रखा और बैग को कैश काउंटर पर रखकर ग्राहक के खाते में लगा होल्ड को हटाने के लिए बगल के काउंटर पर एकाउंटेंट के पास चले गए। इस दौरान कैश काउंटर पर बैठा अधिकारी लंच करने चला गया जिसे देख वहां पर लाल साड़ी पहनी महिला बैग उठा कर निकल भागी। थोड़ी देर बाद राजेंद्र को बैग की याद आई तो भाग कर कैश काउंटर पहुंचा परंतु तबतक बैग गायब हो चुका था। उन्होंने शाखा प्रबंधक से शिकायत की। इसके बाद जांच शुरू हुई है।

---

### अनियमितता | झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ने कहा सीएम से होगी शिकायत

# जिले में भ्रष्टाचार चरम पर, आम जनता त्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। बगैर रिश्वत दिये आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते गरीब जनता चकरघिन्नी की तरह पीस रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने बुधवार को आयोजित वार्ता में उक्त आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूरे पलामू में नागरिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। लोगों को जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र के लिए भी विभिन्न विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बगैर पैसा दिये कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। आलम यह है कि उपायुक्त के पास शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने से पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ गया है। खुलेआम सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। किसी भी विभाग पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

### हजारों टन यूरिया की कालाबाजारी

उपाध्यक्ष श्री सिन्हा ने आरोप लगाया कि कृषि पदाधिकारी की मिलीभगत से छतरपुर क्षेत्र में खुलेआम हजारों टन यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। जबकि मौसम की मार झेल रहे किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया नहीं मिल पा रहा है । मनरेगा में सरकारी नियमों की अवहेलना की जा रही है। नगर पंचायत भी पूरी तरह से लूट का अड्डा बना हुआ है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत दर्ज करायी जायेगी।

---

# विहिप के नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष का किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के जिला कार्यालय में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के नव नियुक्त प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत का औपचारिक स्वागत पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और धर्म ग्रंथ दे कर किया गया। ज्ञातव्य है कि अयोध्या में केंद्रीय समिति की बैठक में चंद्रकांत जी को प्रांत अध्यक्ष और मिथिलेश्वर मिश्र को प्रांत मंत्री नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ अयोध्या से प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो और मनोज पोद्दार भी लौटे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के पलामू विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश जी, सह मंत्री महेंद्र नाथ, संगठन मंत्री विजय यादव, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

समाजवाद के रास्ते में चलकर समानता व आपसी भाईचारे का संघर्ष जारी रहेगा। पलामू ने हमेशा समाजवाद का समर्थन किया है। लोस चुनाव में भी यह दिखायी देगा।

**मोहन विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष राजद पलामू।**

## मानसिक तनाव में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ला निवासी दुर्गा राम के पुत्र सुजीत कुमार उम्र 50 वर्ष ने मानसिक तनाव में आकर मंगलवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि सुजीत कई वर्षों से अस्पताल चौक के पास नाश्ते की दुकान लगाता था। इस बीच कुछ महीनों से वह बीमार चल रहा था। जिसके कारण वह काफी परेशान रहता था। मानसिक तनाव में आकर उसने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हॉस्पिटल चौक के आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक बहुत ही सभ्य व्यक्ति था।

# डीसी ने बाजार समिति मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे पलामू के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को मतगणना केंद्र, वज्रगृह एवं डिस्पैच केंद्र निर्धारण के लिए शहर के बैरिया में स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति एवं गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय मेदिनीनगर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, एवं पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने जीएलए कॉलेज में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ डीडीसी रवि आंनद, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु भी मौजूद रहीं।



ऋतुराज बसंत चरमोत्कर्ष पर हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय में मनभावन फूल भी आनंदित होकर प्रकृति का सौंदर्य बढ़ा रहा है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### आयुक्त के नये सचिव ने किया पदभार ग्रहण

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के आयुक्त के नये सचिव के पद पर विजय वर्मा ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार से पदभार लिया। विजय वर्मा झारख ण्ड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी हैं और इसके पूर्व वे उप सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची के पद पर पदस्थापित थे। विदित हो कि आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार को स्थानांतरित करते हुए अपर समाहर्ता चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### शार्ट- सर्किट से क्लीनिक में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज स्थित डॉक्टर किरण सिंह की क्लीनिक में मंगलवार की रात शॉर्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई। इसकी वजह से अस्पताल में रखे कई सामान जलकर खाक हो गया। अस्पताल के स्टाफ की सूचना पर पहुंची शहर थाना की पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से क्लीनिक सहित आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

### अवैध खनन की ड्रोन से निगरानी के निर्देश

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ सख्त रूख अख्तियार करते हुये उपायुक्त शशि रंजन ने पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोकने के लिए खनन पदाधिकारी को आवश्यकता अनुसार ड्रोन से निगरानी के निर्देश दिए हैं। इस आलोक में खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व छतरपुर एसडीएम ने बुधवार को छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित क्रशरों की रैंडमली जांच की। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने क्रशर संचालकों को क्रशर संचालन को लेकर बनाए गए नियमों के तहत ही क्रशर का संचालन करने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि तय क्षेत्र में ही क्रशर का संचालन हो, अन्यथा क्रशर को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। जांच के क्रम में डीएमओ ने विभागीय स्तर पर बंद कराए गए क्रशरों का भी सत्यापन किया।

### जांच के साथ आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करायी जायेगी चश्मा व दवाईयां

# आई ऑन व्हील्स एम्बुलेंस से होगी छात्राओं के आँखों की जांच



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों के नेत्र व त्वचा की सुरक्षा की दिशा में एक अनोखी पहल शुरू की है। उपायुक्त की पहल पर जिले में 'आई ऑन व्हिल्स ' एम्बुलेन्स की शुरूआत की गयी है। इस एम्बुलेंस से छात्राओं की आँखों व स्किन की जांच के साथ आवश्यक दवाईयां एवं चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। फिलहाल इस एम्बुलेंस से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं के आंखों की जांच होगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह के साथ बुधवार को हरी झंडी दिखाकर दो आई ऑन व्हील्स एम्बुलेंस को रवाना किया। इन दो एम्बुलेंस के माध्यम से प्रथम चरण में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की सभी बच्चियों की आंखों का परीक्षण व त्वचा की जांच निःशुल्क की जायेगी। इस दौरान आवश्यकता के अनुरूप बच्चियों को पावर चश्मा, दवाईयां व अन्य जरूरी उपकरण का वितरण भी किया जायेगा। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों की जांच के बाद अन्य सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों की जांच की जायेगी। इसके बाद पीवीटीजी समूह को लक्षित कर उनकी जांच की जायेगी ।

### आंख का पोर्टेबल हॉस्टिपल है एम्बुलेंस

उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि दोनों एम्बुलेंस पोर्टेबल आंख के हॉस्पिटल के रूप में कार्य करेंगे। इस एम्बुलेंस में सभी आवश्यक उपकरणों के साथ कहीं हॉल्ट करने हेतु टेंट लगाने की भी सुविधा है। इसके अलावे आंख व स्किन के डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे। इनके साथ दो सहायकों की भी तैनाती की गयी है इस जांच के दौरान अगर किसी को मोतियाबंद पाया जाता है तो आयुषमान योजना के तहत उनका निःशुल्क इलाज किया जायेगा। मौके पर डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

**इस एम्बुलेंस से छात्राओं की आँखों व स्किन की जांच के साथ आवश्यक दवाईयां एवं चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। फिलहाल इस एम्बुलेंस से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं के आंखों की जांच होगी।**

### मोतियाबिंद व दृष्टिदोष मुक्त पलामू का लक्ष्य

**सविल सर्जन ने चलित नेत्र परीक्षण वैन को किया रवाना**



**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल गोलघर चेंबर में सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह और डा. उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से आई ऑन व्हील के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सिविल सर्जन के द्वारा चलित नेत्र परीक्षण वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सिविल सर्जन डा. सिंह ने बताया कि पलामू जिले में चलित नेत्र वाहन के माध्यम से छात्र-छात्राओ सहित समस्त जनता का नेत्र परीक्षण किया जायेगा। सप्ताह मे पांच दिन उक्त वेन पंचायत स्तर पर हाट बाजारों व स्कूलों में जाकर नेत्र परीक्षण का कार्य करेगी। इस दौरान स्कूली बच्चों और वरिष्ठ जनों को नंबर के चश्मे पास एवं दूर के लिए निःशुल्क प्रदान किए जायेंगे। साथ ही कमजोर आय वर्ग के लोगों को भी निःशुल्क चश्मा का वितरण किया जायेगा। जांच के उपरांत मोतियाबिंद के मरीजों का नेत्र आपरेशन पीएससी अथवा जिला अस्पताल मे किया जाएगा।

### उत्तम कुमार राय ने संभाली सदर थाने की कमान



**मेदिनीनगर।** निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले में तीन वर्ष से अधिक समय तक रहने वाले पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हो जाने के बाद सदर थाना में नए थानेदार उत्तम कुमार राय ने योगदान देकर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने बुधवार को एक वार्ता में बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति बहाल कर अपराधमुक्त वातावरण बनाना है। इसके लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों के सहयोग की जरूरत है। क्षेत्र में अमन-चैन व शांति भंग करने एवं विधि व्यवस्था में व्यवधान पैदा करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। वहीं जरूरत मंदों की सेवा के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध हैं। साथ ही अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। दुर्घटनाओं के रोक के लिए निरंतर वाहन जांच के साथ चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक भी किया जायेगा। साथ ही गश्त भी बढ़ाया जायेगा।

# मोदी की गारंटी संकल्प पत्र जल्द शुरू करेगी भाजपा

### जिला कार्यालय में सांसद वीडी राम ने दी जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है। इसे पूरा करने का वादा भी किया है। आज देश की आजादी का अमृत काल चल रहा है। यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास की लंबी छलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है। जिसका उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी तक पहुंचाना है। ताकि भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सके। आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। उक्त बातें पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कही। उन्होंने भाजपा के जिला कार्यालय में बुधवार को आयोजित वार्ता में कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। अभियान दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला अभियान लॉन्च एवं दूसरा सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से अभियान लांच शुरू कर दिया गया है। जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई है। मिस कॉल नंबर और नमो ऐप के माध्यम से जनता अपना सुझाव सीधा मोदी तक पहुंचा सकती है। प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियां लगाई जाएगी। जिसमें लोग अपने सुझाव डाल सकेंगे। यह पेटीयां पार्टी के अन्य कार्यक्रमों और सभाओं में भी होगी। सभी प्रकोष्ठों द्वारा मिलकर जिला स्तर पर दो-तीन गोष्ठियों के माध्यम से व्यवसायिक कोहोरट की सजा कृत किए जाएंगे। मौके पर भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह ,जय कुमार दुबे ,धमेंद्र उपाध्यायख्ईश्वरी पांडेय, अलख दुबे, अभिमन्यु तिवारी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, दिये निर्देश

# रोजगार सेवकों संग एएनएम ने भी की फरियाद




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से 30 से अधिक फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी और आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित किया। वहीं संबंधित पदाधिकारियों को आमजनों की समस्याओं की प्राथमिकता तय करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सदर मेदिनीनगर के रेड़मा से आये कुश कुमार पाण्डेय ने डीसी के सामने जमीन सम्बंधित मामलों को लेकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं मोहम्मदगंज से आई एएनएम उर्मिला कुमारी ने अपने आवेदन के जरिए उनके कार्यालय में बायोमेट्रिक अपडेट न होने से अपनी उपस्थिति बनाने में असमर्थ होने संबंधित समस्याओं से उपायुक्त से अनुरोध किया। नौडीहा बाजार के मिथिलेश पासवान ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि उनका होमगार्ड बहाली में चयन हो गया है, किंतु फॉर्म भरने के क्रम में नौडीहा बाजार की जगह छतरपुर हो गया। जिस वजह से अब स्थानीय बनाने में समस्या आ रही हैं। पाटन से आये प्रमोद पासवान ने अपने आवेदन के जरिये सार्वजनिक रूप से एक चापाकल लगाने हेतु अपना आवेदन डीसी को सौंपा। वहीं पाटन के रोजगार सेवक सत्येन्द्र कुमार और नीलाम्बर पीताम्बरपुर के रोजगार सेवक धीरज कुमार ने अपने-अपने आवेदन के माध्यम से अभी तक कार्य आवंटन नहीं होने संबंधित शिकायत उपायुक्त से की।

**जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से 30 से अधिक फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी और आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित किया।**

## प्रेरणा

### प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 23 जिलों में भेजा वीडियो

# संस्कारी मास्टर जी मतदान के लिये कर रहे प्रेरित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने पलामू सहित प्रदेश के 23 जिलों में नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य संस्कारी मास्टर जी शीर्षक से वीडिओ भेजा है। इसमें संस्कारी मास्टर जी लोगों को मतदान के महत्व से समझाते-बुझाते और मतदान के लिये प्रोत्साहित करते नजर आ रहे हैं। वीडिओ में मास्टर जी जिससे भी मिलते हैं। उनसे एक ही प्रश्न पूछते हैं आपने अपना वोट किया क्या! यदि सामने वाले का जबाब होता है कि वोट अभी नहीं दिया या वोट देने जा रहे हैं, तो मास्टर जी फौरन उसे संस्कार का ज्ञान देने में जुट जा रहे हैं। वीडिओ में मास्टर जी द्वारा युवाओं को वोट के लिये प्रेरित करने का सीन लोग खूब चटखारे लेकर देख रहे हैं। इसके अंत में मास्टर जी युवाओं को देश बड़ा है, मतदान बड़ा है का नारा लगाने के लिये विवश कर देते हैं। वीडियो में समाज में महिला, किन्नर, दिव्यांग सहित समाज के सभी वर्गों को मतदान के प्रति सजग किया गया है।

### पिछले लोस चुनाव में 62 प्रतिशत हुआ था मतदान




वर्ष 2019 के लोस चुनाव में 62 प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान हुआ है। जिला प्रशासन ने इस बार इस बार 80 पार के नारे के साथ मतदाता जागरूकता की मुहिम छेड़ रखी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने खुद मतदाता जागरूकता की कमान थाम रखी है। प्रशासन की कवायद कितना रंग लायेगी। यह भविष्य के गर्भ में है।

# बदले गये सभी प्रखंड के मनरेगा बीपीओ

**दो दिनों के अंदर नये जगह पर योगदान के निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मनरेगा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व अनुश्रवण को लेकर विभिन्न प्रखण्डों में पदस्थापित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियों (बीपीओ) का स्थानांतरण कर दिया है। आदेश में बीपीओ को प्रशासनिक दृष्टिकोण व कार्यहित में अपना प्रभार संबंधित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को देते हुए दो दिनों के अंदर स्थानान्तरित प्रखण्ड में योगदान देने को कहा गया है। साथ ही मार्च 2024 से मानदेय भुगतान नवपदस्थापित प्रखण्ड से किए जाने की बात कही गई है। स्थानांतरित बीपीओ में अरविन्द कुमार सिंह को विश्रामपुर से चैनपुर, अभय कुमार दुबे को चैनपुर से हरिहरगंज, नीति सिन्हा को चैनपुर से पण्डवा, चन्द्रशेखर दुबे को छतरपुर से हुसैनाबाद, अमन कुमार को हैदरनगर से सदर मेदिनीनगर, धर्मेन्द्र कुमार को हरिहरगंज से रामगढ़, विष्णु प्रताप मिश्रा को हुसैनाबाद से पांकी, मोती लाल शर्मा को मनातू से छतरपुर, आरजू तम्मना को मेदिनीनगर से सतबरवा, चन्द्रशेखर कुमार को मोहम्मदगंज से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर, दीपक कुमार को नौडीहा बाजार से मोहम्मदगंज, दीपक कुमार को नौडीहा बाजार के अलावा हैदरनगर (अतिरिक्त प्रभार), रंधीर कुमार ,स्वीटी सिन्हा को पण्डवा से पाटन, आशीष कुमार को पांकी से पीपरा, निर्मलकान्त ठाकुर को पाटन से नावा बाजार, प्रभात कुमार को पीपरा से विश्रामपुर, मो. सबाहुद्दीन को रामगढ़ से ऊंटारी रोड, अमरेन्द्र कुमार को सतबरवा से नौडीहा बाजार, रितेश कुमार दुबे को तरहसी से पाण्डू व मो. अबेदिन अंसारी को ऊंटारी रोड से तरहसी प्रखंड में स्थानांतरित किया गया है।

## एक नजर

### जन प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी का किया स्वागत

**चिनिया।** प्रखंड के कई जन प्रतिनिधियों ने चिनियां थाने में नव पदस्थापित थाना प्रभारी अमित कुमार का गुलदस्ता देकर स्वागत किया है। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना है। इसलिए क्षेत्र के लोगों से सामंजस्य स्थापित करना जरूरी है। इसके लिए क्षेत्र के लोग बेहिचक कोई भी समस्या होने पर मुलाकात कर सकते हैं। श्री कुमार हजारीबाग से स्थानांतरित होकर यहां आये हैं। मौके पर खुरी पंचायत समिति सदस्य सुगनी देवी, मुखिया पति उदय भुइयां, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दयानंद राम, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, डोल पंचायत मुखिय पति उमाशंकर गुप्ता उर्फ टूनी शाह, हेतार कला पंचायत मुखिया पती चरकू परहीया मौजूद थे।



### स्थानांतरण-पदस्थापन के खेल से विकास कार्य ठप




**डंडई।** प्रखंड में जारी पदाधिकारीयों के स्थानांतरण व पदस्थापन के खेल से क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। इससे आवश्यक कार्य के लिये प्रखंड का चक्कर लगा रहे नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। इसके साथ ही जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जांच भी अधर में लटक गयी है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि से विद्यालय भवन का निर्माण एवं पारा शिक्षक के द्वारा अपनी पत्नी व बच्चों के नाम कार्ड बनवा प्रत्येक माह डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव करना शामिल है । उक्त दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुए तात्कालिक बीडीओ सोमा उरांव और तात्कालिक सीओ चोनाराम हेम्ब्रम के द्वारा आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी की गयी थी, किंतु इसी बीच उनका स्थानांतर हो जाने से जांच की प्रगति अवरूद्ध हो गयी है। लोगों का कहना है कि प्रखंड में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली स्थिति हो गयी है। कोई भी आम जनता के मामलों को नहीं सुन रहा है।

### बेमौसम बरसात से सांसत में किसान, मदद की दरकार



**गढ़वा।** एक पखवारे के अंतराल में कई चक्रों में आई आंधी-पानी के साथ पड़े ओले ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पहले से ही मौसम की बेरुखी झेल रहे किसान मौसम के कोप को देखते हुये सांसत में नजर आ रहे हैं। यदि तत्काल उन्हें सरकारी राहत नहीं दी गयी तो यहां भी किसानों के आत्महत्या का सिलसिला शुरू हो जायेगा। किसानों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से किसान मौसम की मार झेल रहे हैं। कमजोर मानसून के कारण जिले की प्रमुख धान की खेती वैसे ही मार खा रही है। अब ऐन मौके पर हुई बेमौसम की बरसात से रबी की फसलें भी नष्ट हो गयी हैं। ऐसे में कर्ज के बोझ तले दबे किसानों की स्थिति दयनीय हो गयी है। प्रतिकूल मौसम का असर आम के साथ जिले के किसानों की जीविका का आधार महुआ पर भी पड़ा है। किसानों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

---

गढ़वा में एक हजार सीट क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का होगा निर्माण

# हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है गढ़वा : मंत्री



### ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप व इंटरनेट की भी होगी बेहतर सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में चार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नई हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा। झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगी। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल-स्वच्छता व उत्पाद-मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट के ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 सीटों की क्षमता होगी। फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी। ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी फ्लोर में ब्वॉयज एवं गर्ल्स टॉयलेट होंगे। यह लाइब्रेरी पूरी तरह से अत्याधुनिक, सर्व सुविधायुक्त होगा। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के लाइब्रेरी की गढ़वा में अति आवश्यकता थी। वर्षों से लोग इसकी मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से विद्यार्थियों सहित अध्ययन का शौक रखने वाले अन्य लोगों को भी काफी सुविधा होगी। इस प्रकार का लाइब्रेरी राज्य के किसी भी दूसरे जिले में नहीं है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के अब गढ़वा की सूरत पूरी तरह से बदल गई है। गढ़वा हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है।

### हेमंत के संकल्प को कर रहे पूरा

मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच एवं कार्य कुशलता से गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी बेहतर काम हुआ है। अब उनके अधूरे संकल्प को वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राजनीति स्वहित के लिए नहीं जनहित के लिए होना चाहिए। यदि समाज के सभी वर्गों के लोग इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें तो उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है।

---

स्कूल से घर वापस लौट रहा था हुसैन, गांव में शोक की लहर

# आंधी-तूफान में बिजली का पोल गिरा, छात्र की मौत


फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** क्षेत्र में आयी तेज आंधी-पानी के दौरान विद्युत प्रवाहित पोल टूटकर गिरने से स्कूल से घर लौट रहे बहीयार कला निवासी सायब अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र हुसैन राजा की मौके पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार दोपहर में हुसैन राजा मध्य विद्यालय बहीयार कला से छुट्टी के बाद घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज हवा के बीच बारिश होने लगी। इसी क्रम में बबूल का पेड़ टूट कर सप्लाई लाईन पर गिर गया। जिससे सप्लाई लाईन का पोल टूट कर बालक के सिर पर गिर गया। जिससे हुसैन राजा की मृत्यु मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर सदल-बल मौके पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी अशफाक आलम ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। बुधवार को मृतक छात्र को कब्रिस्तान में दफनाया गया।

### सीटा उड़ने से उप प्रमुख घायल

क्षेत्र में तेज आंधी के दौरान छत का सीटा उड़ने से उसकी चपेट में आकर उप प्रमुख खदिजा बीबी घायल हो गयीं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें छुट्टी दे दी।

---

नेहरू युवा केंद्र ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर देता है खेलकूद




**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वावधान में चिनियां मुख्यालय स्थित चिरका के वझियादामर मैदान पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में बेता पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वार्ड मेंबर शिवनाथ कोरवा, अशोक सिंह, राजन सिंह, नेहरू युवा केंद्र की स्वयं सेवक सुनीता कुमारी तथा धनंजय यादव ने कहा कि खेलकूद प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करता है। नेहरू युवा केंद्र ग्रामीण प्रतिभा को मंच प्रदान कर रहा है। इस दौरान विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभागियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

---

सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ के दौरान प्रवचन सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# बाहरी आवरण से महत्वपूर्ण है अंतःकरण की शुद्धता



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** स्थानीय मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ में धर्म मर्मज्ञों का प्रवचन सुनने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रवचन सत्र में मिजार्पुर से पधारे पं. धर्मराज शास्त्री ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी आपने कथा का अनुकूल माहौल बनाकर भगवान की कथा सुन रहे हैं। समय आएगा जब परमात्मा आपकी किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति को पलक झपकते अनुकूल बना देंगे। वृंदावन से पधारीं देवी शिखा चतुर्वेदी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा कही। उन्होंने सामाजिक संदर्भ देते हुए मानस व भागवत की कथा कही। कहा कि समाज से बाहरी प्रदूषण को हटाने के लिए बड़े बड़े अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन बाहरी प्रदूषण से भीतर का प्रदूषण ज्यादा खतरनाक है। भीतर के प्रदूषण को समाप्त करने लिए ही इस तरह की कथाओं का आयोजन किया जाता है। आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने अपने सुमधुर भजनों व हनुमान चालीसा के पाठ से श्रोताओं को भावमय कर दिया। पं. मुन्ना पाठक ने जप ले नाम भगवन का बस ये काम आएगा, खाली हाथ आया है खाली हाथ जाएगा की मनोरम प्रस्तुति की। प्रवचन सत्र प्रारंभ होने से पहले सेवानिवृत्त शिक्षक रामदास दुबे ने व्यास पीठ की पूजा की। इसी के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा व श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रीहित हरिवंश चंद्रो विजयते मानस व्यास पं. विनोद गौरव शास्त्री व उनकी टोली के द्वारा प्रस्तुत संगीतमय मानस पाठ सुनने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। महायज्ञ का समापन छह मार्च को किया जायेगा।





**प्रवचन सत्र में मिजार्पुर से पधारे पं. धर्मराज शास्त्री ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी आपने कथा का अनुकूल माहौल बनाकर भगवान की कथा सुन रहे हैं।**

---

### जेएमएम की संकल्प सभा में पलामू-गढ़वा का दिखा दम




**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में रांची में आयोजित जेएमएम की संकल्प सभा में पलामू व गढ़वा जिले के कार्यकर्ताओं ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया। दो जिलों से हजारों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। पलामू से जहां मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में वहीं पलामू से जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में चार पहिया के साथ बसों से झामुमो कार्यकर्ता रांची पहुंचे। वहां से आने के बाद कार्यकर्ता एक बार फिर से न्याय मार्च को धार देने में जुटे हैं।

---

लघुशंका के लिये इधर-उधर भटकने को विवश राहगीर व ग्राहक, नागरिकों में रोष

# केतार बाजार में नहीं है सार्वजनिक शौचालय, लोगों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार बाजार में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।भवनाथपुर से सात पंचायतों को अलग कर नवम्बर 2008 में केतार को प्रखंड बनाया गया था, लेकिन दो दशक बाद भी बाजार में आमजनों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। अब तक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया जा सका है। प्रखंड के सात पंचायतों के अलावा दुसरे प्रखंड के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण प्रतिदिन दुकानों में खरीदारी करने, बैंक, ब्लॉक सहित अन्य कार्यों से केतार बाजार आते हैं। वहीं यहां से भवनाथपुर, गढ़वा, मेदिनीनगर, कांडी, रॉबर्ट्सगंज, वाराणसी और अन्य जगहों पर जाने के लिए प्रतिदिन बस व ऑटो के इंतजार में यात्री व राहगीर घंटों कर्पूरी गेट के पास रहते हैं। इस दौरान लघुशंका के लिये भी उन्हें सोचना पड़ता है। सबसे ज्यादा समस्या महिला दुकानदार व दूर-दराज के गांवों से बैंक या दुकानों में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं व यात्रियों को होती है। इन लोगों को शौच के लिए झाड़ियों के सहारे खुले में ही बाजार से दूर जाना पड़ता है। केतार बाजार में सब्जी बाजार से लेकर कर्पूरी गेट तक सैकड़ों दुकानें हैं। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में खरीदारी करने लोग हर रोज पहुंचते हैं। सामुदायिक शौचालय नहीं होने से लोगों को परेशानी के साथ- साथ शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है। बुधवार को केतार बाजार में दुकानों में खरीदारी करने आयी महिलाओं ने बताया कि हम लोग बैंक या दुकानों में खरीदारी करने सप्ताह में चार- पांच दिन आते हैं ,लेकिन यहां सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दुकानदारों ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की दुकानदारों को भी बहुत परेशानी होती है। सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**वर्जन...**



**जिला परिषद सदस्य** सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना अतिआवश्यक है। लोगों को परेशानी होती है। जिला परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जायेगा।



**केतार मुखिया प्रमोद कुमार** ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के लिए अंचल द्वारा बाजार में जमीन उपलब्ध कराया गया है। जिसमे पंद्रहवें वित्त मद से आमजनों के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण तत्काल कराया जायेगा।



**प्रखंड प्रमुख चंद्रावती** देवी ने कहा कि मुखिया द्वारा केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए ग्रामसभा कर प्रतिवेदन देने के पश्चात शौचालय निर्माण कराने के लिए प्रयास करूंगी। केतार बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना बहुत जरूरी है।

---

### छात्र के साथ मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

मझिआंव। थाना क्षेत्र में छात्र के साथ मारपीट के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में छात्र विकास यादव की ओर से केस दर्ज कराई गई थी। बरडीहा थानांतर्गत के लोका गांव निवासी उदय यादव के पुत्र विकास के साथ मुखदेव हाई स्कूल मैदान में परीक्षा के दौरान मारपीट हुई थी। उससे वह घायल हो गया था। उसके मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में विकास ने मंगलवार को केस दर्ज कराया गया था। मारपीट का आरोप करमडीह गांव निवासी अनिकेत शर्मा, मंटु कुमार शर्मा व सोनू कुमार रजक पर लगाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शिवेशवर चंद्रवंशी कॉलेज से भुक्तभोगी छात्र परीक्षा देकर लौट रहा था। बरडीहा थाना क्षेत्र के बभनी गांव की दो छात्रा अपने भाई के साथ मोटर साइकिल से घर जा रही थी।

---

# सात फेरे के बाद दूल्हे ने मांग भरने से किया इंकार, बैरंग लौटी बारात





**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र के केतार गांव में बुधवार को एक अजीबोगरीब घटनाक्रम में बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौट गयी। धुरकी थाना क्षेत्र के जयप्रकाश मेहता अपने बड़े पुत्र अंजनी कुमार मेहता का बरात लेकर केतार गांव में आये थे। हिंदू रीति-रिवाज से द्वारपूजा कार्यक्रम के बाद मंडप में शादी की रस्म शुरू हुयी। दुल्हा-दुल्हन ने मंडप में शादी का सात फेरा भी लिया। साथ ही सातों वचनों की रस्म भी निभाई, लेकिन बात तब बिगड़ी जब सिंदूर दान के समय दुल्हा ने दुल्हन की मांग में सिंदूर भरने से इन्कार कर दिया। इसके बाद खुशी का माहौल सन्नाटे में बदल गया। दुल्हे को मनाने के लिए दोनों पक्षों ने पुरजोर कोशिश की। केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार और मकरी पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा की पहल से भी बात नहीं बनी। अंततः दोनों पंचायतों के मुखिया और ग्रामीणों ने दोनों पक्षों का समझौता कराते हुए लड़की पक्ष का शादी में खर्च 5.13 लाख रुपए की राशि वापस दिलाने के साथ ही बारात वापस लौटाने पर दोनों पक्ष सहमत हो गये। इस शादी की चर्चा आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दिन भर वहां ग्रामीणों की भीड़ जमी रही। लोग कह रहे थें कि जब शादी नहीं करनी थी तो बारात ही नहीं लाना चाहिये था।

---

**अनुसंधान**

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# धरती से आकाश तक विज्ञान में शोध को बढ़ावा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के चित्र पर निदेशक एवं उप प्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि विज्ञान दिवस समस्त विज्ञान प्रेमियों के लिए समर्पित है। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वैज्ञानिक विकास ने मनुष्य के जीवन को कई मायनों में बदल दिया है। यही कारण है कि हमारे देश में धरती से आकाश तक विज्ञान में शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में आर्या चौबे (वर्ग-5) प्रथम, पियूष धर दुबे (वर्ग-6)द्वितीय एवं आराध्या कुमारी (वर्ग-5) तृतीय रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश प्रथम,आर्या पांडेय द्वितीय एवं मुस्कान तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विरेन्द्र साह, सुषमा दुबे, रिजवाना शाहिन, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद, सुष्मिता कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

**विज्ञान दिवस समस्त विज्ञान प्रेमियों के लिए समर्पित है। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वैज्ञानिक विकास ने मनुष्य के जीवन को कई मायनों में बदल दिया है :**

---

# भारी अव्यवस्थाओं के बीच 51 कन्याओं का विवाह



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा आयोजित 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। विवाह समारोह देखने पहुंचे एक युवक पर जहां पुलिस ने जमकर लाठी भांजी। वहीं अव्यवस्था का आलम यह रहा कि लोगों तो दूर पत्र प्रतिनिधियों के बैठने की भी व्यवस्था नदारत रही। द्वारपूजा का रस्म पलामू सांसद वीडी राम ने निभाई। शादी मंडप स्थल पर पटना की लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी। जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सत्येंद्र नरायण सिंह, रेंजर प्रमोद कुमार, समाज सेवी शिव पूजन यादव,संजय भगत, सेल पदाधिकारी राजेश कुमार, भगवान पनिग्रही, डोमन यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा आदि मौजूद रहे। इस दौरान भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव ने सांस्कृतिक मंच से विधायक भानू को जिताने की जोरदार अपील की।

## एक नजर

### थानेदार ने कई स्थानों का किया निरीक्षण

**बारियातु।** थाना क्षेत्र में अपराध को नियंत्रण में रखने के उदेश्य से थाना प्रभारी राजा दिलावर ने सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया अमरवाडीह, बरनी पेट्रोल पंप, गोनिया, टोटी हेसला सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया। थानेदार ने कहा कि शाम ढलने के बाद अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस पूरे क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर होटलों में अवैध शराब बिक्री पर रोक, रात्रि में आवागमन करने वाले वाहन और बाइक चालक की गतिविधि पर नजर रखने किए पुलिसिंग कार्य किया जा रहा है।

### वज्रपात से एक बैल की मौत, बाल-बाल बचे घर के सदस्य

**महुआडांड़।** प्रखंड की ओरसापाठ पंचायत के ग्राम सुरकाई दक्षिण टोला में चमरी नागेशिया पति राजेंद्र नागेशिया के घर में मंगलवार को चार बजे वज्रपात होने से बैल की मौत हो गई। वहीं वज्रपात से घर के सदस्य बाल-बाल बचे। हालांकि सभी घर के सदस्यों को वज्रपात का हल्का झटका लगा। सभी देसी उपचार के बाद ठीक है।

### महुआडांड़ प्रखंड में 24 घंटे से बिजली ठप

**महुआडांड़।** प्रखंड में मंगलवार देर शाम से लेकर बुधवार शाम तक 24 घंटे से बिजली सेवा पूरी से ठप है। इस संबंध मे लोकल बिजली मिस्त्री ने बताया कि गुमला जिले के रायडीह व चैनपुर ग्राम के बीच कल आई आंधी व बारिश से रूट में दिक्कत आ गई। इस कारण बिजली सप्लाई बाधित है। जल्द ही रूट को क्लेयर कर बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

### गैर मजरूआ व वन भूमि की मापी करने का प्रस्ताव पारित

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी शिव मंदिर परिसर में बुधवार को वनाधिकार समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता खुशियाल दांगी व संचालन विजय कुमार भारती ने की। बैठक में गैर मजरूआ व वन भूमि की मापी करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अमीर दांगी, मुकेश कुमार दांगी, मुसाफिर कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक शाखा रांची के तत्वाधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता पर जागरूकता शिविर आयोजित की गई। साथ हीक्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर आरबीआई रांची के अधिकारी तापस महतो, नवार्ड के एलडीएम मृत्युंजय बक्शी, बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम देवव्रत शर्मा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक व झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सहित अन्य मौजूद थे।

### कार्यशाला का आयोजन

**चतरा।** खनिज निधि कौशल सह प्रशिक्षण भवन हॉल में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में श्रम विभागीय युएनडीपी द्वारा विजनिंग एवं योजना गोलमेज चर्चा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कोल परियोजनाओं के प्रतिनिधि, प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधि, यूएनडीपी के प्रोजेक्ट अस्सिस्टेंट दीपक कुमार पांडेय, जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालक, विद्यालयों के प्रबंधक मौजूद थे।

## टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण व अन्य मांगों को लेकर माकपा का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

# एनएचएआई का पुतला फूंका, नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन के समपार आरओबी निर्माण समेत सात सूत्री मांगों को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे क्रॉसिंग के समीप आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन कर सभा की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनकारीयों ने आरओबी निर्माण में विलंब करने वाले एनएचएआई विभाग का पुतला जलाकर आक्रोश जताया। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एनएचएआई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर ने की, जबकि संचालन रसीद मियां कर रहे थे। आंदोलनकारियों ने अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक और स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेल मंत्रालय, रेल मंत्री, रेलवे जीएम, डीआरएम, लातेहार उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण कार्य जल्द शुरू करने, टोरी जंक्शन पर अंडरपास का निर्माण करने, टोरी जंक्शन से संध्या समय 18 से 19 बजे के बीच प्रत्येक दिन टोरी भाया लोहरदगा होते हुए रांची तक एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन चालू करने, टोरी जंक्शन के पुरब में टोरी - महुआमिलान के बीच रेलवे लाइन पोल संख्या 182/29 व 182/28 के समीप, भंडारगढ़ा से परसाही निकलने वाले 100 साल के पुराने रास्ते पर अंडरपास का निर्माण करने, बालूमाथ रेलवे स्टेशन से भाया टोरी जंक्शन - लोहरदगा - रांची तक प्रत्येक दिन शुबह - शाम एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन चलाने, टोरी स्टेशन के पश्चिम में शुरू हुए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य को तेज कर इसे जल्द पूर्ण करने, टोरी जंक्शन के पुराने फुट ओवरब्रिज का विस्तार करने की मांग की गई है।




### एनएचएआई की घोर उदासीनता के कारण अब तक शुरू नहीं हो पाया है निर्माण कार्य : सुरेंद्र सिंह

सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि दो वर्ष पहले ही टोरी जंक्शन, चंदवा के फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। इसका शिलान्यास 3 अप्रैल 2021 को किया जा चुका है लेकिन नेशनल हाईवे (एनएचएआई) विभाग की घोर उदासीनता के कारण इसका निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हो पाया है। टोरी रेलवे जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग है यहां से तीन रूट रांची - लोहरदगा से टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से भाया टोरी दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होता है। इसके कारण अधिकतर समय फाटक बंद ही रहता है, सिर्फ लोगों को पास करने के लिए तीन से चार मिनट तक ही फाटक खोला जाता है। हजारों छोटे बड़े दो पहिया और चार पहिया वाहनों से प्रत्येक दिन लाखों लोग गुजरते हैं, जो रेलवे क्रॉसिंग जाम में आधे से अधिक घंटे तक फंसे रहते हैं, जाम में मरीज लिए एम्बुलेंस भी फंस जाती है, अबतक दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जामपर फंसने से हो चुकी है।

### रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित : अयुब खान

पार्टी के वरिष्ट नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी के रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है। एनएच विभाग की उदासीनता के कारण फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण अबतक शुरू नहीं हो पाया है। टोरी जंक्शन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। इसका निर्माण कार्य तेज कर इसे जल्द से जल्द पुर्ण करने की आवश्यकता है। इससे छात्र छात्राओं को स्कूल कॉलेज अस्पताल जाने में हो रही परेशानी की समस्या खत्म हो जाएगी। चंदवा वासियों को शाम में टोरी जंक्शन से भाया लोहरदगा होते हुए रांची जाने के लिए एक भी एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन नहीं है, आमजन की मांग है कि शाम में लोहरदगा होते हुए रांची तक एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा दी जाय। टोरी जंक्शन पर फुट ओवरब्रिज का विस्तार नहीं होने से स्टेशन आने जाने के लिए यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पास करते हैं। इस क्रम में मालगाड़ी से कटकर कई यात्रियों की मौत हो चुकी है। मौके पर ललन राम, मुखिया प्रत्याशी रहे रवीना देवी, ग्राम प्रधान पचु गंझु, बीरेंद्र कुमार, शोभन उरांव, परवेज खान, जसमुद्दीन खान, सोमा एमरोन, अभिराम, नरेस उरांव, महेंद्र गंझू, राजू साव, अनिल गंझु, मंटु गंझु, मनु उरांव, सहजीवन गंझू, गोपी गंझू, मुना गंझू, रमजान साई चुस्ती, बिनू गंझू, मनु उरांव, पचू गंझू, बसंत साव, सुरेंद्र गंझू, प्रमोद उरांव, अरूण उरांव, सोभन उरांव, भासु उरांव, बिनिता देवी, मनमीत देवी, अजमेरून बीबी, आशा देवी, बलो देवी, उर्मिला देवी, करमी देवी, कसिरन बीबी, बलराम उरांव, धोधल साव, बेसू उरांव, गुजर गंझू, साजिद, रवि शंकर गंझू, विजय मिस्त्री, बादशाह खान आदि मौजूद थे।

# बालूभांग में 8 एकड़ भूमि पर पोस्ता की खेती नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को बारियातु पुलिस ने बालूभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में अभियान चला कर लगभग आठ एकड़ भूमि पर लहलहाती अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्र इंदुवा, दुमोहान, श्रीसमाध ग्राम के जंगली क्षेत्र में अफीम माफियाओं द्वारा पोस्ता की खेती की सूचना मिली थी। इसके आधार पर अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। साथ ही कहा कि खेती किसके द्वारा की गई है और भूमि किसकी है इसकी जांच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। अवैध पोस्ते की खेती करने वाले माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वयं अपनी खेती को नष्ट कर दें अन्यथा पकड़े जाने पर दंडनीय कार्रवाई के साथ लंबी अवधि तक जेल में रहना भी पड़ सकता है। अभियान में एएसआई निरज दुबे भी शामिल थे।



# गणेशपुर में हर्षोल्लास के साथ हुई मां शबरी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

गणेशपुर में बजरंग मंदिर के प्रांगण में बुधवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा माता शबरी सह भुईयां मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार भुईयां समाज के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां और विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदवा पश्चिम जिला परिसद सदस्य सरोज देवी मौजूद रहे। राजेन्द्र भुईयां ने कहा कि हम सभी लोग माता शबरी के वंशज हैं। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें, नशापान से दूर रखें। मौके पर तुलसी राम, प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र भुईयां, जीतन भुईयां, राम भुईयां, सुबोध भुईयां, सूरज भुईयां, हरिवंश भुईयां, गोपाल भुईयां, रामचरित भुईयां, मालती देवी, सुजीता देवी, गायत्री देवी, अंजू देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी, शोभा देवी आदि मौजूद थे।




# हाईवा की चपेट में आया बाइक सवार

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड के बिरहोर कॉलोनी जपुआ के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित कोल वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थिति नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंच कर कोल वाहन व चालक को अपने कब्जे में ले लिया। घायल युवक को रांची रेफर कर दिया गया। घायल थाना क्षेत्र के बारियातु निवासी मुनेश्वर पिता विजय यादव है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 5:00 से शाम 7:00 बजे तक सड़क जाम कर दी।



### सड़क दुर्घटना में पोस्टमास्टर जख्मी

एक अन्य घटना में प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक पर बुधवार को टेंपो की टक्कर से हंटरगंज के पोस्टमास्टर कौशलेंद्र सिंह घायल हो गए। घायल को स्थानीय क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद चतरा भेज दिया गया। बताया जाता है कि पोस्ट मास्टर हजारीबाग की ओर से आ रहे थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के चतरा-रांची मुख्यमार्ग स्थित डगबंदी के पास अज्ञात वाहन के धक्के से लावालौंग थाना क्षेत्र के खनगढ़ा निवासी मुकेश कुमार, पिता गोखुल गंझु की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मुकेश अपने रिस्तेदार के घर गोनिया बीरबल गंझु के घर आया हुआ था। वह मंगलवार शाम को मकईया टांड जाने के लिए भाई के साथ निकला। गोनिया से चलने के बाद डगबंदी मुख्य सड़क के पास शौच करने के लिए बाइक को रोकवाया। बाइक से उतर कर शौच के लिए जा रहा था कि नशे में होने के कारण सड़क पर गिर गया। गिरते ही तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन से धक्का लग गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस तरह की घटना से परिजनों में मातम पसर गया है।

## डीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरक्षण किया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मनीष लाल से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश व सुझाव दिए। उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड केंद्र, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र एवं महिला एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया। मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। उपायुक्त ने निर्धारित समय पर डॉक्टरों को रहने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी कमी के वजह से किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, डॉ. अजहर, अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार मौजूद थे।

# ग्राहक सेवा केंद्र से हजारों की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड मुख्यालय में संचालित बैंक आफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र से मंगलवार देर रात चोरों ने 40 हजार रुपये चुरा लिए। वहीं लक्ष्मी शू स्टोर के संचालक कामदेव दांगी व पहरा के पुरुषोत्तम कुमार के मोबाइल चुरा लिए गए। इस बाबत तीनों भुक्त भोगियों ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सीएसपी संचालक संटू कुमार ने बताया कि प्रखंड में बढ़ती चोरी की घटना से ग्रामीण व आम आवाम काफी परेशान हैं। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### गाड़ी से साउंड सिस्टम चोरी

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चटकपुर में चोरों के द्वारा मंगलवार रात्रि सवारी गाड़ी से 20-25 हजार रुपये के साउंड सिस्टम की चोरी कर ली गई है। राहुल कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह घर के बाहर वाहन खड़ा किया था। जब सुबह देखा तो चोरों ने गाड़ी से साउंड सिस्टम को तोड़ कर निकाल कर ले गए। थाने में आवेदन भी दिया गया है।

## मुआवजा भुगतान को लेकर रेलवे निर्माण कार्य को कराया बंद



**टंडवा।** लंबित जमीन मुआवजा भुगतान, रोजगार समेत विभिन्न मांगों को लेकर टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनगड़ा गांव के ग्रामीणों ने शिवपुर कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य को ठप करा दिया है। इससे ब्रिज निर्माण व मिट्टी ढुलाई कार्य बाधित रहा। बुधवार को दर्जनों ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचे और सभी कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि चतरा भू अर्जन विभाग की लापरवाही का खामियाजा रैयत भुगत रहे हैं। विभाग द्वारा 19 एकड़ के मुआवजा भुगतान से संबंधित नोटिस नहीं किया गया है। इसके कारण किसानों को मुआवजा लेने में दिक्कतें आ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा बगैर सीमांकन किए ही मिट्टी भरी जा रही है। चंद्रदेव साहू, शंकर साहू, सुगन साहू, जीवन राम, तपेश्वर राम, सकेंद्र राम ने बताया कि कंपनी ग्रामीणों के साथ छलावा कर रही है।

## एनटीपीसी की दूसरी यूनिट का ट्रायल रन सफलतापूर्वक संपन्न



**टंडवा।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना की पहली यूनिट से बिजली के सफल उत्पादन के बाद बुधवार अहले सुबह करीब 3.30 बजे दूसरे यूनिट का भी परीक्षण सफल हो गया। 72 घंटे तक चले ट्रायल ऑपरेशन के बाद एनटीपीसी अपनी दूसरी यूनिट के संचालन के लिए तैयार है। परीक्षण के दौरान अधिकतम 674.28 मेगावाट बिजली का सफल उत्पादन किया गया। मौके पर परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु पांडा, एचआर प्रमुख अनिल चावला, धीरज गुप्ता, एके शुक्ला, मुकुल राय, रऊन्द्र शर्मा, विकास दुबे आदिउपस्थित थे।

# राशन दुकान में लगी आग सभी सामान जलकर नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**



थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव में मंगलवार मध्य रात्रि राशन दुकान में आग लग गई, जिसमें दुकान में रखे सभी सामान जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित दुकानदार तिलेश्वर प्रजापति ने बताया कि मंगलवार रात्रि लगभग 8:30 बजे दुकान बंद कर के खाना खाने के बाद सो गए। लगभग 12 बजे रात्रि में जलने के गंध आया तो उठ कर देखा तो दुकान का सारा सामग्री जल रहा था। तभी आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझाने में असमर्थ हो गए, जब तक आग बुझाते तब तक सारा दुकान का समान जल चुका था। वहीं पीड़ित ने बुधवार को अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुकान में आग लगाने को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि इस तरह आंतक करने वाले पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित ने मुआवजे के लिए अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देते हुए बताया है कि बीस हजार रुपया नकद और तीन लाख से ज्यादा के किराना सामग्री जल गया है।

## गड़बड़झाला अबुआ आवास के आवंटन में अनियमितता व वसूली का आरोप

# पंचायत समिति की बैठक में जमकर हुआ हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। प्रमुख की अध्यक्षता व बीडीओ राहुल देव के संचालन में हुई बैठक में अबुआ आवास के आवंटन में बरती गई अनियमितता पर जमकर बहस हुई। कहा गया कि योग्य लाभुक आवास से वंचित रह गए हैं। योग्य लाभुक को न ही घर जाकर जिओ टैग किया गया है और न ही उचित स्कोर दिया गया। इस कार्य में पंचायत सचिव, स्वयंसेवक व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के प्रखंड समन्वयक की मिलीभगत की बू आ रही है। इसकी जांच करते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। यहां तक कि प्रत्येक आवास से 20,000 हजार से 30,000 हजार रुपए की वसूली होने की बात कही गई।



वहीं बैठक में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस खराब हो जाने के कारण विभाग से अतिरिक्त एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य केंद्र में लैब व एक्स-रे मशीन स्थापित करने की मांग की गई। बताया गया कि प्रखंड के सभी विद्यालय के बच्चों को ब्लड ग्रुप की जांच करना है, परंतु इसकी कोई भी व्यवस्था नहीं है। विभाग से ब्लड जांच करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि प्रखंड के बालू का उपयोग प्रखंड व पंचायत में ही किया जाएगा। यदि अवैध रूप से बालू की आपूर्ति प्रखंड से बाहर करते हुए पकड़े जाते हैं तो दोषी लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ बैठक से अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगी गई है। बैठक में अंचल अधिकारी राकेश सहाय, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, बीपीओ के साथ स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा कर्मी व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Palamu**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Mail ID: civilsurgeonpalamu@gmail.com**

Tender Notice No. 02/2024 **Short Tender notification** Date: 27-02-2024

Civil Surgeon cum CEO, Palamu invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed materials required in District Health Society, palamu**

**TENDER NOTICE No. 02/2024** **Dated: 27-02-2024**

**TENDER FOR THE SUPPLY OF: -Rate contract for different kind of printed material required in DHS palamu**

**DETAILED TENDER NOTICE**

1. **Tender reference** :
2. **Cost of tender fee** : 5,000/- (Five Thousand only) in form of demand draft in favour District health society , palamu
3. EMD : DD Amt 50,000.00
4. **Place of opening of tenders** : Office of District Health Society, palamu
5. Date of tender published : 27-02-2024
6. last Date of tender submission : 15-03-2024 By 5pm

**Note:1.** The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detail of the tender document may download from palamu district official website of www.palamu.nic.in
3. Detail information may get in the office of District Health society palamu at every working day in official times

**Civil Surgeon cum CEO, Palamu**

PR 320758 District(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
**e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100** (का0)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-02/2023-24**
**Dated :-28/02/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04/03/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21/03/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22/03/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिमरहट डैम का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड – पण्डवा, जिला – पलामू | पण्डवा | 76,61,700.00 | 1,53,300.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 2 | चौर आहर का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड – नीलाम्बर पीताम्बरपुर, जिला – पलामू | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 35,27,800.00 | 70,600.00 | 5,000.00 | 11 माह |
| 3 | राधा बॉध म0 सिं0 यो0 का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड – चैनपुर जिला – पलामू | चैनपुर | 34,92,300.00 | 69,900.00 | 5,000.00 | 11 माह |
| 4 | बैजुआखाला म0 सिं0 यो0 का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–पांकी जिला–पलामू | पांकी | 50,28,000.00 | 1,00,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

PR 320760 Water Resource(23-24)D
कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

## एक नजर

### पलमी के सहायक शिक्षक की मौत, शोक

**भंडरा।** मध्य विद्यालय पलमी के सहायक शिक्षक पोड़हा गांव निवासी बुद्धदेव भगत का बुधवार को अचानक निधन हो गया। बुद्धदेव बुधवार सुबह शौच के बाद अचानक गिर गए। परिजनों ने तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड कमेटी ने विद्यालय परिसर में मौन धारण कर शिक्षकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### विज्ञान प्रदर्शनी लगी

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने किया। छात्र छात्रओं द्वारा खान पान पोषक तत्व, पर्यावरण संरक्षण, घरेलू कचड़ा प्रबंधन, पंखा सहित ट्रॉली बैग, पवन चक्की, धुंवा का प्रबंधन, वायु प्रदूषण की रोकथाम सहित विज्ञान से संबंधित अन्य चीजों का प्रदर्शन किया गया था। प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी और अनामिका उरांव का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक के रूप में किया गया था। मौके पर मेराज आलम, चांदनी शाहदेव, डॉ. बैजयंती उरांव आदि उपस्थित थे।

### टास्क फोर्स की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम एप के जरिए हुई। बैठक में थाना व अंचलवार अवैध खनन व खनिज परिवहन के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें अंचल अधिकारियों/थाना प्रभारियों को अवैध खनन को लेकर छापेमारी की संख्या बढ़ाने, खनिज के अवैध परिवहन के लिए औचक जांच अभियान चलाये जाने और कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### फाइलेरिया लाइलाज

**लोहरदगा।** होली फेथ पब्लिक स्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रोशन जोसेफ टोप्पो एमपीडब्ल्यू, राम नरेश भगत एमपीडब्ल्यू, जयश्रित कच्छप, कमली देवी सहिया, करुणा एक्का सहिया आदि उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग से आए इन स्वास्थ्य कर्मचारी, सहिया एवं एएनएम द्वारा बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। मौके पर प्रबंधक अशोक कुमार मिश्रा, शिक्षक रोहित कुमार वर्मा, रजनीश कुमार, सूरज ठाकुर, मो. नूर हसन, रुखसार फातमी, रिया कुमारी, आस्था कुमारी, हनी हलिम, ललिता देवी, सीमा लकड़ा, स्मृति कुमारी आदि उपस्थित थे।

### किसान उत्सव दिवस

**लोहरदगा।** जिला कृषि कार्यालय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभुकों को 16वीं किस्त के रिलीज पर पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। इसमें अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा के साथ योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहायक जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, तकनीकी सहायक एनएफएसएम एवम सभी प्रखंडों के बीटीएम/एटीएम व लाभुक उपस्थित हुए।

# गौवंशीय पशुओं से भरे दो वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पुलिस ने गौवंशीय पशुओं तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पशुओं से भरे 2 वाहन जब्त किये। इस संबंध में मिली गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने भरनो थाना के पुराना थाना के समीप विशेष छापेमारी अभियान चलाकर गौवंशीय पशुओं से लदे पिक अप वैन व ट्रक जब्त किए। पिकअप में 11 और ट्रक में 31 कुल 42 मवेशी पाए गए हैं। इसमें एक मवेशी मृत है। दोनों वाहनों के चालक और सहयोगियों को गिरफ्तार भी किया गया है।



अभी सभी गोवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। थानेदार ने बताया कि उक्त मवेशियों को तस्करों द्वारा छतीसगढ़ से भरनो के रास्ते राजधानी रांची के कांटाटोली के बूचड़ खाना ले जा रहे थे। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# नप दुकानों के भाड़े में 600 फीसदी वृद्धि अतार्किक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से उनके विधानसभा कक्ष में मुलाकात कर लोहरदगा नगर परिषद द्वारा की गई दुकानों की अप्रत्याशित भाड़ा वृद्धि पर बात की। बताया कि पछले साल नगर परिषद लोहरदगा द्वारा दुकानों का किराया लगभग 600 प्रतिशत बढ़ा दिया गया था जो कहीं से तार्किक नहीं है। वैसे भी लोहरदगा की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। कई दुकानों में दिन



### वारिश कुरैशी मिले वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से, नप के भाड़ा वृद्धि के फैसले से कराया अवगत

दिन भर ग्राहक नहीं पहुंचते हैं। ऐसे में दुकानों के किराये में भारी वृद्धि कहीं से न तार्किक है और न ही मानवीय है। दुकानदारों के सामने ये बहुत बड़ी समस्या है कि वे दुकान का किराया दे कि अपने परिवार को पाले। इस भाड़ा वृद्धि को अविलंब वापस लेना चाहिए और उचित भाड़ा दुकानों का फिक्स करना चाहिए ताकि लोहरदगा के दुकानदारों को राहत मिले। डॉ. उरांव ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस संदर्भ में मैं नगर विकास सचिव से बात कर समाधान निकालने की कोशिश करूंगा।

### भंडरा में प्रभावित किसानों ने सरकार व प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की

# ओलावृष्टि से व्यापक नुकसान

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार शाम हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान प्रखंड के उदरंगी, सेगराटोली, अम्बेरा,आकाशी, मसमानों आदि क्षेत्रों में हुआ है। यहां पर तेज बारिश के साथ ही भारी ओलावृष्टि भी हुई है। जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि तेज भारी बारिश ओलाद्दष्टि से विभिन्न फसलों व सब्जियों को लाखों को नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों ने सरकार और प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है। प्रखंड में देर रात से हो रही बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलें बुरी तरह बर्बाद हो गई हैं। कुदरत के कहर से सबसे अधिक क्षति अनाज, मटर, ईख को हुई है। बताया जा रहा है कि इसके कारण लाखों का नुकसान हुआ है। प्रखंड के कई इलाकों में हुई जबरदस्त ओलावृष्टि ने किसानों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। किसानों का मानना है कि कुदरत के कहर से फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

**खेती की लागत निकालना हो जाएगा मुश्किल :** अब फसल बर्बाद होने के बाद महंगाई के चलते उनके लिए खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने मांग की कि प्रभावित इलाके का सर्वे कराकर सरकार और जिला प्रशासन पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की पहल करे। किसानों ने कृषि विभाग की उच्च अधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि जिस प्रकार मौसम ने पहला सुखे की मार और अब तेज बारिश ओलाद्दष्टि से गेहूं और फसलों को हुए नुकसान का आंकलन किया जाए। इधर उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि बारिश से क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान के लिए किसान अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करें। आकलन के लिए टीमें गांव का दौरा कर रही हैं। पूरी रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।



### आंधी व बारिश से किसानों को भारी नुकसान

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र की सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत बरही ग्राम सोमवार को अचानक आई आंधी और बारिश से गन्ने के पौधे गिर कर नष्ट हो गये। इससे रामजीत महतो, महाबीर प्रसाद, राजू महतो, रामकिशोर महतो, शिवलाल उरांव, बनवारी महतो, जलील अंसारी, रघु महतो, रामावतार उरांव सहित अन्य किसानों की हजारों एकड़ खेत में लगी गन्ने के पौधे गिरकर टूट जाने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। इससे किसान चिंतित हैं।



### भंडरा में बारिश में गिरा गरीबों का घर सहायता की गुहार

**भंडरा।** प्रखंड में मंगलवार शाम हुई मूसलाधार बारिश से कई गरीबों का आशियाना ढह गया। कई ग्रामीणों के घर पर लगे अल्बेस्टर उड़ गए। भैसमुंदो गांव निवासी गंदूर लोहरा मेहनत मजदूरी कर कच्चे मकान में रहकर परिवार का पालन पोषण करता है। उसके घर में लगा अल्बेस्टार उड़ गया, जिससे उसको दूसरे के घर में आश्रय लेना पड़ा। इधर भौरो गांव में ब्रजेश साहू के घर के छत पर पेड़ गिर गया। घटना के पूर्व समय रहते ब्रजेश साहू का परिवार मकान से बाहर निकल गया, जिसके चलते परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। सभी पीड़ितों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। इधर तेज बारिश के साथ तेज हवा से प्रखंड कार्यालय में लगा सोलर लाइट भी क्षतिग्रस्त हो गया। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि सभी पीड़ित परिवार अंचल कार्यालय में लिखित सूचना दें। आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# जिले में विज्ञान केंद्र का लोकार्पण आम नागरिक 3 से कर सकेंगे प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के विद्यार्थियों के बीच विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान केंद्र का लोकार्पण किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बिलाल अनवर ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।



मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीएसएस सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों, शिक्षकों सहित सैंकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर रोबो जतरा का भी आयोजन किया गया। रोबो रेस प्रतियोगिता में राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय गुमला की टीम -टीम विश्वेशरीय ने प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गुमला (सीलम) की टीम टेस्सी थॉमस ने द्वितीय एवं राजकीय उच्च विद्यालय गुमला की टीम विक्रम साराभाई की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं रोबो वार प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय गुमला की आर्यभट की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। उच्च विद्यालय, सीलम की टीम बीरबल साहनी ने द्वितीय एवं उच्च विद्यालय गुमला की रामानुजन की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को उपायुक्त एवं उपस्थित अधिकारियों के द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर कर सम्मानित किया गया।

विज्ञान केंद्र में 7 अलग अलग कक्ष बनाएं गएं हैं और यह सभी कक्ष एक दूसरे से बिलकुल भिन्न है। विज्ञान केंद्र में घुसते ही बाईं ओर खेती से जुड़े एक विशेष वैज्ञानिक पद्धति देखने को मिलेगी जहां मिट्टी को गुणवत्ता, वाटर लेबल, उष्णता आदि से संबंधित सभी जानकारी देखने को मिलेगी। केंद्र के अंदर बने मेकर्स स्पेस एवं स्पेस सेंटर में श्फटेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है जहां से झारखंड के प्रमुख स्थलों एवं आकाशमंडल के भ्रमण करने का अनुभव एक कमरे में खड़े होकर ही लिया जा सकता है। वहीं मिनिरल गैलरी में घुसने पर वहां झारखंड की माइनिंग एवं मिनरल्स से जुड़ने का अनुभव प्राप्त होगा।इमर्सिव एरेना में एंट्री सीधे गेम जोन की ओर ले जाता है, जहां 3डी गेम्स, बाइसिकल रेस तथा वाईफाई कनेक्टेड कई तकनीकों पर आधारित रोमांचक गेम्स देखने और खेलने मिलेगी।

इंडस्ट्री जोन में घुसने पर कई रोबोट्स, 3डी प्रिंटर, प्रिंटिंग पेन एवं इंडस्ट्री से जुड़े कई महत्वपूर्ण जानकारी देखने का अनुभव मिल सकता है। इसके साथ ही साइंस हब में गुरुत्वाकर्षण,टेस्ला कॉयल, न्यूटंस क्रेडल्स, ट्रांसपेरेंट लंग्स, फेरोफ्लुइड,ह्यूमन टॉर्स, प्लाज्मा बॉल, वैनदे ग्राफ जेनरेशन, मैग्नेटिक लेबिटेशन, माइक्रोस्कोप, सैंड गेम्स, इनफिनिटी मिरर, मानवा शरीर की संरचना जैसे कई विज्ञान से जुड़े रोचक चीजे देखने को मिलेगी। विज्ञान केंद्र जिले के नागरिकों के लिए 3 मार्च से खुलेगा, जिसके लिए एंट्री दर 30 रुपये एवं 16 वर्ष से कम के बच्चों के लिए 20 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

# 'बजट से युवा वर्ग फिर हुआ निराश'

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लाल मनीष नाथ शाहदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार के बजट को निराशा जनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो किसानों को न मजदूरों को और न ही व्यापारियों का ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर आम नागरिकों को ठगने वाले इस बजट में किसानों, व्यापारियों, युवाओं के लिए कुछ नहीं नजर आ रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दिए जाने के वादे को लेकर भी सरकार खरी नहीं उतरी। वहीं व्यापारियों को स्टॉक का बीमा पर कोई घोषणा नहीं की गई। बिजली की व्यवसायिक दर दोगुनी हुई है। 60 साल से ऊपर के व्यापारियों को पेंशन दिए जाने की घोषणा नहीं की गई। युवतियों की तरफ से परिवहन सुविधाओं के लिए बजट से उम्मीदें थी कि सुरक्षित, सुविधाजनक और वाणिज्यिक दृष्टि से विपणि किए जाने वाले परिवहन साधनों को प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के लिए बजट में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षा मानकों को बनाए रखने, विज्ञान, तकनीक और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने, शिक्षकों की तकनीकी और पेशेवर विकास के लिए संसाधन सुनिश्चित करने और छात्रों को विभिन्न विषयों में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रावधान नहीं दिख रहा है।



### 'झारखंड सरकार का बजट संतुलित'

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की निवासी उज्ज्वल शुक्ला ने कहा कि राज्य का बजट संतुलित और सराहनीय है। वित्त मंत्री ने राज्य को कई बड़ी सौगात दी हैं। इससे राज्य का सर्वांगीण विकास होना तय है। सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखा है, जो झारखंड को विकास के पथ पर अग्रसर करेगा। गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, मजदूरों, किसानों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है।



### 'बिजली दर में बढ़ोतरी आम जनता पर बोझ'

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव कंवलजीत सिंह ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों में 7.66 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी की मंजूरी देकर आम जनता के ऊपर एक और बोझ लादने का काम किया है। एक तरफ झारखंड में जनता आम बजट के वक्त सरकार से रियायतों की उम्मीद कर रही थी। वहीं दूसरी ओर सरकार ने बिजली दरों में बढ़ोतरी करके उपभोक्ताओं को एक और चोट दी है। इसी तरह डीजल, पेट्रोल में वैट कम नहीं करके झारखंड सरकार आम जनता की जेब काट रही है। अब बिजली की बढ़ी दरों के माध्यम से जनता को दोहरी मार पड़ेगी। आजसू पार्टी सरकार से मांग करती है कि अविलंब बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लिया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### कुडू-सरना टोली सड़क पर फिर ग्रहण

**कुडू।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुडू ब्लॉक मोड़ से सुंदरू होते हुए सरना टोली मोड़ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे बुलडोजर ऑपरेटर पर की गई फायरिंग के बाद दूसरे दिन कार्य पूरी तरह बंद रहा। चर्चा है कि गोलीचालन की घटना से मजदूरों में दहशत है। हालांकि काम बंद होने की असली वजह जानने के लिए संवेदक के मुंशी राजेंद्र कुमार शर्मा उर्फ मुखिया से मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई। ज्ञात हो कि सोमवार 26 की शाम काम से वापस लौट रहे बुलडोजर ऑपरेटर धीरज सिंह को तीन की संख्या में पहुंचे अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसका इलाज रिम्स रांची में चल रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके पर माओवादी के चार पर्चे भी छोड़े थे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुडू ब्लॉक मोड़ से सरना टोली मोड़ तक जाने के लिए पक्की सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। लगभग आठ किलोमीटर यह सड़क लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से बनाई जानी है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन०आर०ई०पी०, चतरा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/20/2023-24 दिनांक– 28.02.2024

1. मद का नाम : DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | नगर परिषद चतरा | अल्पसंख्यक छात्रावास (बिण्ड मोहल्ला ) उन्नयन कार्य। | 8281300 | 166000 | 10000 | 6 माह |
| 02 | प्रतापपुर | घोरीघाट मथुरापुर | जनता हाई स्कुल में वर्ग कक्ष का निर्माण। | 5473200 | 110000 | 10000 | 6 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.03.2024
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19.03.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–20.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229,7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 320654 NREP (23-24)_D



## Office of the Nagar Parishad, Chatra

**E-Procurement Notice**

**NIT No: UDD/CH/NPC/07/2023-24 (3rd Call), Date: 26.02.2024**

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 18 KLD at Chatra town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years. |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ` 3,09,35,010.00 Operation & Maintenance Cost: `2,13,71,314.00 Total: ` 5,23,06,324.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ` 5,23,100/- (Rupees Five Lakhs Twenty-Three Thousand One Hundred Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ` 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 02.03.2024 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 02.03.2024 at 10:00 AM |
| 8 | Start date for seeking clarification | NA |
| 9 | End date for seeking clarification | NA |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 06.03.2024 at 03:00 P M, e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. |
| 11 | Bid submission Start date | 07.03.2024 at 10:00 AM |
| 12 | Bid submission end date | 16.03.2024 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 18.03.2024 at 11:00 AM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad Chatra |
| 16 | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |

**Note:** Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in)
**Note:-** According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

PR.NO.320641 Urban Development(23-24):D — Administrator, Nagar Parishad Chatra


**पहल** — कौशल विकाश केंद्र में सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

# बच्चों व महिलाओं को कुपोषण मुक्त करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**

चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में बुधवार को सेविकाओं को कुपोषण मुक्त एवं शिशुओं की शारीरिक वृद्धि का आकलन संबंधी 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में सेविकाओं को विस्तार से विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी, ताकि कार्य करने में परेशानी न हो। साथ ही बच्चों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक सुजीत कुमार ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने- अपने आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य दिन से पांच साल के सभी बच्चों के शारीरिक वृद्धि का सही तरीके से आकलन कर सके।



आज भी हमारे गावों में बहुत सारे बचे कुपोषण के शिकार हैं, जिन्हें हमें सही आकलन और सही सलाह के माध्यम से कुपोषण मुक्त करना है और कुपोषण के चक्र को तोड़ना है। महिला प्रवेक्षक स्वस्ति देवी व कावेरी गुप्ता द्वारा शून्य दिन से पांच साल के बच्चों में शारीरिक वृद्धि के आकलन के संबंध में जानकारी दिया गया। बताया गया कि आपके पोषक क्षेत्र के जो भी शून्य दिन से 5 वर्ष के शिशु हैं उनका वजन एक नियमित अंतराल में लेना है। साथ ही उस वजन को रजिस्टर में दर्ज करना है। वही सेविकाओं को बताया कि सभी बच्चों में कम से कम पांच साल तक विकास करने की क्षमता एक जैसी होती है। अगर एक बच्चा कुपोषित है, इसका मतलब है कि उसका शरीर और मानसिक विकास कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चे रोग से लड़ नहीं पाते हैं। इसलिये बार बार वे बीमार पड़ जाते हैं और इससे उनके जान पर खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को खिलाने से पहले साबुन से अपने हाथ धोएं और साथ ही बच्चे का हाथ भी धुलाएं। गर्म भोजन खिलाएं तथा खाना में चावल दाल के साथ पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए। इस प्रशिक्षण में चारो सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर तिसरी और गांडेय में भाजपा की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** आगामी 1 मार्च को धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर गिरिडीह जिले के तिसरी और गांडेय प्रखंड में भाजपा कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गांडेय और तिसरी के दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया। तिसरी प्रखंड के बरनवाल धर्मशाला में तिसरी मंडल और चंदौरी मंडल की सामूहिक बैठक हुई। कार्यक्रम को लेकर तिसरी प्रखंड के कार्यकताओं द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। कार्यकर्ता सभी क्षेत्र में जाकर जनता से मुलाकात कर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को बताएंगे और जो पार्टी द्वारा फॉर्मेट मिला है उन्हें वितरण करेंगे। इस बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, सुनील शाह , लक्ष्मण मोदी, उदय साव, गोपी रविदास, माला सिन्हा उपस्थित थे । वही गांडेय प्रखंड में तीनों मंडलों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 1 मार्च को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद के बलियापुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए तैयारी की समीक्षा की गई। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने बैठक में शामिल सभी पंचायत कार्यकताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# पीएम के कार्यक्रम में भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू

**सांसद सीपी चौधरी मुख्य रूप से हुए शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की उपस्थिति में बुधवार को डुमरी में आजसू पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में 1 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धनबाद आगमन पर भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गयी। जिप सदस्य प्रदीप मंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क ग्रामीण योजना में भी तीव्र गति से काम हो रहा है,सांसद के कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में बहुत ही काम की गयी है। डुमरी में केंद्रीय विद्यालय की भी स्वीकृत हो चुकी है पर जमीन का उपलब्धता नहीं होने पर नहीं बन पाई है। वहीं आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी ने कहा कि सांसद के कार्यकाल में बेरमो से डुमरी तक रोड को फोरलेन पास की गई है जिसका कार्य बहुत ही जल्द शुरू की जाएगी। सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो ने कहा की तीसरी पारी में भी केन्द्र में एनडीए गठबंधन की सरकार बननी तय है। हमारी सरकार ने सभी घरों में पानी, शौचालय, बिजली, खाद्यान्न की व्यवस्था की है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी चोरी और सीनाजोरी भी करती है,हमने अपने कार्यकाल में छह विधानसभा में तीव्र गति से काम हुई है और लगातार होगी भी। हमारे कार्यकर्ता सांसद प्रतिनिधि के रुप में है जो क्षेत्रों के आवश्यकता के अनुसार काम का जिक्र करते हैं।

# पशु तस्करी के विरुद्ध डुमरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता



54 गोवंशीय पशु लदा कंटेनर पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** अवैध गोवंशीय पशु तस्करी के विरूद्ध गिरिडीह एसपी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के आदेशानासार डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में डुमरी एवं निमियाँघाट थाना के द्वारा बुधवार को एक कंटेनर संख्या एनएल 01एएफ 0625 जिसमें क्रुरता पूर्वक 54 गोवंशीय पशु लदा है, को डुमरी टॉल प्लॉजा के समीप से पकड़ा गया। उक्त कन्टेनर में क्रुरता पूर्वक ले जा रहे कुल 54 गोवंशीय पशु जिसमें (बैल-37, गाय-11, बछड़ा-4, बाछी-2) को मुक्त कराया गया। इस संबंध में कन्टेनर चालक, खलासी, कन्टेनर मालिक, पशु तस्करी में शामिल लोगों के विरूद्ध काण्ड अंकित किया गया है। वहीं इस दौरान जिन्हें गिरफ्तार किया गया उसमें कंटेनर के सह-चालक सब्बीर कुरैशी (40) पिता मुनीफ कुरैशी ग्राम बेलौरी थाना मोहनिया जिला भभुआ (बिहार) है जबकि छापेमारी टीम में डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह, डुमरी थाना के पुअनि मणिकांत कुमार, सशस्त्र बल आरक्षी पंकज प्रजापति,पप्पु कुमार यादव दोनों सैट-91 निमियाघाट थाना, आरक्षी शम्भु साव,अनिल कुमार,पंकज दांगी चालक हवलदार सुरेंद्र यादव शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्त पर पूर्व में भी हजारीबाग (मुफ्फसिल) थाना काण्ड संख्या 122/21 तिथि 03 जून 2021 धारा 414/34 आईपीसी एवं पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज बताया जा रहा है।

# दर्जनों ग्रामीणों ने बोला हल्ला ओपी के सामने धरना पर बैठे

**आरोप निराधार, मामले को घुमाकर किया जा रहा पेश : थाना प्रभारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह/तिसरी।** मनसाडीह ओपी क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस पर रात्रि में एक व्यक्ति के घर में घुसकर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हल्ला बोला। साथ ही मामले को लेकर क्षेत्र के दर्जनों महिला और पुरुष ग्रामीण व जनप्रतिनिधि बुधवार को मनसाडीह ओपी के समक्ष धरने पर बैठ गए। हालांकि हो - हंगामा के घंटों बाद भाकपा माले की अगुवाई में ओपी प्रभारी से वातालर्प कर मामले को सुलझा लिया गया। जानकारी के अनुसार मनसाडीह निवासी रामदेव यादव के पुत्र आशीष यादव व एक स्थानीय कथित दुकानदार के बीच सामान खरीदने के दौरान विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनों में थोड़ी बहुत हाथा - पाई भी हुई थी। इस मामले को लेकर उक्त दुकानदार ने मनसाडीह ओपी में लिखित शिकायत भी की थी। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर मामले का निपटारा हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच हुए सुलहनामे को ओपी को सुपुर्द कर दिया गया था। आरोप है कि इसके बाद भी ओपी प्रभारी ने बुधवार की अहले सुबह आशीष यादव के घर में घुसकर उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ओपी के समक्ष ही धरने पर बैठकर जमकर हंगामा किया। मामले की जानकारी मिलने के बाद जय नारायण यादव के नेतृत्व में भाकपा माले की टीम वहां पहुंची और ग्रामीणों व ओपी प्रभारी से बातचीत कर मामले को सुलझाया। साथ ही जनप्रतिनिधियों और ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा - बुझाकर उन्हें शांत करवाया।

# अवैध खनन रोकने की दिशा में उठाएं सख्त कदम

**उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैधबालू/ कोयला/ अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये।

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**E-PROCURMENT NOTICE (SHORT TERM NOTICE)**
**Request for Proposal / E-procurement Notice**

*Request for Proposal no. :- UDD/NPB/45/2023-24 Date : - 28.02.2024*

Request for Proposal are invited on behalf of **Nagar Parishad Bishrampur (NPB)** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible Companies / Firm / Construction / Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works :

| SL. | Discription of Package | ESTIMATE COST (Rs. In Lakh) | EARNEST MONEY (Rs. In Lakh) (1% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE (GST 18% Incuded) | COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection and Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up and operation of material recovery facility, transfer station and transpotation facility, developing and operating a wet and dry waste processing facility and engineered sanitary landfill facility in municipal area as per SWM rules 2016 and SBM 2.0 guidelines, for Bishrampur Nagar Parishad on a long term design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20Years O&M. | 1293.01 & 14429.44 | 12.93 | 29500.00 | 16 Months Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 29.02.2024 04:00 PM | | | |
| 3 | Last Date for Receiving Queries | 09.03.2024 02:00 PM | | | |
| 4 | Pre Bid Meeting | 09.03.2024 02:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 20.03.2024 04:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | 23.03.2024 04:00 PM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9525633383, 9771761820 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | - | | | |

NOTE: -
1. Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in .
2. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 320757 District(23-24).D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– **DOPR/DE/ZP/Palamu 09/2023-24**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 08.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | पोलपोल कला | पंचायत भवन पोलपोल कला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 2026600.00 | 41000.00 | 5000.00 | 6 माह | 01/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |
| 2 | हुसैनाबाद | बनियाडीह बराही | पंचायत भवन बनियाडीह बराही के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 2026600.00 | 41000.00 | 5000.00 | 6 माह | 02/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |
| 3 | छतरपुर | कालापहाड़ | पंचायत भवन कालापहाड़ का मरम्मति। | 2469600.00 | 49500.00 | 5000.00 | 6 माह | 03/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 320750 District(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)**

निविदा सूचना संख्या–DWSD/RELO/DT/CTR/25/2023-24 दिनांक – 28.02.2024

A. Name of Work :- Relocation of defunct 125/115 mm dia 60.00 Mtrs Deep Drilled Tube Well with Installation of I.M-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue UPVC Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2024-25

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RELO/DT/CTR-01 (Chatra Sub-Division) | 35 Nos. | 29.36087 | 0.59 | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | RELO/DT/CTR-02 (Simariya Sub-Division) | 35 Nos. | 29.36087 | 0.59 | 5,000/- | 60 Days |
| 3 | RELO/DT/CTR-03 (Hunterganj Sub-Division) | 35 Nos. | 29.36087 | 0.59 | 5,000/- | 60 Days |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.03.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 12.03.2024 समय 05:00 बजे पूर्वाहन तक |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 320732 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 ,email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 15/2023–24 दिनांक 26.02.2024

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | किस्को | परहेपाट | परहेपाट पंचायत का भवन निर्माण | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 01(एक) वर्ष |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–04.03.2024
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय:–09.03.2024 / 01:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय:–11.03.2024 / 01:00 बजे अपराह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 320734 Lohardaga(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 01/2024–25**

**संशोधित**

**PR No. 320474 Lohardaga (2023-24) #D**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 219/दिनांक 05.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित अनुमानित मत्स्य बीज उत्पादकों को 5500 लाख एवं जिलान्तर्गत जलाशयों तथा नदियों में निर्मित छाड़न में संचयन के लिए 800 लाख अर्थात कुल 6300 लाख मत्स्य स्पॉन उपलब्ध कराने हेतु हैचरी संचालक, मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. निविदा की राशि – 32.98/– (मो0 बत्तीस लाख अंठानबे) रू0 मात्र।
3. अग्रधन की राशि – 66000.00 (छियासठ हजार) –रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अतिम तिथि:– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 06.03.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 06.03.2024 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
6. निविदा खुलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में।
7. दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
8. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि/एवं lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 320677 Lohardaga(23-24).D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
## NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD

**E-PROCUREMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

**Reference No. UDHD/NPH/07/2023-24**

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est.Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त मद | | | | | | | |
| 4 | 03 | UDHD/NPH/07/2023-24/01 | Construction of RCC Drain from Anumandal Gate to Govt Hospital to Navinagar Road Under Nagar Panchayat Hussainabad | 5886600.00 | 117800.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 5 | 01 | UDHD/NPH/07/2023-24/02 | Construction of RCC Guard wall & RCC Footpath Bridge on Main Canal Near Bhuiya Tola Under Nagar Panchayat Hussainabad | 5531400.00 | 110700.00 | 10000.00 | 03 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 29.02.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 29.02.2024, 03:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 09.03.2024, 02:00 pm |
| 4 | Date of bid opening | 11.03.2024, 05:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAIN ABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 9798635093 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 8409727716 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhand tenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 320668 District(23-24)#D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक....................../दिनांक ..............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2024 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 2308240 (तेइस लाख आठ हजार दो सौ चालीस रूपए मात्र) | 230824.00 (दो लाख तीस हजार आठ सौ चौबीस रूपए मात्र) | दिनांक–07.03.2024 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–07.03.2024, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 7070.00(सात हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–07.03.2024 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–07.03.2024, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पाँच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1.0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2.30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्ते कंडिका –5 में बोली में न्यूनतम 20000.00रु एवं अधिकतम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
– विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के संपर्क सूत्र– 9835206770 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 320674 (District) 23-24 (D)

# राज्यसभा में बीजेपी बहुमत के करीब

लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा में बहुमत के लिए लंबे समय से प्रयासरत भाजपा और एंडी गठबंधन ने चुनाव की अग्निपरीक्षा में इंडी गठबंधन को बड़ा राजनीतिक झटका दे दिया है। अप्रैल में खाली होने वाली 56 राज्यसभा सीटों में से बीजेपी ने 30 सीटों पर जीत हासिल का ली है। इनमें से 20 तो निर्विरोध चुन लिए गए पर वोटिंग के आधार पर 10 सीटों पर जीत हासिल हुई। अब राज्यसभा में भाजपा के सांसदों की संख्या 97 हो जाएगी और भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए के सांसदों की संख्या 117 हो जाएगी। सभी 56 सदस्यों के शपथ लेने के बाद 240 सदस्यीय सदन में बहुमत के आंकड़े 121 से चार कम है। दलगत स्थिति की बात करें तो, बीजपी 97 सांसदों के साथ राज्यसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। इनमें से पांच मनोनीत सदस्य शामिल हैं ।29 सांसदों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर है।राज्यसभा चुनाव में हिमाचल और उत्तर प्रदेश में दल की सीमारेखा तोड़कर वोटिंग हुई है। बीजेपी को हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक-एक सीटों का लाभ हुआ है। इससे भाजपा के सांसदों की संख्या 97 हो जाएगी। उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल प्रदेश तक राज्यसभा चुनाव में जिस तरह से कांग्रेस और सपा के विधायकों ने दल की सीमारेखा तोड़कर वोटिंग की उससे भाजपा उम्मीदवार की जीत की राह आसान हो गई, उससे यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले ही बड़े विपक्षी दलों के नेताओं में खलबली मची हुई है। 22 जनवरी को राम मंदिर को लेकर देश विदेश में जो उत्साह दिखा उसे देखकर आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत को सुनिश्चित मानकर विपक्षी दलों के नेता भी अब बीजेपी के साथ ही जुड़ना चाहते हैं। राज्यसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो चुनाव आयोग द्वारा 15 राज्यों की कुल 56 सीटों पर चुनाव की घोषणा की गई थी, जिसमें से 12 राज्यों में 41 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं। लेकिन तीन अन्य राज्यों - उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सीट के मुकाबले ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण बाकी बची 15 सीटों पर मंगलवार को चुनाव हुए । हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार होने के बावजूद कांग्रेस अपने विधायकों की दल की सीमारेखा तोड़कर वोटिंग को नहीं रोक पाई, हालांकि इस पहाड़ी राज्य में बीजेपी की जीत में भाग्य की भी बड़ी भूमिका रही और पर्ची ने बराबर झबराबर की स्थिति में भाजपा को जिताया । 56 सांसदों में से 41 निर्विरोध चुने गए। एक बार जब द्विवार्षिक चुनावों में चुने गए सभी 56 सदस्य शपथ ले लेंगे, तो पांच रिक्तियों (जम्मू-कश्मीर से चार और मनोनीत सदस्य श्रेणी से एक) को शामिल करने के बाद उच्च सदन की ताकत 240 हो जाएगी। राज्यसभा चुनावों में चुने गए सभी 56 सांसदों में से 41 निर्विरोध चुने गए हैं। यूपी की 10, कर्नाटक में चार और हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर चुनाव हुआ। इसके बाद बीजेपी को 30 सीटों पर जीत हासिल हुई है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें दांव पर थीं। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में छह-छह सीटें दांव पर थीं। मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पांच-पांच, कर्नाटक और गुजरात में चार-चार, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीटों पर चुनाव संपन्न हुए।मंगलवार के मतदान के बाद बीजेपी 97 सदस्यों के साथ राज्यसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। इसके बाद राज्सभा में कांग्रेस के 29 सदस्य, तृणमूल कांग्रेस के 13, द्रमुक और आप के 10-10, बीजडी और वाईएसआरसीपी के नौ-नौ, बीआरएस के सात, राजद के छह, सीपीएम के पांच और अन्नाद्रमुक और जदयू के चार-चार सदस्य हो जाएंगे। इंडी हो या एंडी दोनों गठबंधन अब असली लड़ाई के मॉड में आएंगे ।

**अप्रैल में खाली होने वाली 56 राज्यसभा सीटों में से बीजेपी ने 30 सीटों पर जीत हासिल का ली है। इनमें से 20 तो निर्विरोध चुन लिए गए पर वोटिंग के आधार पर 10 सीटों पर जीत हासिल हुई।**

इन दिनों

# अधिकतम मतदान का आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत



ललित गर्ग



***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गये मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जायेगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाय, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाय। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रूख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते। भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थनवाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाय बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुर्माना निश्चित होना चाहिए।

## आपकी बात

### सेवाविमुक्त चौकीदार आर्थिक तंगी से बदहाल रोजी या मृत्यु की मांग



**झारखण्ड** राज्य में वर्ष 2016 में कुल 528 सेवाबर्खास्त चौकीदार बदहाली कि जिंदगी जीने को विवश है,आज उक्त सभी लोग आर्थिक तंगी के कारण दर-दर भटक रहे है पर कोई भी इनकी सुनने को तैयार नहीं। आज परिस्थिति ऐसी हो गयी है कि यें सभी न घर के है और न घाट के! इस बढ़ती महंगाई और ऐसे समय में बर्खास्त किये गये कि इनकी हालत 'धोबी के कुत्ते जैसा हो गया है' यें मुहवारा बर्खास्त चौकीदारों कि स्थिति स्पष्ट करती है, आज इनको परिवार का भरण-पोषण करना दुर्लभ हो गया है। सेवा बर्खास्त चौकीदार आज समय के ऐसे पड़ाव पर है, जहां आगे गढ़ा पीछे खाई है न तो आगे जा सकते है और न पीछे। इनकी घर कि आर्थिक स्थिति दयनीय हो गया है इनके पास जो बचा-खुचा था वह भी केस और नेताजी से मदद मांगने में चला गया। जहां वकील साहब और नेताजी नें झूठे दिलासा देकर धन शोधन करते रहे लेकिन परिणाम इनके विपरीत ही है। चौकीदारों कि नियुक्ति गृह विभाग पटना का पत्रांक-11287 तिथि 20/12/1995, गृह विभाग राँची का पत्रांक -3472 तिथि 2/9/2009 एवं झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव गृह विभाग राँची का पत्रांक -4504 तिथि 21/07/2010 में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 1/1/1990के बाद सेवानिवृत चौकीदार के नामित आश्रितो को एक बार मौका दिया जाय, इसी आदेश के आलोक में एक बार सेवा निवृत चौकीदारों के आश्रितो कि नियुक्ति हुयी थी, जो 2 से 6 वर्षो तक सेवा दे चुके हैं जिन्हे वंशवादी का हवाला देकर हटा दिया गया है। सेवामुक्त चौकीदारों का कहना है कि जिस दिन हमारे पूर्वज गुलामों कि तरह थानो में बिना किसी मजदूरी के काम करते थे और गाँव कि हर घटना कि जानकारी देते थे और जिसके बदले में किसी प्रकार का कोई वेतन नहीं था। खरवन (भीख ) मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण जरते थे। आज भी बिहार झारखण्ड को छोड़ कर देश के किसी भी राज्य में चौकीदार को सरकारी सेवक का दर्जा नहीं है। राज्य अलग होने से पहले संयुक्त बिहार के चौकीदारों नें सरकारीकरण के लिए संघर्ष किया और आंदोलन से बाध्य होकर 1990 इसवीं में तत्कालीन सरकार नें चौकीदारों को सरकारी दर्जा दिया, लेकिन सरकारी मान्यता होने के बाद वैसे चौकीदारों को कोई लाभ नहीं मिल पाया जिनका सेवा उम्र पूर्ण होनें वाला था और वे सरकारी होने के एक माह या एक वर्ष बाद ही सेवानिवृत होने वाले थे,'इस परिस्थिति को देखते हुए पत्रांक -11287तिथि 20/12/1995 गृह सचिव राजबाला बर्मा के समय यह आदेश दिया गया कि 1990 के बाद सेवानिवृत होने वाले सभी चौकीदारो के आश्रितो को एक बार मौका दिया जायेगा। इसके बाद भी स्थिति यथावत है।

**- रमना**

राजनीति

# संदेशखाली की टीस और टीएमसी की गुंडागर्दी



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***पश्चिम*** बंगाल में ममता बनर्जी के राज में अत्याचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसके तमाम सुबूत पिछले कई वर्षों से लगातार सामने आ रहे हैं। पहले जो अत्याचार वामपंथ की सत्ता में यहां हो रहा था, वही आज ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग कर रहे हैं। कल के वामपंथी आज ममता के साथ खड़े हैं। जिस अत्याचार से मुक्ति दिलाने के भरोसे यहां की आम जनता ने ममता को सत्ता में बैठाया, वह अब अपने को ठगा महसूस कर रही है। पश्चिम बंगाल में गहरे से देखा जाय तो यही जान पड़ता है कि पूरे भारत में जो नियम और संविधान चलता है वो आज वह इस राज्य में में नहीं है। यहां तो टीएमसी के लिए एक नियम है और अन्यों के लिए एक अलग नियम है। स्थिति इतनी खतरनाक है कि कब, कहां बम फोड़ दिया जाए कुछ पता नहीं। यहां कई जिलों में महिलाओं की चीखों के साथ रात गुजरती है। नहीं दिखता यहां ममता बनर्जी को महिलाओं का दर्द, अब तक 1250 शिकायतें सामने आईः पंश्चिम बंगाल में जो दर्द ''संदेशखाली'' क्षेत्र का बाहर निकलकर आया भी, तो उसे दबाया जा रहा है। पिछले तीन दिन में यहां पर तीन हमले हुए हैं। लोगों को डराया जा रहा है। विशेषकर महिलाओं पर हमले हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल की स्थिति कितनी खराब है, वह इससे भी समझा जा सकता है कि एक महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यहां की महिलाओं का दर्द दिखाई नहीं दे रहा है। राज्य में कितनी अधिक अराजकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि यहां सिर्फ संदेशखाली क्षेत्र में ही 18 फरवरी से अब तक 1250 शिकायतें मिली हैं। यौन उत्पीड़न का नया मुख्य केंद्र ''संदेशखाली'' है, आज यह सामने आया है। अनुसूचित जनजाति आयोग को आदिवासी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की 50 शिकायतें मिली हैं। प्रशासन को 400 जमीन हड़पने की शिकायतें मिली हैं। ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पास जितनी भी शिकायतें पीड़ितों ने की हैं, उनमें से अधिकतर जमीनों पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के साथ रेप और यौन शोषण जैसी शिकायतें हैं।

**पहले जो अत्याचार वामपंथ की सत्ता में यहां हो रहा था, वही आज ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग कर रहे हैं। कल के वामपंथी आज ममता के साथ खड़े हैं।**

बोधि वृक्ष

## गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर



60-70 के दशक में बिरला ग्रुप ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। आज भी श्री बंशीधर की प्रतिमा कला के दृष्टिकोण से अति सुंदर एवं अद्वितीय है। भगवान श्रीकृष्ण की इस प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आज तक इस पर किसी तरह का पोलिस नहीं किया गया है। बावजूद प्रतिमा की चमक धूमिल नहीं हुई है। कहीं भी पहले मंदिर बनता है, इसके बाद देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पर यहां पहले भगवान श्रीकृष्ण आये, इसके बाद मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर के नाम पर झारखंड सरकार ने शहर का नाम श्री बंशीधर नगर कर दिया। यह यहां के लोगों के लिए गौरव की बात है। **श्रीकृष्ण सर्किट से जुड़ेगा श्री बंशीधर मंदिर** श्रीकृष्ण सर्किट से जुड़ने के बाद श्री बंशीधर मंदिर का धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ मंदिर के विकास को भी गति मिलेगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 18 नवंबर 2019 को लोकसभा में श्री बंशीधर मंदिर को श्रीकृष्ण सर्किट से जोड़ने की मांग पुरजोर तरीके से रखी थी। इस पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अधीन स्वदेश दर्शन के सहायक निदेशक पावस प्रसून ने झारखंड पर्यटन मंत्रालय से श्री बंशीधर मंदिर के पुरातात्विक व ऐतिहासिक महत्व से संबंधित रिपोर्ट की मांग की है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Rajiw Shrivastava
28 m ·

Away from the hustle and bustle of city life, visiting village home is always a pleasant experience.



Imteyaz + 24 · 5 comments
Like · Comment · Send

## X- से

Geeta kora @Geetakora1 · 15h

यह कैसा बजट है। सरकार सिर्फ चेहरा चमकाने में लगी है। युवा पीढ़ी सड़क पर आंदोलित है। ऐसा अब नहीं चलेगा। बजट राज्य के सभी वर्ग के लोगों के साथ छलावा के अलावा कुछ नहीं है। @BJP4Jharkhand @BJP4India



113 · 77 · 330 · 13K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आत्मनिर्भर भारत और बदलता कृषि परिदृश्य



मुकुंद

***देश*** आत्मनिर्भरता की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान ने ग्रामीण जनजीवन की दिशा और दशा बदल दी है। खेती-किसानी की बात की जाय तो मोदी सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी)' पहल ने कृषि परिदृश्य को बदल दिया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञ इस पहल को आर्थिक तरक्की और सांस्कृतिक धरोहर के मधुर संगम के रूप में देख रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने राज्यसभा सत्र-262, अतारांकित प्रश्न क्रमांक- 686, दिनांक-08 दिसंबर 2023 के आधार पर आत्मनिर्भर भारत के बदलते कृषि परिदृश्य पर कुछ उदाहरण देश के सामने रखे हैं। गुजरती फरवरी की शुरूआत में इस पहल पर शब्द चित्र से याद दिलाया गया कि 2018 में साहसिक दृष्टिकोण के साथ बोया गया बीज आज अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह पहल क्षेत्रीय आर्थिक विभाजन को पाटती हुई लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है। ओडीओपी का उद्देश्य एकल प्रतिष्ठित उत्पाद के माध्यम से प्रत्येक जिले की अनूठी शक्ति की पहचान कर उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और स्थानीय समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। आज यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' की खुशबू बिखेर रही है। कारीगर, किसान और उद्यमी सशक्त हो रहे हैं। चार साल में यह बीज तेजी से विकास करते हुए कोमल पौधे से हरे-भरे बगीचे की शक्ल ले चुका है। पीआईबी के अनुसार, या यूं समझिए कि ओडीओपी के परिश्रम का फल अब पक गया है। इसका मधुर स्वाद संबंधित समाज को मिलने भी लगा है। इस पहल ने देशभर के 760 से अधिक जिलों के एक हजार से अधिक उत्पादों की पहचान की है। हथकरघा, सुगंधित मसालों और उत्कृष्ट हस्तशिल्प की एक जीवंत तस्वीर 'पीएम-एकता मॉल' में देखी जा सकती है। यह मॉल गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 182 मीटर ऊंची 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' के पास यस्थित है। इसे 'हथकरघा और हस्तशिल्प में विविधता में एकता' की थीम पर विकसित किया गया है। यह मॉल 35,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है।

**गुजरती फरवरी की शुरूआत में इस पहल पर शब्द चित्र से याद दिलाया गया कि 2018 में साहसिक दृष्टिकोण के साथ बोया गया बीज आज अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।**

## टेक वर्ल्ड: ओला या उबर में अधिक किराया वसूलने पर मिलेंगे पैसे वापस

ओला और यूबर जैसे कंपनियाँ अपने यात्रियों के लिए एक संवेदनशील शिकायत प्रक्रिया प्रदान करती हैं।

**3. आधिकारिक चैनल का उपयोगः** कई बार शिकायत को ठीक से हल करने के लिए, आपको ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अलावा कंपनी के आधिकारिक चैनल का भी उपयोग करना पड़ सकता है। उन्हें आपकी शिकायत का संवेदनशीलता से सम्बंधित होना चाहिए।



**4. सार्वजनिक ट्विटर हैंडलः** यदि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और आधिकारिक चैनलों पर शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो आप कंपनी के सार्वजनिक ट्विटर हैंडल पर भी अपनी समस्या को साझा कर सकते हैं। ऑनलाइन कार सेवा कंपनियों के साथ आपसी समझ, सहयोग और संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो लोग इस सेवा का उपयोग करते हैं, उन्हें अपने हक की रक्षा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए और अनुचित वसूली के मामलों में संबंधित अधिकारिक स्थानों पर शिकायत करने की साहित्यिक एवं नैतिक जिम्मेदारी होती है।

**(समाप्त)**

**गलत UPI पर हो गया पैसा ट्रांसफर? ना हो परेशान, चुटकियों में ऐसे होगा रिफंड**

आपसे गलत यूपीआई पेमेंट हो जाय तो सबसे पहले बैंक के कस्टमर सर्विस सेंटर को कॉल करें। आप चाहे तो यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर से भी कांटेक्ट कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर 18001201740 पर फोन करके भी शिकायत की जा सकती है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एक मार्च को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग में एक मार्च को ₹एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कसंगत उपयोग₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में प्रख्यात वक्ता एंटीबॉयोटिक्स के उचित उपयोग के बारे मे चर्चा करेंगे और वे एंटीबॉयोटिक्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। मुख्य वक्ता बीआईटी मेसरा, राँची से डॉ. शांतनु घोष और एन. एम. आई. एम. एस. शीरपूर, महाराष्ट्र से पीयूष घोडे सभी प्रतिनिधियों को मूल्यवान शब्द प्रस्तुत करेंगे और सभी प्रतिभागियों से एंटीबॉयोटिक्स दवाओं के तर्कसंगत और तर्कहीन उपयोग पर चर्चा करेंगे। वहाँ मौजूद विद्वान, शोधकताओं एवं प्रतिभागियों द्वारा मौखिक और पी. पी. टी. प्रस्तुति दी जाएगी। इस विषय पर वर्तमान स्थिति पर विचार किया जाएगा। ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण चल रहे हैं। जो पंजीकरण नहीं करा पाए हैं वे इस राष्ट्रीय सेमिनार स्थल पर भी पंजीकरण करा सकते हैं। इसकी जानकारी फामेर्सी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार गुप्ता ने दी।

### अपराध पर रोक लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी : थाना प्रभारी



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रजरप्पा थाना के नये थाना प्रभारी नवीन प्रकाश का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। सुधीर मंगलेश ने कहा कि कि नये थाना प्रभारी से थाना क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदें हैं। थाना क्षेत्र में उनकी भयमुक्त वातावरण स्थापित करने में अहम भूमिका होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि कहा कि अपराध पर रोक लगाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में जनता व पुलिस के बीच समन्वय बनाकर शांति स्थापित करना कर्तव्य रहेगा। उन्होंने कहा किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो थाना आकर या दूरभा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के साथ माफियाओं पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। मौके पर विकास कुमार, छोटन कुमार, युगल किशोर महतो, रामप्रसाद महतो, शुभम कुमार, रोशन कुमार, शिशुपाल कुमार आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया । इस निमित बच्चों के द्वारा मानव के आंतरिक व बाह्य संरचना को बारीकी से बनाया एवं विस्तार पूर्वक वर्णन किया। बच्चों ने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से बताने का प्रयास किया कि हमारे शरीर में किस प्रकार से आंतरिक व बाह्य अंग कार्य करते हैं । छात्रों ने ऊष्मा संचालन, गति से संबंधित प्रदर्शन तथा संबंधित विषय पर लेख एवं प्रस्तुतिकरण कर विज्ञान प्रदर्शन को रोचक बना दिया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र प्रसाद ने बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई देते हुए उन्हें जीवन में सफल होने का शुभकामना दिया। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई दी और नए-नए मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में विज्ञान का आधुनिक प्रयोगशाला एवं प्रयोग के लिए उपकरण की व्यवस्था जल्द उपलब्ध कराने की बात कही। कहा कि छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए बेहतर उपाय किए जा रहे हैं। मौके पर शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश कुमार, कौशल पांडे, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार ,दुलारचंद प्रसाद, योगेश कुमार, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, एकता कुमारी, निधि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूरी खातून, बबलू कुमार, मनीषा कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### पीएम मुफ्त बिजली योजना के लिए सर्वे शुरू 2 केवीए तक बिजली मिलेगी मुफ्त



**बरही ।** डेढ़ लाख रुपए न्यूनतम वार्षिक आय वालों को पीएम मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा जाना है. आई योजना के तहत 2 केवीए तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम प्रदान किए जायेगे. जिसे प्रधानमंत्री मुक्त बिजली योजना के माध्यम से दिया जाना है. जिसमे लाभुक को 40 फीसदी तक सब्सिडी दिया जाएगा. इस योजना का लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है. उक्त जानकारी कोनरा पंचायत के सीएससी संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश विद्युत ऊर्जा के खपत को कम करना और लोगो को बिजली बिल से छुटकारा दिलाना है. इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति कोनरा पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र से संपर्क कर सकते है.

### बड़ा अखाड़ा के न्यास अध्यक्ष बने कमल नयन सिंह व सचिव निशांत प्रधान



**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिले के ग्राम परासी, थाना इचाक, पो० इचाक स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मठ बड़ा अखाड़ा नामक धार्मिक न्यास जो झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड से 11.04.2012 को पंजीकृत हुआ है, जिसका पंजीयन संख्या 65460005/2012 है एवं जिसके न्यासी महंत विजयानंद दास हैं, का प्रबंधन संतोषप्रद ढंग से नहीं हो रहा है। न्यास बोर्ड द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट के अंकेक्षण रिपोर्ट से यह दृष्टिगोचर हो रहा है कि महंत विजयानंद दास उक्त न्यास के आय-व्यय संबंधी अभिलेखों का संधारण विधि सम्मत रूप से नहीं कर रहे हैं एवं न्यास धारित अचल सम्पति का उपयोग न्यास हित मे नहीं कर पा रहे हैं। अतएवं 19.02.2024 को आहुत बोर्ड की पांचवीं बैठक में सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव अन्यान्यके आलोक में श्री लक्ष्मी नारायण मठ बड़ा अखाड़ा, ग्राम परासी, थाना इचाक, पो० - इचाक, जिला- हजारीबाग एवम श्री राम जानकी मठ बड़ा अखाड़ा मालवीय मार्ग, हजारीबाग के समुचित प्रबंधन हेतु महंत विजयानंद दास सहित 11 सदस्यीय समिति अधिनियम की धारा 32 के अधीन गठित करते हुए एक स्कीम बनाकर अगले आदेश तक के लिए अधिसूचित करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मठ बड़ा अखाड़ा इचाक एवं श्री राम जानकी मठ बड़ा अखाड़ा हजारीबाग के लिए कमल नयन सिंह अध्यक्ष, सुनील प्रसाद केशरी सदस्य मनोनित करते हुए नवगठित प्रबंध समिति को 1. न्यास के चल-अचल सम्पति का समुचित अभिलेख, उपयोग एवं सुरक्षा व्यवस्थित रखें।

### पीसीसी निर्माण पर रोक लगाने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन

**बरही।** दुधपनिया (करियातपुर) निवासी रमेश प्रजापति ने अपने ही गांव में विधायक मद से बन रहे पीसीसी निर्माण कार्य पर रोक को लेकर एसडीओ को ज्ञापन दिया है. आरोप है कि पीसीसी के लिए भूमि प्रतिवेदन फर्जी तरीको से बनाया गया है. इसकी लिखित शिकायत बीडीओ और सीओ से भी की गई है. शिकायत पत्र के अनुसार पीसीसी के लिए फर्जी एलपीसी किसी और जगह का है जबकि निर्माण कार्य शिकायतकर्ता के जमीन पर किए जा रहे है. उन्होंने अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्य स्थगित कर संवेदक के खिलाफ उचित कारवाई की मांग किया है. वही निर्माण कार्य कर रहे संवेदक अर्जुन पंडित ने बताया कि कार्य विधि सम्मत किया जा रहा है। कुछ रुपये की मांग की गयी थी।

## संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर भाजपा ने की प्रेस वार्ता

# विकसित भारत ही भाजपा की परिकल्पना : रमाकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत बुधवार को शहर के होटल होटल शिवम इन में भाजपा ने प्रेस वार्ता किया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो मौजूद थे। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं संचालन जिला महामंत्री रंजन फौजी ने किया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास वह पल है जब देश विकास में एक लबी छलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का




**विकसित भारत मोदी की गारंटी : भाजपा उद्देश्य है जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाया जा सके**

शुभारम्भ करने रही है । जिसका उद्देश्य है जन.जन की आकांक्षाओं को सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाता ताकि भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। आकांक्ष संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विद्यास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र के लिए 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। श्री महतो ने कहा की अभियान को 2 चरणों में विभाजित किया गया है। पहला अभियान लॉन्च, दूसरा सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधिया। प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा की अभियान लॉन्च भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का लॉन्च भाजपा केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो एप की सुविधा लॉन्च की गयी। जन.जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखायी गयी। भारत के विभिन्न वर्गों और समुदायों से जुड़ने के लिए इस अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा। .

125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों; जैसे उद्योगपति, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे उनके सुझाव लेंगे। 500 एलईडी प्रचार वाहन देश भर में वाहन चलाए जाएंगे जो मोदी सरकार के विकास का संदेश पहुंचाकर सुझाव लेंगे। मिस्ड कॉल नम्बर 9090902024 एवं नमो ऐप मिस्ड कॉल नम्बर और नमो ऐप के माध्यम से जनता अपने सुझाव सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकती है। 6000 से अधिक सुझाव पेटियाँ प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियाँ लगाई जाएंगी।

### प्रखंडों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की व जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह द्वारा मंगलवार को जिले के प्रखंडों में आजविका महिला संकुल संगठन स्तरीय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का हुआ आयोजन। इस दौरान महिला मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। सभी महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी दिलाया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से ईवीएम वीवीपीएट मशीन से महिला मतदताओं को मतदान की सही प्रक्रिया को डेमो के माध्यम से बताया गया।

# हमारा लक्ष्य विकसित भारत और विकसित हजारीबाग : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने भाजपा कार्यालय अटल भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग लोकसभा में आये परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा में प्त?50 हजार करोड़ का विकास हुआ है, जिसने क्षेत्र में क्रांति लायी है। 20 हजार करोड़ का पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, 15 हजार करोड़ की खनन परियोजनाएं, 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग, प्त?4 हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं, 2 हजार करोड़ का जिला खनिज मद, 2 हजार करोड़ का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, 1 हजार करोड़ का भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र और 1 हजार करोड़ की कोनार डैम जलापूर्ति और गैस पाइपलाइन की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। इन सभी परियोजनाओं से



क्षेत्र में हजारों रोजगार का सृजन हुआ है। श्री सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ में मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। मोदी सरकार ने 2024 में लाये गए अंतरिम बजट में ज्ञान फॉमूर्ला पर काफी जोर दिया है। जी बमतलब गरीब, मतलब युवा, ए मतलब अन्नदाता और एन मतलब नारी। हमारी सरकार इन सभी वर्गों का तेजी से उत्थान कर रही है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने हजारीबाग और रामगढ़ में 10 वर्षों में इन सभी वर्गों की प्रगति को बढ़ावा दिया है। हमारी सरकार ने जो कार्य किये हैं उन्हें देखकर जनता कह रही है 'तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी हर गरीब को बुनियादी सुविधाएं, युवाओं को बेहतर शिक्षा द्वारा रोजगार, किसान भाई-बहनों को हर साधन व नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ हर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करेगी। हजारीबाग को नॉलेज सिटी बनाएंगे, जिससे क्षेत्र आईटी हब के रूप में उभरेगा और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बड़ी संख्या में आईटी के रोजगार मिलेंगे। युवाओं में कौशल और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय को हर साधन देंगे, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा मिल पायेगी।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समरोह आयोजित

## एक स्कूल के तीन कैडेट्स का चयन होना गर्व की बात : हरमीत

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में एनसीसी कैडेट्स सम्मान समारोह सह कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर हरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल,बीडीओ रोशमा डुंगडुंग उपस्थित थे। सम्मान समारोह के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के परेड में डिवाइन स्कूल के तीन छात्रों के चयन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर पीयूष कुमार को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मौके पर अपने संबोधन में हरमीत सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को अपने पुस्तक का सिलेबस और एनसीसी का सिलेबस दोनो पूर्ण करना कठिन कार्य है। वही छात्र बेहतर कर पाते हैं जो इन दोनों सिलेबस को पूर्ण कर आगे बढ़ते हैं। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि डिवाइन पब्लिक स्कूल निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है ।विद्यालय निरंतर अच्छे परिणाम दे रहा है।

वहीं छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी लगाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया ।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

### भाजपा के जिला महामंत्री बने सुमन कुमार



**हजारीबाग।** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री भाजपा के जिला प्रभारी के आदेशानुसार जिला महामंत्री के पद पर सुमन कुमार, जिला मंत्री के पद पर अरविंद सिंह सिकरवार को मनोनीत किया। वहीं आदित्य सोनी को भाजपा बड़कागांव मंडल पश्चिम का अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने आशा व्यक्त किया कि इन सब के मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय**
**(जिला नजारत शाखा, चतरा)**

**ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– NDC/CHATRA/01/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर परिषद् अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन | 3,82,08,258.00 | 7,65,000.00 | 10,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक– 05.03.2024 से दिनांक– 11.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – जिला नजारत उपसमाहर्त्ता कार्यालय, चतरा
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.03.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 7903163763 (संबधित जिला नजारत उपसमाहर्त्ता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, चतरा

PR 320725 District (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 17/RIII/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 28.02.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/09 | हण्टरगंज | मीरपुर | जजलो | जजलो मुखिया पथ से गहरी नदी तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.820 कि.मी.)। | 7926700.00 | उनासी लाख छब्बीस हजार सात सौ मात्र | 06 माह | चतुर्थ |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.03.2024
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 320726 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100 (का0)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-03/2023-24 Dated :-28/02/2024

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04/03/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21/03/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22/03/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कलोलवा नाला पर पक्का चेक डैम निर्माण, प्रखण्ड–पांकी जिला–पलामू | पांकी | 99,95,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 320759 Water Resource(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2023–24**
**प्रथम आमंत्रण**

1. Name of Work:- Relocation of 125 x 115 mm dia and 60 mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine/D.T.H. Rig Machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Lohardaga District under D. W. & S. Division, Lohardaga for the Year 2023-24 under state plan.

| ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| LOH/SR/60M – Gr.01 | 39 nos | 32,71,640.00 | 66,000.00 | 5,000.00 | 03 months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 29.02.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 07.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अनुप कुमार हांसदा:, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 8084784990 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 8084784990 |

नोट – केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 320737 (Lohardaga) 23-24 (D)

# हवाई अड्डे की तरह लगेंगे रेलवे स्टेशन

## अमृत भारत स्टेशन योजना

## झारखंड के 57 स्टेशनों का भी हो रहा कायाकल्प

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारत के रेलवे स्टेशन जो दशकों तक जो बदलावों से दूर रहे अब भारतीय रेल, अमृत भारत स्टेशन योजना से एक अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए तैयार है। देश में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को बदलने की केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना को तब और बढ़ावा मिला, जब प्रधानमंत्री ने 26 फरवरी, 2024 को 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम पहले से ही प्रगति पर है, जिसकी आधारशिला प्रधानमंत्री ने पिछले साल अगस्त में रखी थी। इसका लाभ झारखंड के 57 रेलवे स्टेशन को भी मिलेगा, जो परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों में रांची जंक्शन, बोकारो स्टील सिटी, दुमका, बरकाकाना, चाईबासा, चक्रधरपुर, गढ़वा टाउन, घाटशिला, गरिडीह, टाटीसिलवे, टाटानगर, नाकुम, मूरी, रामगढ़ कैंट, आदि शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना लाखों यात्रियों को यात्रा का सुखद अनुभव देने के लिए अवसंचरना को आधुनिक बनाने के लिए आधुनिक यात्री सुविधाओं सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किए गए अग्रभाग, प्लेटफार्मों को दुरुस्त करना, सुंदर भूनिर्माण, रूफ प्लाजा, कियोस्क, फूड कोर्ट, किड्स प्ले एरिया शामिल हैं। सड़कों को चौड़ा करना, अनुपयोगी संरचनाओं को हटाना, अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज स्थापित करना, समर्पित पैदल मार्ग स्थापित करना और बेहतर प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाना शामिल है।

पुनर्विकास के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अहमदाबाद स्टेशन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है, तो द्वारका स्टेशन द्वारकाधीश मंदिर से प्रेरित है। गुरुग्राम स्टेशन पर आईटी थीम होगी, जबकि ओडिशा के बालेश्वर स्टेशन को भगवान जगन्नाथ मंदिर की थीम पर डिजाइन किया जाएगा। चोल वास्तुकला का प्रभाव तमिलनाडु के कुंभकोणम स्टेशन पर व्यापक रूप से दृष्टिगोचर होगा। पुरी के स्टेशन जगन्नाथ मंदिर की वास्तुकला से प्रेरित है, जबकि तमिलनाडु के मदुरै और रामेश्वरम स्टेशन क्रमशः मदुरै मीनाक्षी और रामनाथस्वामी मंदिर से प्रेरित हैं। कोटद्वार के रेलवे स्टेशन में आमतौर पर हिल स्टेशन वास्तुकला की विशेषता है, जबकि उदयपुर स्टेशन उम्मेद भवन पैलेस से प्रेरित एक गुंबद की तरह है। फरीदाबाद, गाजियाबाद, सफदरजंग और बिजवासन जैसे दिल्ली एनसीआर स्टेशन प्रयागराज, भुवनेश्वर, सिकंदराबाद और चेन्नई एगमोर के साथ आधुनिक दिखते हैं। हैदराबाद में हाईटेक सिटी स्टेशन आधुनिक डिजाइनर लुक में है, जबकि बेंगलुरु के दो स्टेशन- यशवंतपुर और बेंगलुरु कैंट हवाई अड्डे जैसे लुक में दिखते हैं।

वर्ष 2021 में अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत गांधीनगर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण से हुई थी, जिसमें अत्याधुनिक और पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध की गईं। बाद में उसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था, ने एक नया रूप धारण किया।

वर्ष 2022 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को मंजूरी दी। इस मंजूरी के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न स्थानों अर्थात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और मुम्बई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को संवारने-निखारने का निर्णय किया। उल्लेखनीय है कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहले से ही यूनेस्को का विश्व विरासत स्थल है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए तैयार किए जा रहे स्टेशनों में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 149 रेलवे स्टेशन हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 123, पश्चिम बंगाल में 94, गुजरात में 87, बिहार में 86, राजस्थान में 82 और मध्य प्रदेश में 80 रेलवे स्टेशन हैं। भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली, भारतीय रेल प्रतिदिन 13,000 ट्रेनों का संचालन करती है, जो पूरे देश में 7,325 स्टेशनों को जोड़ती है। रेल विभाग हाल के वर्षों में पूंजीगत व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि का गवाह रहा है और वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूंजीगत व्यय के लिए 2.52 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।




रांची







दुमका







बोकारो




## आग लगने के चार घंटे बाद तक पटरी पर दौड़ती रही मालगाड़ी

**एजेंसी। पटना।**
बिहार के गया जिले में बुधवार को किऊल रेलखंड पर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बंधुआ-पैमार के पास कोयला लदी मालगाड़ी के डिब्बे में आग लग गयी। आग लगने के बाद मालगाड़ी करीब चार घंटे तक पटरी पर दौड़ती रही लेकिन इस घटना की जानकारी किसी को नहीं हुई। चार घंटे बीतने के बाद जब लोको पायलट को इसका पता चला तो उसने सूझ-बूझ से काम लिया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया। दरअसल, बंधुआ स्टेशन से बुधवार को कोयला लदी मालगाड़ी खुली। मालगाड़ी जब पैमार स्टेशन के पास पहुंची तो उसमें आग के लपटें देखी गयी। बंधुआ स्टेशन से पैमार स्टेशन तक चार घंटे तक मालगाड़ी पटरी पर दौड़ती रही। मालगाड़ी के वैगन में आग फैल गयी। जब इस बात की जानकारी लोको पायलट को हुई तब उसने सबसे पहले ट्रेन को रोका और बिजली के कनेक्शन को हटा दिया। फिर फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



## उत्तर प्रदेश में स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का होगा गठन : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दंगाइयों की हमदर्द पिछली सरकारों ने दंगाइयों के लिए काल कहे जाने वाले पीएसी बलों की कंपनियों को समाप्त करने की कोशिश की थी। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 144 परियोजनाओं के शुभारंभ और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों को निशाने पर लेते हुए कहा कि उस वक्त दंगाइयों को गले लगाने का कार्य किया गया। हर कोई जानता है कि उत्तर प्रदेश का पीएसी बल दंगाइयों के लिए काल है, मगर पिछली सरकारों ने पीएसी की 54 कंपनियों को ही खत्म करने का काम किया था, जिसे हमने पुनर्गठित किया।

## राज्यसभा के बाद अब विधान परिषद चुनाव भी बढ़ाएगा समाजवादी पार्टी की चुनौती

**एजेंसी। लखनऊ।**
लोकसभा चुनाव के पहले राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत ने सपा के सामने अपने विधायकों को एकजुट रखने की चुनौती बढ़ा दी है। ऐसे में अब एमएलसी चुनाव सपा के लिए एक बड़ी परीक्षा बनने जा रहा है। इस बार विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होना है। अगर क्रॉस वोटिंग नहीं हुई तो 10 सीटें भाजपा और तीन सीटें सपा के खाते में जाएंगी।

ऐसे में अगर राज्यसभा की तरह भाजपा ने अतिरिक्त उम्मीदवार उतार दिए तो सपा की निश्चित तौर पर चुनौती बढ़ जाएगी। विधान परिषद की 13 सीटें पांच मई को रिक्त हो रही हैं। इनमें भाजपा के 10, सपा, बसपा व अपना दल (सोनेलाल) के एक-एक सदस्य शामिल हैं। यह सभी सीटें विधानसभा क्षेत्र की हैं। इनमें विधायक ही वोट देते हैं। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि यूपी विधान परिषद चुनाव में सपा पीडीए समीकरणों को साधने का पूरा प्रयास करेगी। पार्टी मुस्लिम, कुर्मी, और दलित समाज के नेताओं को मौका दे सकती है। इसके लिए पार्टी होमवर्क करने में जुटी है। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि विधान परिषद में अब पूरी तरह से पीडीए फॉमूर्ला लागू होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए टिकट का वितरण किया जाएगा। हालांकि, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फॉमूर्ला तैयार कर लिया होगा, जिससे आसानी हो सके। राजनीतिक विश्लेषक वीरेंद्र सिंह रावत कहते हैं कि राज्यसभा के बाद जिस तरह से सपा के विधायकों की टूट हुई है। अब पार्टी सबक लेगी। उन्होंने शाह आलम गुड्डू जमाली को पार्टी में शामिल किया है। टिकट देकर अखिलेश अपना वोअ बैंक साध सकते हैं। ऐसे ही पश्चिम से जयंत के जाने के बाद जाट गुर्जर पर दांव खेल सकते हैं।



## कर्नाटक सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों में दलित उद्यमियों के लिए आरक्षण का भरोसा दिया

**एजेंसी। बेंगलुरु।**
कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल ने सोमवार को आश्वासन दिया कि अब से कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में 24.1 प्रतिशत भूमि नियमों के अनुसार दलित उद्यमियों के लिए आरक्षित की जाएगी। कर्नाटक दलित उद्यमी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवास के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बुलाई गई बैठक में उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री का ध्यान इस ओर दिलाया कि नियमों के मुताबिक केआईएडीबी-विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में दलित उद्यमों के लिए 24.1 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य है, लेकिन प्रभावी आवंटन केवल 16 प्रतिशत है। श्रीनिवास ने कहा, विशेष रूप से बेंगलुरु शहर, बेंगलुरु ग्रामीण और कोलार जिले के 12 औद्योगिक क्षेत्रों में दलित उद्यमियों को 653 एकड़ जमीन आवंटित की जानी बाकी है। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि जिन औद्योगिक क्षेत्रों में पहले से ही उद्यम स्थापित हैं, वहां कुछ नहीं किया जा सकता। हालांकि, आगे बढ़ते हुए 24.1 प्रतिशत भूमि पड़ोसी औद्योगिक क्षेत्रों में दलित उद्यमियों के लिए आरक्षित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे के प्रति प्रतिबद्ध है और संबंधित अधिकारियों को मानदंडों का पालन करने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के साथ आगे भी चर्चा की जाएगी। मंत्री पाटिल ने कहा कि दलित उद्यमियों के प्रति असमान व्यवहार का मुद्दा मौजूदा प्रशासन से भी पहले का है और पिछली सरकारों के दौरान भी कायम रहा है।




## इंफाल में अपहरण के बाद पुलिस ने एएसपी को छुड़ाया

**इंफाल।** इंफाल पश्चिम जिले में कुछ सशस्त्र कार्यकताओं ने मंगलवार शाम को मणिपुर पुलिस के एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) का अपहरण कर लिया, लेकिन सुरक्षा बल ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर कुछ ही घंटों के भीतर उन्हें छुड़ा लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मणिपुर पुलिस के ऑपरेशन सेल में तैनात एएसपी अमित कुमार को सशस्त्र कार्यकताओं के एक समूह ने वांगखेई स्थित उनके आवास से अगवा कर लिया था। मणिपुर पुलिस की बड़ी टुकड़ी ने तुरंत तलाशी अभियान चलाया और कुछ ही घंटों में उन्हें छुड़ा लिया।

## कर्नाटक विधानसभा में भाजपा ने उठाया पाक समर्थक नारे का मुद्दा

**एजेंसी। बेंगलुरु।**
विपक्षी भाजपा ने बुधवार को विधानसभा में एक कांग्रेस नेता के समर्थकों द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी का मुद्दा उठाया और कहा कि यह राष्ट्र का 'अपमान' है। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया और सवाल किया, राज्य विधानमंडल परिसर के अंदर भीड़ को कैसे अनुमति दी जा सकती है।

सीमा पर भारतीय सैनिक 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वालों को गोली मार देते हैं, इससे देश का अपमान होता है। उन्होंने कहा कि इस घटना से राज्य भर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। अगर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे यहां से लगाए जा सकते हैं, जहां सैकड़ों पुलिसकर्मियों की सुरक्षा होती है, जहां दर्जनों आईएएस और आईपीएस अधिकारी काम करते हैं, तो लोगों को अब डर है कि 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे प्रदेश में कहीं भी लगेंगे।

उन्होंने सवाल किया, सैयद नसीर हुसैन जैसे व्यक्ति को राज्यसभा का टिकट कैसे मिल सकता है? सरकार अब भी इस बात पर कायम है कि उसे इस घटना के बारे में पता नहीं है और वे इस घटना से अनभिज्ञ होने का अभिनय कर रहे हैं। अशोक ने कहा कि मौके पर न होने के बावजूत भाजपा विधायक पर मामला दर्ज किया गया, जबकि पीएफआई के खिलाफ मामले खारिज कर दिए गए हैं।



## दिल्ली में इंस्टाग्राम पर बने दोस्त से मिलने गई नाबालिग से बलात्कार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आए दिन सोशल मीडिया के बढ़ते चलन की वजह से कई तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला दिल्ली से सामने आया है, जहां इंस्टाग्राम पर बने दोस्त से मिलना एक नाबालिग लड़की को भारी पड़ गया। आरोपी ने मिलने आई नाबालिग का बलात्कार कर उससे मारपीट की। पुलिस ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब नाबालिग सागरपुर इलाके में डाबरी मेट्रो स्टेशन के पास घायल अवस्था में मिली। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीना ने कहा कि लड़की अपनी कोचिंग के बाद सीधा आरोपी से मिलने गई, जो उसका इंस्टाग्राम के जरिए दोस्त बना था। डीसीपी ने कहा, इसके बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ बलात्कार किया, विरोध करने पर उसकी पिटाई की और उसे घायल हालत में डाबरी मेट्रो स्टेशन के पास फेंककर चला गया। फिलहाल, आरोपी को गिरफ्तार कर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है। इसी तरह का एक मामला पहले भी समाने आ चुका है। फरवरी की शुरूआत में अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में 18 वर्षीय एक युवती को सोशल मीडिया पर बने दो दोस्तों ने नशीला चीज देकर उसके साथ बलात्कार किया था।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीएम ने दी बधाई

## युवाओं को शोध व नवाचार के लिए किया प्रोत्साहित

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (नेशनल साइंस डे) है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसको लेकर पोस्ट लिखा है। उन्होंने इसमें लिखा है कि 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं। हमारी सरकार युवाओं में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।' बता दें कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पीएम मोदी ने एक्स पर अपने संदेश के साथ एक वीडियो भी पोस्ट किया है। वह इस वीडियो में कह रहे हैं कि आज पूरी दुनिया भारत की साइंटिफिक स्पिरिट का, हमारी टेक्नोलॉजी का और हमारे साइंटिफिक टेम्परामेंट का लोहा मान चुकी है। वह आगे कहते हैं कि आज नेशनल साइंस डे है, देश का विज्ञान महोत्सव 28 फरवरी 1928 की तारीख जब सर सीवी रमन ने अपनी खोज रमन इफेक्ट की घोषणा की थी। यही तो खोज थी जिसने उन्हें नोबेल पुरस्कार दिलाया था। जिज्ञासा विज्ञान की जननी है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी के बिना इनोवेशन संभव नहीं है। आज नेशनल साइंस डे पर इनोवेशन पर बल मिले। ज्ञान, विज्ञान, टेक्नोलॉजी सभी हमारी विकास यात्रा के सहज हिस्से बने। पीएम मोदी का विज्ञान और तकनीक से कैसा जुड़ाव रहा है यह उनकी एक पुरानी हस्तलिखित प्रति से मालूम पड़ जाएगा। इसे मोदी आर्काइव एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। जिसमें पीएम मोदी ने लिखा है कि 'साइंस इज यूनिवर्सल बट टेक्नोलॉजी मस्ट बी लोकल'। यानी विज्ञान सार्वभौमिक है लेकिन प्रौद्योगिकी स्थानीय होनी चाहिए। यह उनकी पर्सनल डायरी का हिस्सा है।



## लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले किये गये हैं। सरकार से प्राप्त सूची के अनुसार, झांसी मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। आईएएस रजनीश दुबे राजस्व परिषद के नए चेयरमैन बने। इसी तरह बी.एल. मीणा प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम बने। राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव सहकारिता बनाए गए हैं, लेकिन वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन दुग्ध विकास बने हैं। आईएएस विमल दुबे को झांसी का मंडलायुक्त बनाया गया है। आईएएस चैत्रा वी. अलीगढ़ की मंडलायुक्त बनी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नौसेना ने समुद्र में पाल वाली एक नौका से 3,300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने एक विशेष ऑपरेशन के दौरान एक पाल वाली नौका से नशीली दवाओं की सबसे बड़ी खेपों में से एक जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के समन्वय से समुद्र में लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ ले जा रहे एक संदिग्ध पाल वाली नौका (डाऊ) को पकड़ा। इसमें 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथमफेटामाइन और 25 किलोग्राम मॉर्फिन था - जो हाल के दिनों में पकड़ा गया मात्रा के मामले में अब तक का सबसे बड़ा खेप है। निगरानी मिशन पर पी8आई विमान के इनपुट के आधार पर मिशन पर तैनात जहाज को तस्करी में लगे संदिग्ध डाऊ को रोकने के लिए डायवर्ट किया गया था। पकड़ी गई नाव और चालक दल के साथ प्रतिबंधित सामग्री को भारतीय बंदरगाह पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया। अधिकारी ने कहा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ भारतीय नौसेना की समन्वित प्रतिक्रिया देश के समुद्री पड़ोस में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ हमारे दृढ़ रुख को दशार्ती है। अदन की खाड़ी और अरब सागर में चल रही समुद्री सुरक्षा स्थिति के जवाब में भारतीय नौसेना ने भी विशेष बलों की तैनाती की है। अधिकारियों ने कहा कि नौसेना ने क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी अभियानों को जारी रखने के लिए अरब सागर में सी-130 विमानों से पैराड्रॉपिंग करके विशेष बलों की तैनाती की।

### मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी यही हमारे जीवन का आधार : अर्जुन मुंडा




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज (बुधवार) राष्ट्रीय समेकित नाशी-जीव प्रबंधन अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली के नवनिर्मित अनुसंधान व प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह केंद्र फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों के प्रबंधन हेतु इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आशा प्रकट की कि इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट के जरिये ऐसी फसल होगी, जिसमें रोग की गुंजाइश न रहे और रसायन व पेस्टीसाइड की आवश्यकता भी कम से कम पड़े। उन्होंने कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखना बहुत जरूरी है। यही हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने अन्नदाताओं के साथ मिलकर नए भारत को गढ़ने का संकल्प लेने की जरूरत पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि आज हमारे यहां खाद्यान्न उत्पादन पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन एक समय था, जब देश में जरूरत के हिसाब से भी खाद्यान्न नहीं हो पाता था। तब देश में हरित क्रांति नाम से अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बात पर विशेष जोर है कि हम खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बने, साथ ही हमारे खाद्यान्नों की गुणवत्ता अच्छी हो, पौष्टिकता से भरपूर हो और मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे। केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि आज बहुत से राज्यों में जल स्तर नीचे चला गया है, जिसके कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में हमारे सामने विकल्प क्या हैं, इसका समाधान क्या हो सकता है, इस दिशा में काम करने की जरूरत है। समारोह को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. एके सिंह, एडीजी डा. डीके यादव मौजूद रहे।

# सदियों से पिछड़ी बेटियां सभी क्षेत्रों में कर रहीं श्रेष्ठ प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करते समय, शिक्षण संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में, विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलते समय मुझे अहसास होता है कि सदियों से पिछड़ी हमारी महिलाएं और बेटियां आज सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में हमारी बेटियों की संख्या लगभग 50 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों को मैं विशेष रूप से शुभाशीष देती हूं। प्रत्येक बाधा एवं अवरोध को पार करके आपके द्वारा प्राप्त की गई सफलता, हमारे समाज के लिए तथा सुनहरे भविष्य का सपना संजोने वाली हर बेटी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## सांस्कृतिक धरोहरों के लिए बने विशेष सेंटर्स

**मुर्मू कहा कि झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षा पद्धति को अपनाया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, साहित्य एवं संगीत की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने एवं बढ़ावा देने के लिए विशेष सेंटर्स बनाए गए हैं। चेरी मनातू कैंपस ग्रीन आर्किटेक्ट को ध्यान में रखते तैयार किया गया है। इस संस्थान का ब्रांबे कैंपस भी प्रकृति के निकटता को दिखाता है। बगैर पेड़ काटे इको फ्रेंडली बनाया गया है। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा प्रयास है। हमें इको फ्रेंडली होना ही होगा।**



## झारखंड आने पर घर जैसा होता है अनुभव

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड आने पर उन्हें लगता है कि वे अपने घर वापस आयी हैं। यहां उन्होंने पूर्व में राज्यपाल के तौर पर धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर जनसेवा करने का काम किया है। यहां के जनजातीय भाई बहनों से जुड़ाव रहा है। इसलिए नहीं कि वे आदिवासी हैं। जैसे परिवार में शारीरिक-मानसिक रूप से पिछड़े रहने वाले को ज्यादा ध्यान देते हैं, उसी भाव से विकास की दौड़ में पीछे रह गये लोगों के लिए सोचना चाहिए। कैसे उनका पूर्ण विकास हो। जनजातीय भाई लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़े रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। उनके जीवन शैली से हम सीख पाएं तो ग्लोबल वार्निंग की चुनौतियों से जूझ पाएंगे, उसे हरा सकेंगे।





राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में तीन विद्यार्थियों को चांसलर मेडल दिया। चांसलर मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स में इंटीग्रेटेड एमटेक के शुभम भट्टाचार्य, एमटेक के उत्पल और एमएससी के अभिजीत गांगुली शामिल हैं राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में 67 मेडल प्रदान किए, जिसमें 58 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिला जबकि 29 को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू दूसरी बार रांची पहुंची हैं। इसके पहले 24 मई को वे तीन दिवसीय दौरे में रांची पहुंची थी। झारखंड हाई कोर्ट के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन, खूंटी में केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओर से बिरसा कॉलेज कैंपस में महिलाओं के लिए आयोजित समारोह और रांची के ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची थीं।

### राष्ट्रपति से उपाधि प्राप्त कर हर्षित हुए छात्र





## एक नजर

### पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को किया याद



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि वे एक महान देशभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। अपने सफलतम वकालत का करियर छोड़कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद अपने जीवन काल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीय काल में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समस्त भारतवर्ष आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को सोशल मीडिया में महाअभियान आज

**रांची।** राज्य में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए तीन मार्च से 10 मार्च तक आवेदन जमा किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 फरवरी को प्रदेश स्तर पर #र्अे२ॠङ्क्षल्ळङ्करडए हैशटैग के साथ सोशल मीडिया महाअभियान चलाया जायेगा। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को दिन में 11 बजे से 12 बजे तक सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), कू आदि) का इस्तेमाल कर हैशटैग टैग व रीट्वीट किया जायेगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए अभिभावक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्र और अभिभावक 10 मार्च तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं।

## बीआईटी में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


बीआईटी मेसरा में बुधवार को नोबल पुरस्कार से सम्मानित भौतिकविद सर सीवी रमन के सम्मान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इसका आयोजन संस्थान के इनोवेशन काउंसिल ने किया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुनील सिन्हा, प्रोफेसर एवं निदेशक, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, डिपार्टमेंट ऑफ सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग, वर्जीनिया टेक, यूएसए थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर प्रो इंद्रानील मन्ना, वीसी, बीआईटी मेसरा, डॉ सुमित मिश्रा, एचओडी, रसायन शास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन सचिव, डॉ भास्कर कर्ण, डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर एवं डॉ सी जगन्नाथन, डीन ऑफ रिसर्च, इनोवेशन एंड एंट्रेप्रेन्योरशिप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

डॉ सुमित मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद प्रो इंद्रानील मन्ना ने लोगों को संबोधित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ सुनील सिन्हा ने हमेशा बदलते पर्यावरण में 'रेजिलिएंट, सस्टेनेबल, इक्विटेबल एंड इन्क्लूसिव इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर ऑल' पर ज्ञानवर्द्धक बातें बताई। इसके बाद इंटरएक्टिव सेशान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में संस्थान के सीआईएफ इंचार्ज प्रो गौतम सारखेल ने अपना प्रेजेंटेशन दिया। इसके बाद कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिजीत मुस्तफी ने 'एआई एंड मशीन लर्निंग फॉर जियोस्पैशल चैलेंजेज एंड सॉल्यूशंस फॉर द स्टेट ऑफ झारखंड' के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की आयोजन सचिव डॉ प्रभजोत कौर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




## मतदाता जागरूकता के लिए वोटर फेस्ट एक और दो मार्च को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व 'कला महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से रांची स्थित ऑड्रे हाउस में एक और दो मार्च को दिन में दस बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व 'कला महोत्सव' का आयोजन होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से आड्रे हाउस रांची में 01 एवं 02 मार्च को दिन में 10:00 बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व 'कला महोत्सव' का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न थीम पर चित्रकलाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने ने बताया कि फेस्ट के दौरान चित्रकला के विशेषज्ञों के द्वारा निर्वाचन, प्रकृति, संस्कृति आदि पर आधारित विभिन्न चित्रकलाएं तैयार की जाएंगी। साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बैंड और व्यावसायिक बैंड के द्वारा दोनों दिनों में युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के संबंध में मनोरंजक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित किया जाएगा। ताकि, कार्यक्रम में आने वाले सभी व्यक्तियों द्वारा वोटिंग का हैंड ऑन अनुभव प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए सहभागिता का प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न दिया जाएगा।



## लोगों के हित में काम करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा : आशुतोष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) रांची महानगर के कला एवं खेल प्रकोष्ट ने बुधवार को कांके रोड स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज के समक्ष 'युवा चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सैकड़ों युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजयुमो रांची महानगर के कला एव खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो महिला, किसान, गरीब, युवाओं सभी के कल्याण के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि हम सब युवाओं के प्रति भी सरकार बिना किसी भेद भाव के काम कर रही है। हम सभी को फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की जरूरत है। डबल इंजन की सरकार से राज्य और केंद्र दोनों मजबूत होंगे। इसलिए 'मोदी की गारंटी' को याद रखते हुए हम सभी लोगों को फिर से भाजपा की सरकार लाने की जरूरत है।

**एसएस मेमोरियल कॉलेज के समक्ष भाजयुमो ने लगाया 'युवा चौपाल'**

**सैकड़ों युवाओं को दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी**

## संत जेवियर्स कॉलेज में चला 'मेरा पहला वोट देश के लिए'अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देशानुसार संत जेवियर्स कॉलेज (ऑटोनॉमस), रांची के इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ने बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान का आयोजन किया। इसके तहत मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता शपथ, हस्ताक्षर अभियान एवं फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को 'न्यूटन (2017)' चलचित्र के माध्यम से जागरूक करने की सफल कोशिश की गई। इस चलचित्र का उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा मतदान में आने वाली परेशानियों एवं मतदान के महत्व के संबंध में संदेश देना था। कॉलेज ने 21 फरवरी से 3 मार्च 2024 तक मतदाता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया है। बुधवार (28 फरवरी) तक 140 लोगों को वोटर के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, संध्याकालीन प्रभारी प्रो ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के प्रेसिडेंट प्रो बीके सिन्हा एवं नोडल अफसर डॉ आशुतोष पांडेय, राजनीति शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ विजय शर्मा, प्रो सौम्या सिन्हा, डॉ श्रेया पांडेय, प्रो उत्कर्ष उन्नयन का प्रमुख योगदान रहा। महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है।

**मतदाता जागरूकता की शपथ, हस्ताक्षर अभियान एवं फिल्म स्क्रीनिंग का हुआ आयोजन**



## मारवाड़ी कॉलेज में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का हुआ आयोजन

# 'देशी तकनीक से कम समय में अधिक काम'

**विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए चार प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में बुधवार को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का आयोजन किया गया। इसका विषय 'इंडीजिनस टेक्नोलोजी इन विकसित भारत' रखा गया था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ सतीश चंद्र गुप्ता ने कहा कि इंडीजिनस टेक्नोलोजी एक होम ग्राउंड टेक्नोलॉजी अर्थात देशी टेक्नोलॉजी है, जिसके प्रयोग से कम समय में अधिक कार्य संपादित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि छात्रों को अपने अंदर वैज्ञानिक चिंतन विकसित करना चाहिए। छात्र एकांगी न होकर सभी विषयों का ज्ञान प्राप्त करें।



इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिसमें भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग तथा क्विज शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन कॉलेज के सहायक प्रोफेसर क्रमशः डॉ संतोष रजवार, डॉ शिवनंदन राम, डॉ राजीव रजक तथा डॉ शुभांकर आईच के संयोजन में हुआ। भाषण प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अदिति ब्लेसी कुजूर ने प्रथम, अनीशा सोनी ने द्वितीय तथा आलोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अमन मतीन ने प्रथम, ईशा शर्मा ने द्वितीय तथा शिवानी राज व नायाब सबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में 2 प्रतिभागियों के कुल 13 समूह ने भाग लिया, जिसमें अरनिका चंद्रा व सुमन कुमारी ने प्रथम, दीप्ति भारती व लक्ष्मी कुमारी ने द्वितीय तथा काजल कुमारी व अनुरूपा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में 27 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें शिवम कुमार प्रजापति, हर्ष कुमार व कुमार प्रियांशु ने प्रथम, निशांत उरांव, धीरज कुमार व सौरव कुमार ने द्वितीय तथा गौरव कुमार, देव भारद्वाज व प्रिंस चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में डॉ राहुल कुमार, डॉ रोनाल्ड खलखो तथा डॉ जयप्रकाश रजक, वाद विवाद में डॉ घनश्याम प्रसाद, डॉ निवेदिता पॉल तथा डॉ राजकिशोर राम ने, पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ सतीश गुप्ता डॉ एसएन पॉल और डॉ लाहा तथा क्विज प्रतियोगिता में डॉ शुभंकर आइच, डॉ घनश्याम प्रसाद, डॉ पिंकी राज साहु तथा शृष्टि कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।


## इस्पात महिला समाज ने रंगारंग कार्यक्रम का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इस्पात महिला समाज ने सेल सैटेलाइट कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की विभिन्न इकाइयों के महिला समाज के विशेष अतिथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से आईं श्रीमती रेखा सिंह मुख्य अतिथि थीं। छत्तीसगढ़ से श्रीमती स्मिता गिरी, धनबाद से श्रीमती निशा श्रीवास्तव और दिल्ली से श्रीमती पिंकी रंजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आयोजन सेल की रांची स्थित सभी इकाइयों की महिलाओं ने किया था। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती रेखा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान शानदार नृत्य और अन्य प्रदर्शन हुए, लेकिन सर्वोत्तम प्रस्तुति महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी बनर्जी का नृत्य था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीमती बनर्जी, श्रीमती सुनीता वर्मा और श्रीमती सुमिता कर के सक्षम नेतृत्व में सदस्यों का अपार योगदान रहा। यह जानकारी श्रीमती अपर्णा मिस्त्री ने दी।

### महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर 7 मार्च को निकलेगी कलशयात्रा




**रांची।** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर सात मार्च को कोकर स्थित सरना टोली सार्वजनिक शिव मंदिर से कलशयात्रा निकाली जाएगी। हरि जायसवाल ने बुधवार को बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सात मार्च को सुबह कलशयात्रा और शाम में महाआरती की जाएगी। आठ मार्च को शिव बारात और रात में शिव विवाह होगा। नौ मार्च को दोपहर दो बजे से महाभंडारा का आयोजन किया गया है।

### हेमंत सोरेन को साजिश कर फंसाया गया : झामुमो




**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष बुधवार को उपवास कार्यक्रम झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सिमडेगा जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति भी शामिल हुई। मौके पर झामुमो सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा- हेमंत सोरेन को षड्यंत्र और साजिश के तहत जेल भेजा गया है। हेमंत सोरेन ने अपने 4 वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लंबी लकीर खींची है और इसी कारण भाजपा ने उन्हें साजिश कर फंसाया है। राज्य की साढ़े 3 करोड़ जनता हेमंत सोरेन के साथ है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। बहुत जल्द हेमंत सोरेन हमारे बीच होंगे। लोग उनके लिए गिरजाघरों में प्रार्थना, मंदिरों में पूजा और मस्जिदों में मन्नत एवं दुआएं कर रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा- उपवास कार्यक्रम के तहत आज 13वें दिन सिमडेगा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में यह उपवास कार्यक्रम चल रहा है। हमारी न्याय यात्रा भी सभी पंचायत, प्रखंडों में चल रही है। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा जिला से केंद्रीय सदस्य बसंत लोंगा, मो शाहिद, बिरजू कांडुलना, फिरोज अली, जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, नुवास केरकेट्टा, पदाधिकारी उपस्थित थे।

**रांची के मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम का 13वां दिन**

### सफलता के लिए सकारात्मक सोच महत्वपूर्ण : प्रदीप

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस वर्ष का कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024 के थीम 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' पर आधारित था। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन शानदार तरीके से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार (आईएफएस) थे। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा कर बताया कि जीवन में सफलता के लिए हमारी सकारात्मक सोच का बड़ा महत्व होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने रमन इफेक्ट के बारे में बता कर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ शशि शेखर ने विद्यार्थियों में यह कहते हुए उत्साह भरा कि जीवन में एक अच्छा काम करने का लक्ष्य रख मेहनत करते हुए चलना है, तभी सफलता आपके गले का हार बन सकता है। वहीं, बर्सर डॉ विजय कुमार ने कहा कि हर किसी में एक वैज्ञानिक छिपा हो सकता है, जरूरत है उसे खोजने की। कार्यक्रम में जंतुविज्ञान विभाग की प्रो माधुरी ने डॉ मसारू इमोटो की 'संकल्प शक्ति का पानी पर प्रयोग' के बारे में रोचक बातें बताते हुए कहा कि मनुष्य के विचार ही उनके जीवन की रचना करते हैं। कार्यक्रम में विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान करने के पश्चात डॉ सुबोध कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

### भगत सिंह की प्रतिमा के लिए जल्द स्थान नहीं मिला तो आरपार की लड़ाई को तैयार हैं : उत्तम यादव

**रांची।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा को स्थान दिलाने को लेकर चल रहे धरने का बुधवार को चौथा दिन था। आज बड़ी संख्या में 65 से लेकर 90 वर्ष के बुजुर्ग धरना में भाग लिया। मौके पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि यदि यथाशीघ्र राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा इस विषय पर उचित निर्णय लेते हुए प्रतिमा को सम्मानपूर्वक स्थापित नहीं किया गया, तो हम सरकार से आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। सभा को संबोधित करते हुए बुजुर्गों ने कहा कि भगत सिंह का अपमान जिस प्रकार पिछले 1 वर्षों से सरकार एवं प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। हमें लगता है कि राजधानी रांची में भगत सिंह की प्रतिमा को लगाने के लिए हमें भी संघर्ष करना होगा। आज धरने के चौथे दिन सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि जबतक भगत सिंह की प्रतिमा नहीं लग जाती, तबतक राष्ट्रीय युवा शक्ति धरने पर बैठी रहेगी।



# केएल राहुल, गिल, सिराज ग्रेड ए में, श्रेयस और ईशान बाहर





**एजेंसी। नई दिल्ली।** केएल राहुल, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज 1 अक्टूबर, 2023 से 30 सितंबर, 2024 तक चलने वाले सीजन के लिए सीनियर पुरुष टीम के बीसीसीआई वार्षिक अनुबंध में ग्रेड ए में चले गए हैं। विशेष रूप से इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध से सम्मानित खिलाड़ियों की 30 सदस्यीय सूची में शामिल नहीं किया गया है, जो पिछले साल 26 से चार अधिक है। पिछले सीजन में, राहुल, गिल और सिराज ग्रेड बी में थे, लेकिन पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट मैचों में प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब है कि ये तिकड़ी रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या के साथ ग्रेड ए में छह खिलाड़ी बन गए हैं।

ग्रेड ए+ में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जड़ेजा और जसप्रीत बुमराह के रूप में चार खिलाड़ी हैं, जिनमें पिछले साल से कोई बदलाव नहीं किया गया है। यशस्वी जायसवाल खुद को सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव (ग्रेड सी से पदोन्नत), अक्षर पटेल और ऋषभ पंत (दोनों ग्रेड ए से नीचे चले गए) के साथ ग्रेड बी अनुबंध में पाते हैं।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि श्रेयस और ईशान, जो पिछली केंद्रीय अनुबंध सूची में क्रमशः ग्रेड बी और सी में थे, को सिफारिशों के इस दौर में वार्षिक अनुबंध के लिए नहीं माना गया। इसने यह भी सिफारिश की कि सभी एथलीट उस अवधि के दौरान घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को प्राथमिकता दें जब वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों।

चयन समिति ने आकाश दीप, विजयकुमार विशक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए तेज गेंदबाजी अनुबंध की भी सिफारिश की है। इसके अतिरिक्त, बीसीसीआई ने कहा कि जो एथलीट निर्दिष्ट अवधि के भीतर न्यूनतम 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी20 खेलने के मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें स्वचालित रूप से आनुपातिक आधार पर ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा।

उदाहरण के लिए, ध्रुव जुरेल और सरफराज खान, जिन्होंने अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं, अगर वे धर्मशाला टेस्ट मैच, यानी इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के पांचवें टेस्ट में भाग लेते हैं, तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा।

**ग्रेड ए+ :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह व रवींद्र जड़ेजा।

**ग्रेड ए :** आर अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या।

**ग्रेड बी :** सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

**ग्रेड सी :** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग



## शीर्ष तीन में रूट की वापसी यशस्वी जयसवाल 12वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष तीन में वापस आ गए हैं और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल रांची में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के चौथे मैच में कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची टेस्ट भारत ने 5 विकेट से जीता और पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से बढ़त बना ली।

रूट, जो पहले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज थे, ने पहली पारी में नाबाद 122 रन बनाए और दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। जबकि बाएं हाथ के जयसवाल, जिन्होंने 69वें स्थान पर श्रृंखला शुरू की थी, 73 और 37 के स्कोर के बाद तीन स्थान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट ऑलराउंडरों की सूची में भी तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन 893 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं।

प्लेयर ऑफ द मैच ध्रुव जुरेल के 90 और 39 के स्कोर ने उन्हें 31 स्थान ऊपर उठाकर 69वें स्थान पर पहुंचा दिया है और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली 42 और 60 के स्कोर के बाद पहली बार शीर्ष 20 में प्रवेश कर गए हैं।

दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं, जबकि रांची टेस्ट के लिए आराम दिए जाने के बावजूद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि इंग्लैंड के शोएब बशीर 38 पायदान ऊपर 80वें स्थान पर हैं।

पुरुषों की एकदिवसीय रैंकिंग में, सबसे बड़े मूवर नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ट्ज रहे हैं, जिन्होंने कीर्तिपुर में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नेपाल के खिलाफ 31 रन पर चार विकेट और नीदरलैंड के खिलाफ 15 रन पर दो विकेट लिए, इस प्रदर्शन की बदौलत वह 642 रेटिंग अंकों के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो एकदिवसीय क्रिकेट में नामीबिया के किसी खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च स्थान और अंक है।

नीदरलैंड के आर्यन दत्त ने पिछले सप्ताह नामीबिया के खिलाफ तीन मैचों में 11 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त 36वें स्थान पर पहुंच गए। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने नेपाल के खिलाफ 52 रन बनाए और नीदरलैंड के खिलाफ 33 रन देकर तीन विकेट लिए और पहली बार शीर्ष 10 ऑलराउंडरों में शामिल हो गए।

टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 24, 45 और 33 के स्कोर के बाद पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। पहले मैच में टिम डेविड की सिर्फ 10 गेंदों में 31 रनों की तेज पारी ने उन्हें छह पायदान ऊपर 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

## मैं जहीर खान से सीखने की कोशिश करता था : एंडरसन



**एजेंसी। नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को वह अक्सर देखा करते थे और उन गेंदों के बारे में समझने के लिए उनसे सीखने की कोशिश करते थे जो यहां की परिस्थितियों में अच्छा काम कर सकती हैं।

एंडरसन ने जियोसिनेमा से कहा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से बेहतर गेंदबाज कोई नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आपने इशांत शर्मा को भी वहां रखा और यह वास्तव में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। मेरे लिए जहीर खान एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं सीखने के लिए बहुत कुछ देखा करता था। उन्होंने रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल कैसे किया, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़े तो उन्होंने गेंद को कैसे कवर किया, यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने यहां कई बार उनके खिलाफ खेलते हुए विकसित करने की कोशिश की।

### हॉकी टीम में चयन पर आमिर अली ने कहा

## मेरे पिता ने मुझसे इस पल का फायदा उठाने को कहा



**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में आयरलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 1-0 से जीत हासिल की। विशेष रूप से, यह मैच युवा डिफेंडर आमिर अली के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि उन्होंने सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया था।

सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम तक आमिर अली की यात्रा संघर्षों से भरी रही है। अपने पिता, तसौवर अली और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कोच राशिद अजीज खान के समर्थन से, जिन्होंने आमिर की प्रतिभा को शुरू में ही पहचान लिया और प्रशिक्षण की पेशकश की, वह भारतीय पुरुष हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने के अपने सपने को हासिल करने में सक्षम हुए हैं। जब आमिर से पूछा गया कि अपने पहले गेम से पहले वह कैसा महसूस करते थे, तो उन्होंने कहा बहुत से लोग देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखते हैं और मैं आभारी हूं कि मुझे आयरलैंड के खिलाफ यह अनुभव करने का मौका मिला। मैच से पहले टीम के कोच और सीनियर्स ने मेरी बहुत मदद की, उन्होंने मुझसे कहा कि मैं वैसे ही खेलूं जैसे मैं आमतौर पर खेलता हूं, गलतियां करने या यह महसूस करने की चिंता न करें कि मैं दूसरों को नीचे खींच रहा हूं। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि मैं पिच पर अकेला नहीं था; टीम मेरी मदद करने के लिए वहां मौजूद थी और इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला। लखनऊ में एक बाइक मैकेनिक के बेटे, डिफेंडर आमिर ने अक्टूबर 2022 में सुल्तान जोहोर कप में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

## अंपायर ब्रूस और पॉल विल्सन ने सीए के एलीट पैनल से लिया संन्यास



**एजेंसी। मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के दो सबसे सम्मानित अंपायर ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड और पॉल विल्सन ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एलीट पैनल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की है। ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड और पॉल विल्सन इस सप्ताह आखिरी बार एक साथ अंपायरिंग करेंगे। शुक्रवार से वाका ग्राउंड पर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और क्वींसलैंड के बीच शुरू होने वाला मार्श शेफील्ड शील्ड मैच, ऑक्सेनफोर्ड और विल्सन का सीए के लिए आखिरी मैच होगा। 70 टेस्ट (आठ महिला टेस्ट सहित) और 109 पुरुष और महिला एकदिवसीय मैचों के अनुभवी ऑक्सेनफोर्ड ने जनवरी 2021 में अंतरराष्ट्रीय रैंक से सेवानिवृत्त होने से पहले आईसीसी एलीट पैनल में 13 साल बिताए। वह सीए के राष्ट्रीय अंपायरिंग पैनल के साथ बने रहे और अब 75 प्रथम श्रेणी मैचों, 50 लिस्ट ए मैचों और 43 बीबीएल खेलों में अंपायरिंग कर चुके हैं। 63 वर्षीय ऑक्सेनफोर्ड को उस प्रतिष्ठित फोरआर्म गार्ड के लिए याद किया जाएगा जिसका उपयोग वह अपनी ओर आने वाली गेंदों से खुद को बचाने के लिए करना पसंद करते थे।

विल्सन, जिन्हें प्यार से 'ब्लॉकर' के नाम से जाना जाता है, ने आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल में 11 साल बिताए और नौ पुरुष और महिला टेस्ट, 51 वनडे और 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की। उनके 62 प्रथम श्रेणी मैचों में चार शेफील्ड शील्ड फाइनल और 61 लिस्ट ए मैच शामिल थे।



## मुझे भारत से प्यार, यहां आना पसंद : एशले

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा।** वेस्टइंडीज के पूर्व स्पिनर एशले नर्स यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में रेड कार्पेट दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। नर्स ने मंगलवार को तीन विकेट लेकर मुंबई चैंपियंस पर अपनी टीम की हालिया जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के प्रति अपने लगाव को व्यक्त करते हुए, नर्स ने आईवीपीएल में हर्शल गिब्स के नेतृत्व में खेलने को लेकर अपने उत्साह पर जोर दिया। उन्होंने लीग द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा मेरा मतलब है, मुझे भारत से प्यार है। मुझे भारत आना पसंद है। इसलिए मैं जब भी मौका मिलता है भारत आता हूं, मैं जितना चाहता हूं उसका आनंद लेने की कोशिश करता हूं। गिब्स एक बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी था। वह महान था।

## बीच मैच में फैन ने किया आरसीबी की श्रेयंका को शादी के लिए प्रपोज




**एजेंसी। बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गुजरात जाएंट्स के बीच मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग का पांचवां मुकाबला खेला गया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आरसीबी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम ने गुजरात को आठ विकेट से हराया। इससे पहले आरसीबी ने अपने पहले मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को हराया था। इस मैच में एक ऐसी घटना हुई जिसने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

दरअसल, मैच के दौरान आरसीबी की श्रेयंका के लिए एक फैन शादी का प्रपोजल लेकर मैदान पर पहुंचा। स्टैंड्स में बैठे इस शख्स के हाथ में एक प्लेकार्ड था जिसमें लिखा था, क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका? ये घटना आरसीबी की पारी के सातवें ओवर की है। जैसे ही टीवी स्क्रीन पर ये फैन दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी भी मुस्कुराने लगे।

## पांच दिवसीय झारखंड राज्य कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड राज्य कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में बुधवार को पांच दिवसीय झारखंड राज्य कबड्डी प्रीमियर लीग की पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य की कुल आठ टीमों को प्रवेश दिया गया है।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार ने नारियल फोड़कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आगंतुकों का स्वागत झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन कुमार राउत, राज्य संघ के कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने किया। स्वागत भाषण झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन झारखंड राज्य कबड्डी संघ के कार्यकारिणी सदस्य मोनू शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह रांची जिला कबड्डी संघ के संस्थापक अजय झा ने किया।

इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, शिवेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, रांची, मुख्य संरक्षक रमेश सिंह, केंद्रीय सचिव सह नगर प्रभारी जीतेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त साई के वॉलीबॉल प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह, चंचल भट्टाचार्य, गोविंद झा, श्रीमती विजेता वर्मा, संतोष प्रसाद, सूरज टोप्पो, विनय सिंह, आशा बेक, रंजीत सिंह, राखी मिंज, शोभा कुमारी, सागर कुमार, नसीम एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**ये हैं प्रतियोगिता की आठ टीमें**

नीलांबर पीतांबर फाइटर्स, बिरसा मुंडा लायंस, शेख भिखारी हीरोज, सिद्धू कानू वारियर्स, तिलका मांझी द वारियर्स, वीर बुद्ध भगत टाइगर, कार्तिक उरांव राइनोज, तेलेंगा खड़िया ब्लास्टर।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन घोषित



**स्मिथ करेंगे पारी की शुरूआत**

**एजेंसी। वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश की पुष्टि कर दी है। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत करना जारी रखेंगे। इस साल की शुरूआत में डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद से स्मिथ टीम के लिए पारी की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सबसे हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान कुछ मिश्रित प्रदर्शन किया है। तीन मौकों पर असफल रहने के बाद, स्मिथ ने ब्रिस्बेन में कैरेबियाई टीम के खिलाफ दूसरी पारी में नाबाद 91 रन बनाए। कमिंस ने आईसीसी के हवाले से बुधवार को कहा हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए गाबा में भी वही एकादश है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उतरी थी।

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन**

स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिच स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

---

**खबरें व्यापार जगत की**

## नेशनल पेंशन सिस्टम एक अप्रैल से बदलेगा

**एनपीएस खाते का आधार वेरिफिकेशन कराना होगा अनिवार्य**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** पीएफआरडीए के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारों एवं उनके सहयुक्त निकायों के अंतर्गत नोडल कार्यालय, वर्तमान में एनपीएस लेनदेन के लिए केंद्रीय अभिलेखापाल अभिकरण 'सीआरए' की वेबसाइट का उपयोग करने के लिए पासवर्ड लॉग-इन का उपयोग करते हैं।

सीआरए प्रणाली का उपयोग करने में सुरक्षा उपायों को उन्नत करने और अभिदाताओं व हितधारकों के हितों का संरक्षण करने के मकसद से, सीआरए प्रणाली में लॉगिन के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से एक अतिरिक्त सुरक्षा सुविधा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। आधार आधारित लॉगिन प्रमाणीकरण को विद्यमान उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड आधारित प्रक्रिया के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि सीआरए प्रणाली को टू-फैक्टर प्रमाणीकरण के माध्यम से सुलभ बनाया जा सके। सीआरए सिस्टम में अब टू-फैक्टर ऑथेंटिफिकेशन के बाद ही लॉग-इन होगा।

पीएफआरडीए द्वारा जारी सर्कुलर में कहा गया है कि आधार आधारित लॉग-इन प्रमाणीकरण के एकीकरण की प्रक्रिया समग्र प्रमाणीकरण और लॉग-इन संरचना को सशक्त करने के लिए एक सक्रिय कदम है। यह पहल सरकारी कार्यालयों और स्वायत्त निकायों द्वारा की जाने वाली सभी एनपीएस गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के मकसद से डिजाइन की गई है। इन उन्नत सुविधाओं के साथ लॉग-इन संरचना की नई प्रणाली का विकास वर्तमान में सीआरए द्वारा जारी है। नई लॉग-इन प्रक्रिया, एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। सभी सीआरए द्वारा सरकारी नोडल कार्यालयों को प्रक्रिया प्रवाह 'प्रोसेस फ्लो' के साथ साथ एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया 'एसओपी' प्रदान की जाएगी। इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर नोडल अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि उन्हें इन बदलावों के बारे में जागरूक किया जा सके। इसके माध्यम से बदलाव की यह प्रक्रिया निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जा सके।

सरकारी क्षेत्र के अंतर्गत सभी कार्यालयों और स्वायत्त निकायों को सलाह दी जाती है कि वे इस पर ध्यान दें। पीएफआरडीए द्वारा अपने सर्कुलर में कहा गया है कि एनपीएस से संबंधित सभी गतिविधियों के निष्पादन के लिए सीआरए प्रणाली में आधार आधारित लॉग-इन और प्रमाणीकरण की अतिरिक्त सुविधा को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक ढांचा स्थापित करें। आधार बेस्ड लॉग-इन वैरिफिकेशन को एनपीएस अभिदाता, अपने यूजर आईडी से जोड़ेंगे। इसके बाद आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने के बाद ही एनपीएस खाते को लॉगिन किया जा सकेगा।

## आयकर की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा से शिकायत निवारण में आई तेजी : सीतारमण



**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आयकर विभाग की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा के परिणामस्वरूप करदाताओं की शिकायतों का तेजी से निवारण हो रहा है। यह व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीतारमण ने बेंगलुरु में आज केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आवासीय क्वार्टर भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली इसलिए लाई गई, ताकि किसी अधिकारी के विवेक का प्रभाव करदाताओं पर न पड़े। इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिली है और शिकायतों का निवारण तेजी से हुआ है। यह व्यापार करने में आसानी और करदाताओं की सुविधा के लिए एक बहुत बड़ा कदम है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र ने बेंगलुरु के विकास पर काफी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु अब कई अलग-अलग अग्रणी उद्योगों का पर्याय बन गया है, चाहे वह आईटी हो या वैश्विक क्षमता केंद्र या स्टार्टअप। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए और कर निर्धारिती को परेशान न करने के लिए फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली लाई गई है। यह मूल्यांकन प्रणाली अच्छी तरह से व्यवस्थित है, इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिल रही है। इससे शिकायतों का निवारण तेज हो गया है। कर्नाटक से पैसा जाता नहीं, वापस भी आता है। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु के संजय नगर में आयकर विभाग के आवासीय क्वार्टर होंगिराना का शिलान्यास किया। एक दिवसीय कर्नाटक दौरे पर बेंगलुरु पहुंचने पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने वित्त मंत्री का स्वागत किया। गौरतलब है कि आयकर प्रणाली का केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) जो पूरे देश को नियंत्रित करता है, यह बेंगलुरु में स्थित है।

## सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश के मिले 1065 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनपीसीआईएल केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्यरत है। यह सितंबर 1987 में कंपनी अधिनियम 1956 के तहत सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर पंजीकृत है।

## वोडाफोन आइडिया के शेयरों में 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट



**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। फंड जुटाने की योजना की घोषणा के एक दिन बाद बुधवार को वोडाफोन आइडिया के शेयरों में 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर 11.91 फीसदी की गिरावट के साथ 13.98 रुपये पर आ गए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि वोडाफोन आइडिया का बहुप्रतीक्षित पूंजी जुटाना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तत्काल नगदी सुनिश्चित करने और नेटवर्क के विस्तार को सुविधाजनक बनाने के लिए जरूरी है। कंपनी पर 2.1 ट्रिलियन रुपये का कर्ज है। कंपनी के लिए वित्त वर्ष 2025-26 मुश्किल भरा होगा क्योंकि सालाना 430 अरब रुपये की किस्त देनी होगी। यह वित्त वर्ष 2023-24 के 84 बिलियन रुपये के एबिटडा (कमाई) के मुकाबले चुनौतीपूर्ण दिखता है। बोर्ड ने प्रमोटरों की भागीदारी के साथ 200 अरब रुपये तक के इक्विटी फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है। इक्विटी और कर्ज दोनों को मिलाकर कुल फंड 450 अरब रुपये जुटाया गया है।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, तो विपक्ष ने नकारा

## 5 लाख रोजगार देने वाली सरकार में सिर्फ 8 हजार नियुक्ति : सुदेश महतो

## राज्य की समस्याओं के लिए पूर्व की एनडीए सरकार जिम्मेदार : प्रदीप यादव





**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री चम्पाई सरकार की पहली बजट को सत्ता ने जमकर सराहना करते हुए इसे गरीबों का बजट बताया तो विपक्षी दलों ने इसे सिरे से नकार दिया है। बजट पेश के दूसरे दिन चर्चा में भाग लेते हुए सत्ता पक्ष के प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, सुदेव्यु सोनू ने सदन में जमकर प्रशंसा की। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि चम्पई सोरेन सरकार ने किसानों के कर्ज माफ करती है, जबकि भाजपा पूंजीपतियों का लों माफ करती है।

कांग्रेस नेता ने कहा आज राज्य में कई समस्या पिछली सरकार की दें है, जिसके वजह से महागठबंधन सरकार को पेंशन स्कीम लागू करना पड़ा। कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने कहा कि हमलोग पेंशन देने वाले है जबकि भाजपा वाले पेंशन काटने वाले, हमलोग स्कूल खोलते हैं जबकि एनडीए वाले स्कूल बंद करने वाले हैं।

वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने चम्पई सरकार के बजट पर कहा कि दो साल पहले हेमंत सोरेन कि सरकार ने बड़े जोरशोर से दावा किया था कि यह नियुक्ति साल है, लेकिन 4 साल में महागठबंधन कि सरकार ने केवल 8 हजार लोगों को ही नौकरी दी है। वह भी सभी सरकारी नौकरी नहीं है। आजसू नेता ने कहा कि जिस आदिवासी, दलित, ओबीसी समाज के लोगों के जीवन बदलने के दावा करते है, उसी समाज को धोखा दे रहे हैं।

आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि आज स्कूलों में शिक्षक नहीं है, किताबें नहीं है, इन स्कूलों इन्हीं आदिवासी, दलित और ओबीसी समाज के बच्चें पढ़ते हैं और इसी समाज का बच्चा शिक्षा से वंचित है । आजसू नेता ने आबुआ आवास को लेकर कहा कि सरकार टेंट लगा कर सरकारी बाबुओं के माध्यम से लाभुकों का चयन कर रही है, जिससे बिचौलिया हावी हो रहे हैं और जरूरतमंद योजना से वंचित हो रहा है।

भाजपा विधायक नीरा यादव ने भी चम्पई सरकार के बजट को निराशाजनक और उदासीन बताते कहा कि पिछले वर्ष कि तुलना में बजट की राशी बधाई गयी है लेकिन पिछले बजट का 56 फीसदी राशि ही खर्च हो पाई है लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि नए मुख्यमंत्री कुछ नयी आशाएं और उम्मीदें जगायेंगे लेकिन लोगों को निराशा ही हाथ लगी।

पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव ने कहा कि चम्पई सरकार हर विधानसभा में डिग्री कॉलेज खोलने का फैसला स्वागत योग्य है, लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि जिनके भवन बन चुके हैं उसमें अभी तक शिफ्ट नहीं किया गया है, वहां पढाई ही शुरू नहीं की गयी है, जबकि ये भवन कई सालों से बन कर तैयार हो चुके हैं उपयोग नहीं होने के कारण अब जर्जर होने लगे हैं।

## नगर निकाय चुनाव पर भाजपा विधायकों के सवालों का जवाब नहीं दे पाये नगर विकास मंत्री




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखण्ड विधानसभा के चौथे दिन नगर निकाय चुनाव का मुद्दा जोर शोर से उठा, भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरकार को घेरा। भाजपा विधायक के सवालों पर विभागीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता सही जवाब नहीं दे पायें। नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में भाजपा विधायक सीपी सिंह भी मंत्री को घेरा । दोनों भाजपा ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होने के बाद कहा कि मंत्री सदन और जनता को गुमराह कर रहे हैं, उन्हें उनके प्रश्नों का जवाब ही नहीं हैं। सबसे पहले नीलकंठ सिंह मुंडा ने नगर निकाय चुनाव को लेकर कहा कि झारखंड में 2023 में ही जब नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो रहा था, तो सरकार ने चुनाव कराने की तैयारी पहले क्यों नहीं की। पिछड़ा वर्ग आयोग पहले क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार हाईकोर्ट को भी गुमराह कर रही है। सरकार ने 4 महीने पहले कोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि 6 महीने में निकाय चुनाव करा लेंगे, लेकिन ट्रिपल टेस्ट के लिए पिछड़ा आयोग बनने में ही इतनी देर हो गयी। अब 2 महीने में सरकार कैसे चुनाव करायेगी। इस पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अभी 6 महीने नहीं हुए हैं। आयोग की रिपोर्ट आने पर सरकार निर्णय लेकर समय पर चुनाव करायेगी।

## ईडी-सीबीआई जांच का डर दिखाकर विपक्षी विधायकों को तोड़ रही भाजपा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा विपक्षी दल के विधायकों को ईडी-सीबीआई कि जांच का डर दिखाकर तोड़ रही हैं, जिससे देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि जब से भाजपा केंद्र में आई है, देश में स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं की है। देश के नियमों को तहस नहस कने में जुटी है। ईडी, सीबीआई, खरीद-फरोख्त जैसे तमाम हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस विधायक ने हिमाचल प्रदेश का उदहारण देते कहा कि जब भाजपा के बहुमत ही नहीं था तब उन्हें प्रत्याशी उतारने का कोई मतलब ही नहीं था लेकिन भाजपा को कांग्रेस विधायकों पर दवाब बनाकर तोड़ने की साजिश थी। कांग्रेस विधायक के इस आरोप का भाजपा विधायक सीपी सिंह ने जवाब दिया। भाजपा विधायक ने कहा कि कोई माई का लाल है, तो मुझे तोड़ कर दिखाये। भाजपा विधायक ने कहा कि जब तक आप टूटने को तैयार नहीं होंगे। तब तक कोई तोड़ नहीं सकता है, ईडी सीबीआई का केवल बहानाबाजी है। दरअसल, नेहरू-गांधी परिवार में किसी विधायक को मान-सम्मान नहीं मिलता है इसलिए विधायक दूसरी जगह तलाशते हैं, अब हमें दूसरे दल का कोई विधायक वोट देना चाहता है, तो हम उन्हें क्यों रोकेंगे।

## मनीष जायसवाल ने इचाक की जमीन को मुक्त कराने की मांग की



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के इचाक में भूदान की जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने दो मीनार बना लिया है। वहां स्कूल है, जहां धार्मिक कार्य हो रहा है। इससे पठन-पाठन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन को समुदाय विशेष के कब्जे से मुक्त कराया जाये। इस पर विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि विधायक को ये बातें कहना शोभा नहीं देता। इसके बाद थोड़ी देर दोनों में नोकझोंक हुई।

## सदन के बाहर धरने पर बैठे ढूल्लू महतो

### धनबाद के पूर्व एसएसपी के खिलाफ सीबीआई और ईडी से जांच की मांग पर अड़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथा दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ सीबीआई और ईडी से जांच करने की मांग को लेकर सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। वहीं सदन के अंदर जमकर बरसें। विधानसभा गेट पर हाथ में दो बैनर लिए हुए थे, जिसमें पूर्व एसएसपी की सम्पति की जांच की मांग की गयी थी। भाजपा विधायक ने पूर्व एसएसपी पर आरोप लगाते कहा कि पूर्व एसएसपी




पूर्व सीएम से भी बड़े अपराधी है, ये वर्दी वाले गुंडा हैं, जिन्होंने धनबाद कोयलांचल में अपने कार्यकाल के दौरान अवैध खनन के माध्यम से करोड़ों कि अवैध सम्पति अर्जित की है, जबकि इस अवैध खनन में बेगुनाह सैकड़ों गरीब, आदिवासी, दलित, मूलवासी लोग मारे गये।

भाजपा विधायक ने पूर्व एसएसपी संजीव कुमार द्वारा अर्जित अपार धनराशि की जांच ईडी से कराने की मांग की। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में कोयला की हजारों करोड़ों की लूट हुई है। पूर्व एसपी के संरक्षण में कई मजदूरों की जान गयी है। जल्द से जल्द इसकी ईडी और सीबीआई से जांच होनी चाहिए।

इसके पूर्व सदन के बाहर धरने पर बैठे ढुल्लू महतो को स्पीकर ने अंदर लाने का आदेश दिया। जिसके बाद वो सदन में आये। ढुल्लू महतो ने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं। उनके धनबाद में रहते जेल में हत्या और अवैध माइनिंग होती थी। उनके तबादले के बाद अब धनबाद में अपराध बंद हो गया। वहीं जब मंत्री मिथिलेश ठाकुर से जांच कराने और अवैध कोयले की ढुलाई को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो धनबाद के डीजी है क्या।

## मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा रही चंपाई सरकार : अनंत ओझा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा विधायक अनंत ओझा ने चम्पई सरकार के आम बजट को पूरी तरह से नकारते हुए हुए कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है बल्कि सरकार आम जनता और युवाओं को झांसा दे रही है। भाजपा विधायक ने साफ कहा कि चंपाई सोरेन सरकार हेमंत सरकार की तरह ही प्रदेश के लोगों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखा रही है। उसने कल सदन में बजट पेश किया, लेकिन उसमें प्रदेश के लोगों के लिए कुछ नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता अनंत कुमार ओझा ने कहा कि सरकार के बजट में न युवाओं के लिए कुछ है, न आम लोगों के हित में किसी योजना की चर्चा है। सरकार सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने में जुटी है। भाजपा इसका विरोध करेगी। भाजपा विधायक ने कहा कि झारखंड में झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) और झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने को तैयार नहीं है। आज के समय में जेपीएससी और जेएसएससी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। इस पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। जेएसएससी सीजीएल के पेपर लीक हुए। मामले की निष्पक्ष जांच कराने की बजाय सरकार इस केस की लीपापोती करने की कोशिश कर रही है। हम चुप नहीं रहेंगे। सदन में इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायकों ने एक बार फिर सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन की चेतावनी दी है।

## अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मामले को लेकर आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा, विकास, संवैधानिक अधिकार से जुड़े मामलों पर कार्रवाई को लेकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अल्पसंख्यक समुदाय के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



हज यात्रियों के सुविधा हेतु बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को पुनः इम्बार्केशन प्वाइंट बनाने, 4401 स्वीकृति उर्दू सहायक शिक्षक के रिक्त रहे 3712 पदों पर बहाली करने, मदरसा आलिम और फाजिल की परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने, अल्पसंख्यक समुदाय न्याय व हितों की रक्षा की मांग आजसू पार्टी द्वारा की गई।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष मो. हसन अंसारी ने कहा कि सरकार के भेदभाव पूर्ण नीति एवं संरक्षण में लगातार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ ज्यादती व अन्याय हो रहे है राज्य के विभिन्न जिलों में फर्जी और मनगढ़ंत केस को आधार बनाकर मुकदमें किये जा रहा है ऐसे सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच एवं न्याय दिलाई जाए।

हसन अंसारी ने बताया कि झारखंड से प्रतिवर्ष 3000-3200 हज यात्री हज करने के लिए जेद्दा (सउदी अरब) जाते हैं जिसके लिए 2009 से लेकर वर्ष 2019 तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची, झारखंड इम्बार्केशन प्वाइंट था जिसे 2020 में समाप्त कर कोलकाता एयरपोर्ट, पश्चिम बंगाल को इम्बार्केशन प्वाइंट बनाया गया। इस व्यवस्था परिवर्तन के चलते झारखंड के हज यात्रियों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और झारखंड सरकार हज यात्रियों के इस परेशानी का समाधान करने में कोई सार्थक पहल नहीं कर रही है। इस वर्ष 2024 में भी लगभग 3000 लोग झारखंड से हज यात्रा के लिए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उर्दू भाषा की समृद्धि और पढ़ाई के लिए उर्दू शिक्षकों की बहाली और आलिम और फाजिल डिग्री लेने वाले छात्र सरकारी नौकरी जेपीएससी, जेएसएससी कि नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो रहे है इसके लिए लंबित प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए आलिम एवं फाजिल डिग्री की परीक्षा रांची विश्वविद्यालय से कराए जाने की मांग राज्यपाल मोहदय से की गई।

प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, महासचिव नजरुल हसन हाशमी, महासचिव खालिद खलील, संगठन सचिव एस अली, सचिव मोहसिन खान शामिल थे।

## कांग्रेस के तीन कार्यकारी अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल से मिले

### गीता कोड़ा प्रकरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं चाईबासा सांसद गीता कोड़ा के पार्टी छोड़ने और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का मसला दिल्ली पहुंचा। दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के तीन कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो और शहजादा अनवर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगापाल से मिले। बंधु तिर्की ने बताया कि सारी बातों से आलाकमान को अवगत करा दिया गया है और एक रिपोर्ट भी सौंप दी गयी है। अब आगे का निर्णय नेतृत्व को करना है। तिर्की ने बताया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि गीता कोड़ा ने प्रदेश नेतृत्व से खफा होकर पार्टी छोड़ी हैं। यह एक सांसद का पार्टी छोड़ना नहीं, बल्कि पूरे कोल्हान की राजनीति का सवाल है। वहां पर गीता कोड़ा का विकल्प ढूंढना पार्टी के लिए संभव नहीं होगा। उत्पन्न परिस्थिति को देखते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर 29 फरवरी को रांची आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करें केसी वेणुगोपाल तीनो कार्यकारी अध्यक्षों की मुलाकात राष्ट्रीय नेता केसी वेणुगोपाल से हुई, जिसमें सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा हुई। सारी बातें को गंभीरता से सुनने के बाद वेणुगोपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के साथ ही झारखंड में भी उत्पन्न जटिल राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी कांग्रेस पदाधिकारी, सभी 14 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य सरकार 139 एकड़ रैयती भूमि का...**
रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों यथा मल्टीपल एंट्री-मल्टीपल एग्जिट, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन सीयूईटी के माध्यम से लिया जाने लगा है। राज्य में उच्च स्तरीय शोध कार्य के लिए बुनियादी संरचना विकसित करने, नवाचार और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों छात्रों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। चम्पाई ने कहा कि आज जब आप उपाधि प्राप्त कर रहे हैं तो मैं आपसे यह अपेक्षा रखता हूं कि आप अपने लिए योग्य लक्ष्य निर्धारित करें और इसको साकार करने के लिए अपने ज्ञान और समर्पित परिश्रम का उपयोग करें। समाज को आपसे बहुत आशा, आकांक्षा और उम्मीदें है। आपके द्वारा प्राप्त की गई शिक्षा से झारखंड की भूमि लाभान्वित होगी। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी लाल, विश्वविद्यालय के कुलपति क्षितिज भूषण दास सहित अन्य उपस्थित थे।

**मलय डैम पर्यटक स्थल...**
गया है। वर्तमान में जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीडा से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मलय डैम को पर्यटक क्षेत्र की सभी सुविधाएं मुहैया कराने पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने विधायक को बधाई दी है। प्रतिनिधि राणा ने कहा कि मलय डैम को पूर्ण रूप से पर्यटक क्षेत्र बनने से अगल - बगल लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

**बिजली 7.6 फीसदी हुई महंगी...**
बोझ भी बढ़ा है। आयोग के अनुसार उपभोक्ता यदि उपभोक्ता बिलिंग के पांच दिनों के अंदर बिजली बिल भुगतान करता है तो उसे दो फीसदी की छूट मिलेगी। जेबीवीएनएल ने 39.71 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। निगम ने 7.66 फीसदी को मंजूरी दी। व्यवस्था साल 2023 में भी घोषित की गयी थी। ऑनलाइन या डिजिटल मोड के माध्यम से बिल भुगतान करने पर संपूर्ण बिल के अनुसार एक फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके लिए अधिकतम सीमा 250 रुपये तय की गयी है। लोड फैक्टर में छूट उन उपभोक्ताओं को मिलेगी, जिनका लोड फैक्टर 65 प्रतिशत से अधिक है। इसकी अधिकतम सीमा 15 फीसदी है। रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने के लिए आयोग ने ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 प्रति केवी और नेट मीटरिंग के लिए 3.80 प्रति केवी के टैरिफ को बरकरार रखा है। उपभोक्ताओं को अब कोई मीटरिंग शुल्क नहीं देना होगा। प्रीपेड मीटरिंग शुरू होने पर उपभोक्ता की श्रेणी के अनुसार उर्जा शुल्क पर तीन फीसदी की छूट लागू रहेगी। प्रीपेड मीटर की स्थापना के एक महीने के भीतर पूरी सुरक्षा जमा राशि वापस कर दी जायेगी। इस टैरिफ के साथ ही आयोग ने जेबीवीएनएल को 13 फीसदी वितरण हानि की मंजूरी दी है। इस टैरिफ से वितरण निगम को लगभग 7075.83 करोड़ सालाना राजस्व मिलने का अनुमान है।

**टीएसपीसी मारक दस्ते...**
में सफलता मिली है। इसी कड़ी में 28 फरवरी को पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पुलिस और सीआरपीएफ 190 बाटा की संयुक्त कार्रवाई के दौरान टीएसपीसी नक्सली संगठन के मारक दस्ते के सदस्य राजदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामचन्द्र उर्फ जेठा गंझू को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दो एसएलआर रायफल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में कई घटनाओं का खुलासा हुआ है और मुठभेड़ की घटना को लेकर कई राज सामने आये हैं, जिससे पुलिस को टीएसपीसी नक्सली संगठन के खिलाफ रणनीति बनाने और आगे की कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने फुलेश्वर गोप की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा


**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई द्वारा उगाहे गये लेवी के रुपये शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने से संबंधित मामले में आरोपित फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे लेकिन कंपनी में उनका शेयर मात्र पांच प्रतिशत का था। लेवी का कोई पैसा इस कंपनी में नहीं लगा है। इस कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी। आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआई द्वारा अर्जित लेवी का पैसा का विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप तीन साल छह माह से जेल में है। मामले को लेकर बेड़ो थाना कांड संख्या 67/2016 दर्ज किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले को एनआईए जांच के लिए हैंडओवर किया गया था।

## जमीन घोटाला मामले में दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट 12 मार्च को अपना आदेश सुनायेगा। यह मामला बरियातू की सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले से जुड़ा है। मामले के आरोपितों पर अब आरोप गठन होना है। इससे पहले आरोपितों ने आरोप मुक्त कराने के लिए अदालत में अर्जी दी है। दिलीप घोष ने 12 जनवरी को डिस्चार्ज पिटीशन दायर कर इस केस से खुद को आरोप मुक्त कराने का आग्रह अदालत से किया है। उल्लेखनीय है 28 नवंबर, 2023 को झारखंड हाई कोर्ट से दिलीप घोष को जमानत मिली है। जमीन के मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर खरीद बिक्री करने का उस पर आरोप है।

## जी न्यूज और मेट्रिज के ओपिनियन पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत, मोदी की हैट्रिक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** लोकसभा 2024 चुनाव के तारीखों का जल्द ही ऐलान हो सकता है। इसी बीच जी न्यूज और मेट्रिज का ओपिनियन पोल पेश किया गया है। ये पोल गठबंधन के बाद का पहला ओपिनियन पोल है। जब एनडीए के साथ नए साथी जुड़ चुके हैं और इंडिया गठबंधन भी अस्तित्व में आया है। पोल में मोदी सरकार का हैट्रिक लगता दिखाई दे रहा है, पोल के मुताबिक एनडीए को 377, इंडिया गठबंधन को 94 और अन्य को 72 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है।
विशेषज्ञ के रूप में रांची के मनोज सिंह शामिल हुए।





ओपिनियन पोल के मुताबिक राजस्थान में बीजेपी का क्लीन स्वीप का अनुमान सभी 25 सीटें जीत सकती है भाजपा की जीत हो सकती है। मध्य प्रदेश में बीजेपी को 28 सीटें और कांग्रेस को 1 सीट मिलने का अनुमान है। उत्तराखंड की सभी 5 सीटें जीत सकती है बीजेपी। जम्मू कश्मीर में एनडीए को 2 और इंडिया गठबंधन को 3 सीटें मिलने का अनुमान है, ओडिशा में भाजपा को को 11 और बीजेडी को 9 सीटें मिलने का अनुमान है।

गुजरात की सभी सीटों पर एक बार फिर से मोदी मैजिक रहेगा। यहां की सभी 26 सीटों पर एनडीए को जीत मिलेगी। हरियाणा में एनडीए को 9 सीटें और इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिलने का अनुमान है। दिल्ली की सभी 7 सीटें बीजेपी जीत सकती है।

हिमाचल में 4 लोकसभा सीटों में से एनडीए को मिल सकती हैं। 3 सीटें, इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिल सकती है। वहीं अगर महाराष्ट्र के ओपिनियन पोल की बात करें तो 48 में से 45 सीटों पर एनडीए की जीत संभव, वहीं इंडिया गठबंधन को 3 सीटें मिल सकती हैं। बंगाल में टीएमसी को 24 सीटें, भाजपा को 17 सीटें और इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिलने का अनुमान है।

नार्थ ईस्ट में एनडीए को 10 सीटें और इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं असम में एनडीए को 11 सीटें और इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिलने का अनुमान है। तमिलनाडू एनडीए को 1 सीट और कांग्रेस को 36 सीटें मिलने का अनुमान है। केरल में इंडिया गठबंधन का सभी 20 सीटों पर जीत का अनुमान है। तेलंगाना में भाजपा को 5 सीटें और कांग्रेस को 9 सीटें मिलने का अनुमान है। कर्नाटक में एनडीए को 23 सीटें और कांग्रेस को 5 सीटें मिलने का अनुमान है।

आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी को 19 सीटें और टीडीपी को 6 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि बीजेपी और कांग्रेस को 0 सीटें मिलने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में मोदी योगी का जमकर जादू चला है। पोल्स के मुताबिक यहां विपक्ष का सूफड़ा साफ हो गया है। एनडीए 78 सीटें जीतती दिख रही है, जबकि विपक्ष सिर्फ 2 सीटों पर सिमटेगा। बिहार में एनडीए को 37 और इंडिया गठबंधन को 3 सीटें मिलने का अनुमान झारखंड में एनडीए को 13 और इंडिया गठबंधन को 1 सीट मिलने का अनुमान है।




## एक नजर

### राजीव गांधी के हत्यारे की हार्ट अटैक से मौत



**चेन्नई।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे टी सुथेंद्रराजा उर्फ संथन का निधन हो गया है। जेल से रिहा किए जा चुके 7 हत्यारों में से एक की बुधवार सुबह 7:50 बजे अचानक आये हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसे हार्ट अटैक आने के बाद चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह राजीव गांधी के उन 7 हत्यारों में से एक था, जिन्हें 1991 में रिहाई मिल गई थी।

### बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती का किया दौरा



**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में मां मंगला झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गीवासियों से उनके लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और सरकार की जगा मिशन योजना पर चर्चा की। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। ओडिशा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर लिखा कि बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। गेट्स ने वहां काम करने वाले महिला स्वयंसहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की।

### इमरान के आह्वान पर पीटीआई दो मार्च को खोलेगी मोर्चा

**इस्लामाबाद।** मुल्क की आदियाला जेल में लंबे समय से बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) ने हाल ही में हुए चुनाव के नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरने का फैसला किया है। पीटीआई ने जनादेश पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए पार्टी प्रमुख इमरान खान के आह्वान पर दो मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

# टला सियासी संकट, बजट पारित करवाने में कामयाब रहे सुक्खू

**एजेंसी। शिमला**


हिमाचल प्रदेश में चल रही सियासी खींचतान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को बड़ी राहत मिली है। गुटबाजी व अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस की सुक्खू सरकार से फिलहाल राजनीतिक संकट टल गया है। वहीं सुक्खू नेतृत्व की कांग्रेस सरकार ने सदन में बजट पारित करने में सफलता हासिल कर ली है। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। इससे सुक्खू सरकार गिराने के विपक्षी दल के मंसूबों पर पानी फिर गया। राज्यसभा चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग और सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई। दरअसल आधा दर्जन विधायकों के बागी होने से कांग्रेस सरकार के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को सदन से पारित करवाना चुनौती बन गया था। विधानसभा का बजट सत्र अभूतपूर्व हंगामा और सियासत का गवाह बना। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत विपक्ष के 15 विधायकों के निष्कासन के बाद सुक्खू सरकार ने पूर्व निर्धारित समय से एक दिन पहले ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए सामान्य बजट को पारित करवा दिया और उसके बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का त्यागपत्रहिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर अनदेखी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पद पर बने रहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि शिमला के रिज मैदान पर पिता की प्रतिमा के लिए सरकार ने दो गज जमीन नहीं दी। विक्रमादित्य सिंह बोले कि दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे प्रताड़ित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रियंका वाड्रा से बात हुई है और जनता की भावनाओं से अवगत करवा दिया है। बता दें कि विक्रमादित्य सिंह हिमाचल में कांग्रेस के स्तंभ और छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के पुत्र हैं। विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग कर कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



### स्पीकर ने भाजपा के 15 विधायकों को किया निष्कासित

हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने विपक्षी दल भाजपा सहित कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों की गैरमौजूदगी में राज्य का वर्ष 2024-25 का 62,421.73 करोड़ रुपए का बजट पारित कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2024 सदन में पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 17 फरवरी को अगले वित्त वर्ष का बजट पेश किया था। इसके पूर्व सुखविंदर सिंह सरकार पर छाए संकट के बीच भाजपा के 15 सदस्यों को सदन में हंगामा करने पर पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया गया। इन विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में जबरन घुसने, उनके साथ दुर्व्यवहार व गाली-गलौच करने का भी आरोप लगाया गया। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नियम 319 के तहत भाजपा के 15 सदस्यों को सदन से बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। जिन सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव किया उनमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, लोकेंद्र कुमार, विनोद कुमार, हंस राज, डॉ. जनक राज, बलवीर वर्मा, त्रिलोक जम्वाल, सुरेंद्र शौरी, दीप राज, पूर्ण चंद, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर और रणवीर सिंह निक्का शामिल हैं। हर्षवर्धन चौहान ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि भाजपा के विधायकों ने बीते रोज सदन में बेवजह हंगामा किया और सदन की बैठक स्थगित होने के बाद ये सभी विधायक जबरन विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष के पास पहुंचे और जबरन अंदर घुसे। इन सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार किया तथा गाली-गलौच की। यही नहीं, रात 8.30 बजे ये भाजपा विधायक फिर से अध्यक्ष के चैंबर में आए और उनके काम में बाधा पहुंचाई। प्रस्ताव में कहा गया कि इन हालात में सदन को व्यवस्थित रूप से चलाना संभव नहीं है। इसलिए इन सदस्यों को विधानसभा के नियम 319 के तहत सदन से निलंबित किया जाए। संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव के बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भाजपा के इन सभी 15 सदस्यों को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। उन्होंने भाजपा के निलंबित सदस्यों से सदन से बाहर चले जाने का आग्रह किया और ऐसा न करने पर उन्हें मार्शलों के माध्यम से जबरन बाहर ले जाने के आदेश दिए। इसका विपक्षी सदस्यों ने जोरदार विरोध किया और सदन में भारी हंगामे की स्थिति पैदा हो गई तथा दोनों ओर से विधायक अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर नारे लगाने लगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष के आदेशों का विरोध करते हुए पूरा विपक्ष सदन के बीचोंबीच पहुंच गया नारेबाजी तथा हंगामा करता रहा।

### जयराम को सत्ता की भूख लग गई : सुक्खू



मख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में हुए हंगामे की निंदा करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सत्ता की भूख लग गई है। इसी के चलते वह सदन के हर नियम को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा बनी रहनी चाहिए और गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी तथा आज के घटनाक्रम के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष कर्मचारियों और अधिकारियों को भी डरा-धमका रहा है और बीते रोज भी कांग्रेस विधायकों को प्रदेश से बाहर ले जाने में सीआरपीएफ का सहारा लिया गया।

### एक दिन पहले स्थगित हुआ विस का सत्र

हिप्र विस का बजट सत्र निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही समाप्त हो गया। राज्यसभा चुनाव में सत्ताधारी कांग्रेस की हार के बाद पैदा हुए राजनीतिक संकट के बीच सरकार ने एक दिन पहले ही सदन में वित्त विधेयक पेश कर राज्य के अगले वित्त वर्ष के बजट को पास कर दिया। विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सदन के पास सत्र के लिए कोई कार्य शेष नहीं रह गया है। ऐसे में विस को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया जाता है। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने व्हिप का उल्लंघन करने पर विस अध्यक्ष से कांग्रेस के छह विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कांग्रेस की सुक्खू सरकार अल्पमत में : जयराम ठाकुर



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार अल्पमत में है। राज्य विधानसभा से भाजपा के 15 सदस्यों को निलंबित किए जाने पर जयराम ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार अल्पमत में हैं। तानाशाही हो रही है। सरकार डिवीजन ऑफ वोट पर बजट पारित नहीं करवा सकती। इसलिए भाजपा के 15 सदस्यों को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। मालूम हो कि कांग्रेस के छह विधायकों ने राज्यसभा की एकमात्र सीट पर क्रॉस वोटिंग की। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वालों में मंत्री पद के इच्छुक सुधीर शर्मा (धर्मशाला) और राजिंदर राणा (सुजानपुर) शामिल थे। उनके अलावा इंद्र दत्त लखनपाल (बड़सर), रवि ठाकुर (लाहौल-स्पीति), चैतन्य शर्मा (गगरेट), और देवेंदर भुट्टो (कुटलैहड़) ने भी क्रॉस वोटिंग की थी। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा के पक्ष में वोट किया। इसके साथ ही कांग्रेस के पास 68 सदस्यों वाली विधानसभा में 34 विधायक बचे हैं।

## हिप्र संकट पर जयराम रमेश का मोदी पर तंज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर गलत तरीके से उनकी हिमाचल प्रदेश की सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने इसे राज्य की जनता के साथ विश्वासघात करार दिया है। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी है- कांग्रेस की सरकारों को गिराओ। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को नकार कर कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत दिया था। हम उनके साथ विश्वासघात नहीं होने देंगे। पार्टी की आगे की योजना की जानकारी देते हुए जयराम रमेश ने कहा कि हमारा एक दल शिमला में है। यह दल कांग्रेस के नाराज विधायकों से बात करके अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। इसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।

**नौकरी के बदले जमीन मामला**

## राबड़ी देवी व उनकी बेटियों को मिली नियमित जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती तथा हेमा यादव को नियमित जमानत दे दी। आरोपियों को 9 फरवरी को मिली उनकी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष पेश किया गया था। कोर्ट ने 27 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पहले आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था। न्यायाधीश गोगने ने बुधवार को उन्हें और सह-अभियुक्त हृदयानंद चौधरी को यह कहते हुए जमानत दे दी कि जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था और आरोपियों के कानून से भागने का कोई संदेह नहीं है। वित्तीय जांच एजेंसी की ओर से पेश स्नेहल शारदा और विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) मनीष जैन ने कहा कि यदि जमानत दी जाती है, तो आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कड़ी शर्तें लगाई जा सकती हैं।

## माली में सड़क दुर्घटना में 31 लोगों की मौत

**बमाको।** माली में एक बस के पुल से नदी में गिर जाने से 31 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। देश के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, दुर्घटना मंगलवार शाम पांच बजे (स्थानीय समय) बागो नदी पर बने पुल पर हुई। बताया गया है कि बस दक्षिण-पश्चिमी मालियान शहर केनीबा से बुकीर्ना फासो जा रही थी। दुर्घटना का संभावित कारण चालक का वाहन से नियंत्रण खोना था। माली में मुख्य रूप से खराब सड़क और वाहन की स्थिति के कारण सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।

## जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के दूषित जल को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू किया

**एजेंसी। टोक्यो**

जापान ने बुधवार को फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रेडियोधर्मी विकिरण वाला दूषित पानी प्रशांत महासागर में छोड़ने का चौथा दौर शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों और मछुआरों के विरोध के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया के बावजूद, संयंत्र के संचालक टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:30 बजे रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया। पिछले तीन दौरों के समान, लगभग 7,800 टन अपशिष्ट जल, जिसमें अभी भी ट्रिटियम, एक रेडियोधर्मी पदार्थ हैं, लगभग 17 दिन में छोड़ा



जाएगा। देश में 11 मार्च 2011 को 9.0 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी से प्रभावित फुकुशिमा परमाणु संयंत्र को कोर मेल्टडाउन का सामना करना पड़ा, जिससे बड़ी मात्रा में विकिरण हुआ। इसके परिणामस्वरूप स्तर - 7 परमाणु दुर्घटना हुई, जो अंतर्राष्ट्रीय परमाणु और रेडियोलॉजिकल घटना पैमाने पर सबसे अधिक थी। रिएक्टर भवनों में परमाणु ईंधन को ठंडा करने से संयंत्र से रेडियोधर्मी पदार्थों से दूषित पानी की भारी मात्रा बन रही है, जिसे अब परमाणु संयंत्र में टैंकों में संग्रहीत किया जा रहा है।

## सीबीआई ने अखिलेश यादव को भेजा समन

**लखनऊ।** सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में बुधवार को समन भेजकर बतौर गवाह पूछताछ के लिए गुरुवार (29 फरवरी) को दिल्ली बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने यह समन अवैध खनन के मामले में भेजा है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012-17 तक सपा की सरकार थी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। इस दौरान हमीरपुर जिले में हुए अवैध खनन के मामले में वर्ष 2019 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। इसमें हमीरपुर की तत्कालीन जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों के भी नाम हैं।

## ट्रंप-बाइडन का राष्ट्रपति पद के लिए फिर हो सकता है मुकाबला



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

जिस तरह से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चुनाव जीत रहे हैं उससे संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में वाइडेन और ट्रंप का आमना सामना हो सकता है। जो बाइडन ने मिशिगन में डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी डीन फिलिप्स को डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में मात दी है। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति जो बाइडन साल 2024 में होने वाले चुनाव की रेस में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन की तरफ से मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। इससे पहले ट्रंप ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की थी।दोनों नेताओं को मिशिगन चुनाव में मिली जीत के साथ ही राष्ट्रपति पद के रेस में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधा मुकाबला होने के प्रबल आसार हैं। हालांकि, निक्की हेली ने साउथ कैरोलिना चुनाव में हार के बाद भी राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने की बात कही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह अपने चुनावी अभियान को आगे भी जारी रखेंगी।

# तमिलनाडु की जनता भाजपा के प्रति आशान्वित : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा को आशा की नजर से देख रही है। भाजपा ने संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय की सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाया है। द्रमुक और कांग्रेस ने केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाया है। पीएम ने तमिलनाडु के लोगों को विश्वास दिलाया कि लोगों के सेवा और विकास के कामों को अटकने नहीं दिया जाएगा। इन परिवार-केंद्रित पार्टियों के पास तमिलनाडु के विकास के लिए कोई योजना नहीं होगा। पीएम ने राज्य की द्रमुक सरकार पर केन्द्र की योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया। द्रमुक केन्द्र की पहल का पहले नाम बदलती है और फिर उसे अपनाती है। पार्टी नेता भारत की प्रगति नहीं चाहते। उन्होंने संसद में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर संसद में प्रस्ताव के दौरान द्रमुक नेताओं के सदन से बाहर चले जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार दशार्ता है कि द्रमुक नेता जनता की आस्था का तिरस्कार करती है। द्रमुक और कांग्रेस देश को बांटने पर तुले हुए हैं जबकि भाजपा हर व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानती है। इस दौरान पीएम ने दक्षिण तमिलनाडु में विकास के अभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी की गारंटी के तौर पर वादा किया कि भाजपा दक्षिणी तमिलनाडु के विकास को नई गति देगी। लोगों को नौकरी की तलाश में दूर नहीं जाना पड़ेगा। वंदे भारत ने तिरुनेलवेली और चेन्नई में व्यापार और पर्यटन को आसान बना दिया है। तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं, टेक्सटाइल पार्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे की स्थापना के साथ-साथ अन्य विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करने जैसे विकास सुनिश्चित किए गए हैं।

### मैं वो परियोजनाएं लेकर आया हूं जो दशकों से यहां की मांग थीं



**थूथुकुडी/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह जो परियोजनाएं तमिलनाडु में लेकर आये हैं, वह दशकों से यहां के लोगों की मांग रही हैं। वह थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं यूपीए सरकार पर सीधा-सीधा आरोप लगा रहा हूं। मैं आज जो प्रोजेक्ट लेकर आया हूं, वो यहां के लोगों की दशकों से मांग थी। आज जो यहां सत्ता में बैठे हैं, वे लोग उस समय दिल्ली में सरकार चलाते थे, लेकिन उनको आपके विकास की परवाह नहीं थी। बातें तमिलनाडु की करते हैं लेकिन तमिलनाडु की भलाई के लिए कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज की विकास परियोजनाओं में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भले ही परियोजनाएं थूथुकुडी में हों, इससे पूरे भारत में कई स्थानों पर विकास को गति मिलेगी।

**फिल्म जगत**

## बॉयकॉट के बाद विवेक ओबेरॉय को अक्षय कुमार ने निकाला डिप्रेशन से



**मुंबई।** एक समय था जब विवेक ओबेरॉय का करियर चौपट हो गया था, उन्हें कोई फिल्म नहीं दे रहा था, ऐसे में दिग्गज एक्टर अक्षय कुमार ने उन्हें डिप्रेशन से बाहर निकाला। यह खुलासा खुद विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में किया है। हालांकि अब एक बार फिर से भले ही रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के साथ ट्रैक पर लौट आया हो, लेकिन उन्हें एक बेहतरीन कलाकार होने के बावजूद इंडस्ट्री में फिल्में पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है। सलमान खान से हुए झगड़े के बाद उनको फिल्में मिलना कम हो गयी। इन दिनों अपनी वेब सीरीज को लेकर सुर्खियों में फिर आए विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के उस समय को याद किया, जब बॉलीवुड के एक सेक्शन के बॉयकॉट करने के बाद उन्हें फिल्में नहीं मिल रही थी,जिसकी वजह से वह काफी डिप्रेशन में आ गए थे। उस दौर में जहां सुरेश ओबेरॉय के बेटे का सबने साथ छोड़ा, तो वहीं अब विवेक ने खुलासा करते हुए बताया कि बॉलीवुड का एक सुपरस्टार ऐसा था, जिसने किसी की परवाह किये बिना उन्हें सिर्फ संभाला नहीं, बल्कि उनकी तकलीफ सुनकर वह उनके घर दौड़े चले आए। एक इंटरव्यू में युवा एक्टर विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर में सबसे मुश्किल दौर के बारे में दिल खोलकर बात की। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि वह अच्छी फिल्में कर रहे थे जो बॉक्स ऑफिस पर सफल हो रही थी, उन्हें अवॉर्ड्स भी मिल रहे थे, लेकिन अच्छा काम नहीं मिल रहा था। विवेक ने कहा कि जब उन्हें बॉलीवुड के एक सेक्शन ने बॉयकॉट कर दिया था, वह उनकी जिन्दगी का सबसे मुश्किल फेज था।